दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी संपादक - डा.के.के.संधू प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 8 अंक 243 बुधवार 3 सितम्बर, 2025 Wednesday 3 September , 2025 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 मोब :9416406615,7404278000,9215537704







## करंट से 3 युवकों की मौत

हिसार 2 सितम्बर (निस): हरियाणा के हिसार में मंगलवार को बारिश के बीच 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार टूटकर बाइक सवार 4 युवकों पर गिर गई। इस हादसे में 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित गोगामेड़ी से दर्शन कर अपने गांव लौट रहे थे। घटना मिर्जापुर रोड पर दर्शना एकेडमी के सामने हुई। मृतकों की पहचान ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## हरियाणा सरकार ने आपदा पीड़ितों के लिए बढ़ाया मदद का हाथ

# प्राकृतिक आपदा से प्रभावित पंजाब व जम्मू-कश्मीर को हरियाणा सरकार की ओर से पाँच-पाँच करोड़ की सहायता राशि की जारी

चंडीगढ़, 2 सितम्बर (अमृतपाल सिंह) हरियाणा सरकार ने भारी वर्षा से उत्पन्न आपदा की मार झेल रहे पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ गहरी एकजुटता प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से दोनों राज्यों को पाँच-पाँच करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की है । इस सहायता राशि का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुँचाना तथा दोनों राज्यों में चलाए जा रहे बचाव और पुनर्वास कार्यों को सशक्त बनाना है।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला को लिखे पत्र में कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में हरियाणा सरकार एवं प्रदेश की जनता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर



खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा और बाढ़ की स्थिति से आमजन को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में पड़ोसी राज्य और मित्र की भूमिका निभाना हरियाणा सरकार का कर्तव्य है।मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि प्रभावित लोगों तक शीघ्र और पर्याप्त सहायता पहुँचाने के लिए हरियाणा सरकार हर संभव सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की अतिरिक्त राहत सामग्री या सहायता की आवश्यकता हो तो निःसंकोच अवगत कराएं, हरियाणा सरकार तुरंत आवश्यक मदद उपलब्ध करवाएगी।मुख्यमंत्री श्री

### अतिरिक्त राहत सामग्री भी तुरंत उपलब्ध करवाने का दिया आश्वाशन

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित लोगों के चेहरों पर आशा और राहत लौटाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हरियाणा सरकार इस दिशा में अपना योगदान सुनिश्चित करेगी, ताकि संकट की इस स्थिति में कोई भी परिवार अपने को अकेला न महसूस करे।उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान को पत्र लिखकर आपदा की इस घड़ी में मानवता और भाईचारे के नाते हरियाणा सरकार की ओर से सहयोग की पेशकश की थी ।

# बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गाली, देश की हर महिला का सम्मान मेरा फर्जः विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

## सशक्त महिलाएं विकसित भारत का आधार - पीएम नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली/पटना 2 सितम्बर (निस): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने 105 करोड़ रुपए की राशि को जीविका निधि में ट्रांसफर किया। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, आज प्रधानमंत्री मोदी जीविका निधि का शुभारंभ कर रहे हैं। इस कार्य से स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदीयों को ऋण राशि प्राप्त करने में सुविधा होगी। राज्य सरकार




ने इस कार्य के लिए 1 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

**बिहार की माताओं-बहनों की मिलेगी नई सुविधा** - वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं- बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है- जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भुत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार की एनडीए सरकार का भी अभिनंदन करता हूं।

**सशक्त महिलाएं विकसित भारत का आधार** - उन्होंने आगे कहा, विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार है, भारत की सशक्त महिलाएं। महिलाओं को सशक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि उनकी जिंदगी से हर प्रकार की मुश्किलें कम हों। इसलिए हम माताओं-बहनों-बेटियों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए अनेक काम कर रहे हैं। हमने महिलाओं के लिए करोड़ों शौचालय बनवाए, ताकि उन्हें खुले में शौच की मजबूरी से मुक्ति मिले। हमने पीएम आवास योजना के अंतर्गत पक्के घर बनवाए और इसमें ये भी ध्यान रखा कि वो घर हो सके तो( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए, केजरीवाल की अनुपस्थिति खल रही-बडिंग

चंडीगढ़, 2 सितम्बर (अमृतपाल सिंह) पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने देश के उत्तरी हिस्से में दो राज्यों और एक



केंद्र शासित प्रदेश में आई विनाशकारी बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग करते हुए, पूछा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करके मौके का जायजा क्यों नहीं ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत और पुनर्वास की व्यवस्था करने में पूरी तरह विफल रही है। इसके अलावा, वड़िंग ने पंजाब में बाढ़ से हुए भारी नुकसान के बावजूद आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की चुप्पी और अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए हैं। जबकि केजरीवाल पंजाब से ज़्यादा दिल्ली में नज़र आते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखे एक नोट के ज़रिए पूछा है कि क्या माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# घग्घर नदी एवं सतलुज के उफान ने फिर खतरा बढ़ाया

## लगातार बारिश से राहत कार्य प्रभावित, लोगों की बदहाली देख भावुक हुए सीएम

गुरदासपुर/पठानकोट 2 सितम्बर (निस) पंजाब में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनती जा रही है। दो दिन से चल रही बारिश कारण जहां कोई राहत नहीं मिल रही वहीं कुछ इलाकों में राहत सामग्री भेजने में भी दिक्कत आ रही है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। कारोबार ठप्प पड़े हैं। रोजमर्रा के कामकाज करने वाले बुरी तरह से प्रभावित हो गए हैं। जबकि बारिश से अभी राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है।





**फाजिल्का** के सीमावर्ती इलाके में बाढ़ आ गई है। सतलुज नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिला प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार मुस्तैदी से काम कर रहा है, लेकिन जलस्तर में और वृद्धि और बिगड़ते हालात को देखते हुए अब फाजिल्का में भारतीय सेना को तैनात कर दिया गया है। अब 67 इन्फेंट्री ब्रिगेड के अधिकारी सुशील चांदवानी के निर्देशानुसार फाजिल्का में भारतीय सेना के जवानों को तैनात किया गया है। ये जवान न केवल बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पीएम मोदी देश के लिए जीते हैं..राहुल विदेशी हितों के लिए सरगर्म-गिरिराज

पटना, 2 सितम्बर (निस) लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया देकर आरोप लगाया है कि राहुल गांधी विदेशी हितों के लिए काम करते हैं।



केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के लिए जीते हैं, जबकि राहुल गांधी जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों के साथ मिलकर काम करते हैं, जो भारत में आंतरिक कलह करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी मुझे लगता है कि राहुल गांधी भारत के नागरिक हैं भी या नहीं।यह पूरा मामला राहुल गांधी के बयान से शुरू हुआ, इसमें उन्होंने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा था कि वे जल्द ही इस संबंध में एक हाइड्रोजन बम छोड़ूंगा। राहुल गांधी ने यह बात मतदाता अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर कही, इसका उद्देश्य मतदाता अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का विरोध करना था।राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान से पहले, उन्होंने महादेवपुरा में हुए कथित वोट चोरी को परमाणु बम कहा था। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलकर कहा कि महात्मा गांधी की हत्या करने वाली ताकतें अब भारत के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं।

# पटरी पर लौट रहे हैं भारत-चीन संबंध, एससीओ समिट की सफलता पर बोले पीयूष गोयल

नई दिल्ली, 2 सितम्बर (निस) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और जैसे-जैसे सीमा से जुड़े मुद्दों का समाधान होगा, तनाव भी कम होता जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में दोनों देशों ने भारत-चीन सीमा विवाद का



निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने पर सहमति जताई। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई 'मानवता के प्रति कर्तव्य' है।बैठक में दोनों देशों ने एक-दूसरे की अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक व्यापार स्थिरता में भूमिका को मान्यता दी और व्यापार एवं निवेश संबंधों को और बढ़ाने का संकल्प लिया। पत्रकारों ने जब गोयल से पूछा कि क्या भारत-चीन संबंधों में सुधार के बाद प्रेस नोट-3 (पीएन3) नियम में ढील दी जाएगी, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा एससीओ बैठक का हिस्सा नहीं था।

## मणिपुर के दौरे पर जा सकते हैं पीएम मोदी.....दौरे को लेकर तैयारी शुरु

इंफाल, 2 सितम्बर (निस) मणिपुर हिंसा शुरू होने के बाद से ही विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है, कि प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी विदेश के कई दौरे कर आए, लेकिन अब तक मणिपुर क्यों नहीं गए। लेकिन अब खबर आ रही हैं कि 13 सितंबर को पीएम मोदी मिजोरम के दौरे पर जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इसी बीच वो मणिपुर का भी दौरा कर सकते हैं। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने राज्य में एक वीवीआईपी के प्रस्तावित दौरे के संबंध में तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की। प्रशासन के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।मणिपुर प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि 30 अगस्त को राज्य सचिवालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि 'वीवीआईपी के दौरे के लिए भव्य तैयारियों की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव ने पुलिस को इंफाल के कांगला और चुराचांदपुर जिले के पीस ग्राउंड में समारोह स्थलों पर 'ब्लू बुक के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था' सुनिश्चित करने को कह दिया है। 'ब्लू बुक' का मतलब है( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# हम यह आदेश नहीं देंगे कि आधार नागरिकता का अंतिम प्रमाण है-सुप्रीम कोर्ट ने मांग को किया खारिज

नई दिल्ली 2 सितम्बर (निस): सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों उस मांग को खारिज कर दिया जिसमें चुनाव आयोग को आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने का निर्देश देने की बात कही गई थी ताकि लोग एसआईआर के बाद तैयार बिहार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकें। कोर्ट ने कहा कि आधार की स्थिति को कानून में तय सीमा से आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की



युगल पीठ ने पहले कहा था कि वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य दस्तावेजों के साथ आधार एक पहचान दस्तावेज हो सकता है। वहीं, सोमवार को कोर्ट ने कहा कि आधार वेरिफिकेशन के लिए दस्तावेजों में से एक होगा। जब राजद के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनाव आयोग कोर्ट के आदेश के बावजूद मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों के लिए आधार को पहचान के एकमात्र प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं कर रहा है, तो पीठ ने कहा कि हम आधार अधिनियम द्वारा( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# हरियाणा में सिंचाई व्यवस्था होगी सुदृढ़, 315 करोड़ रुपये से होगा माइनरों का कायाकल्प

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता हुई बैठक में दी गई मंजूरी

### यमुना वाटर सर्विस, लोहारु वाटर सर्विस और जवाहर लाल नेहरु सर्कल के तहत लगभग 54 परियोजनाओं को किया जाएगा क्रियान्वित

**चंडीगढ़, 2 सितम्बर ( अमृतपाल सिंह ):** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं कारगर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की एक अहम बैठक में राज्य में माइनर्स के व्यापक रीमॉडलिंग (पुनर्निर्माण एवं सुधार) कार्य योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके तहत लगभग 54 अलग - अलग परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा और इस पूरी परियोजना पर लगभग 315 करोड़



रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत नहरों की गहराई, चौड़ाई एवं ढांचे को आधुनिक तकनीक से सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि सिंचाई जल की आपूर्ति समय पर और पर्याप्त रूप से किसानों तक पहुँच सके। इस पूरी परियोजना के तहत विभिन्न नहरी सर्कलों के तहत 30 कैनाल का पुनर्वास तथा 24 कैनाल की रिमॉडलिंग की जाएगी।उन्होंने कहा कि इससे किसानों की फसलों को पर्याप्त सिंचाई जल मिलेगा, भूमिगत जल स्तर पर दबाव कम होगा और प्रदेश में कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या पर भी काबू पाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नकारात्मक सोच लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा के विपरीत है - अनिल विज

**चंडीगढ़, 2 सितम्बर ( निस ):** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नकारात्मक सोच लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा के विपरीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में भी चुनाव परिणामों में अंतर आता रहा है, लेकिन हमने कभी इसे बमों से जोड़कर विवादित नहीं बनाया। श्री विज ने कहा कि राहुल गांधी को यह याद रखना चाहिए कि उनकी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी का चुनाव इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तकनीकी आधारों पर निरस्त किया था। क्या उस समय भी किसी ने इसे एटम बम, हाइड्रोजन बम या नाइट्रोजन बम कहा था?श्री विज यहां चण्डीगढ में मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब दे रहे थे।ऊर्जा



मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग हर राजनीतिक दल को चुनाव प्रक्रिया पर निगरानी के पूरे अधिकार देता है। हर बूथ पर बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त किए जा सकते हैं। ऐसे में यदि कांग्रेस को चुनाव आयोग पर सवाल उठाना है तो पहले अपने बीएलए की भूमिका भी स्पष्ट करनी होगी।

**अंबाला में प्रशासन ने समय रहते प्रभावी कदम उठाए, जिसके कारण पूरा शहर सुरक्षित रहा - विज** - अंबाला में बाढ़ संबंधी हालात पर जानकारी देते हुए श्री विज ने बताया कि प्रशासन ने समय रहते प्रभावी कदम उठाए, जिसके कारण पूरा शहर सुरक्षित रहा। केवल कुछ घर, जो तटबंध के भीतर बने थे, प्रभावित हुए। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर रहने व भोजन की व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ को भी मौके पर बुलाया गया और हालात पर लगातार नजर रखी गई।

**टांगरी नदी के किनारे आठ किलोमीटर लंबा तटबंध बनाया गया है, जिससे शहर बाढ़ से सुरक्षित रहा - विज**

श्री विज ने कहा कि सरकार के प्रयासों से टांगरी नदी के किनारे आठ किलोमीटर लंबा तटबंध बनाया गया है, जिससे शहर बाढ़ से सुरक्षित रहा। इस बार टांगरी नदी का जलस्तर 38,000 क्यूसेक तक पहुंचा, जो ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पृष्ठ एक का शेष...

### बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गाली, देश की ...

महिलाओं के नाम पर हो। महिला जब घर की मालकिन होती है, तो उसकी आवाज का भी वजन बढ़ जाता है।

**मुफ्त राशन योजना चला रही सरकार** – प्रधानमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार आज मुफ्त राशन की योजना भी चला रही है। इस योजना ने हर मां को, इस चिंता से मुक्ति दिलाई है कि आज घर में बच्चों का पेट कैसे भरेगा। महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए हम उन्हें लखपति दीदी, ड्रोन दीदी और बैंक सखी भी बना रहे हैं। ये सारी योजनाएं माताओं–बहनों की सेवा का एक बहुत बड़ा महायज्ञ है। आज इस कार्यक्रम में मैं आपको ये भरोसा देता हूं कि आने वाले महीनों में बिहार की एनडीए सरकार इस अभियान को और तेज करने जा रही है।

**पूजा की परंपरा, मां के प्रति श्रद्धा बिहार की पहचान**

कुछ दिनों बाद नवरात्र का पावन पर्व शुरू होने वाला है। पूरे देश में नवदुर्गा की पूजा होगी, यानी मां के नौ रूपों की पूजा होगी। लेकिन, बिहार और पुरबिया इलाके में नवदुर्गा के साथ सतबहिनी पूजा की परंपरा भी पीढियों से है। मां के रूप में सात बहनों की पूजा की परंपरा, मां के प्रति श्रद्धा और विश्वास, ये बिहार की पहचान है।

**राजद–कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं** – उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। उन्होंने कहा, बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। बिहार में राजद–कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की मां–बहन–बेटी का अपमान है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे पता है कि आप सबको भी ये देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है। इसलिए, आज जब इतनी बड़ी तादात में बिहार की लाखों माताओं–बहनों के दर्शन मैं कर रहा हूं, तो आज मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं। ताकि आप माताओं–बहनों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं।

### घग्घर नदी एवं सतलुज के उफान ने फिर ...

पहुंचा रहे हैं, बल्कि घर बैठे लोगों को राशन भी पहुंचा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों को हर जरूरी चीज मुहैया कराई जा रही है।

**जब बाढ़ पीड़ितों की हालत देख रो पड़े सीएम मान**–पंजाब में बाढ़ ने तबाही मचा रखी है और लोग त्राहि–त्राहि कर रहे हैं। चारों तरफ हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज फिरोजपुर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ की मार झेल रहे सरहदी गांवों के लोगों से मुलाकात की और उनकी परेशानियां सुनीं। इतने गंभीर हालात देखकर और लोगों की बदहाली देखकर मुख्यमंत्री मान की आंखों में भी आंसू आ गए। बाढ़ पीड़ित एक महिला ने अपना दुख सुनाते हुए कहा कि सब कुछ बह जाएगा और हमारा कुछ भी नहीं बचेगा। इस पर मुख्यमंत्री भावुक होकर बोले कि सब कुछ ठीक हो जाएगा, यह प्राकृतिक आपदा है और सब कुछ मुझ पर छोड़ दो। बताने योग्य है कि मुख्यमंत्री मान न केवल बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं, बल्कि बाढ़ प्रबंधन पर भी व्यक्तिगत रूप से नजर रख रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करने के सख्त निर्देश दिए हैं। आज मुख्यमंत्री की ओर से एक उच्च स्तरीय बैठक भी की जाएगी जिसमें पूरे राज्य में चल रहे राहत कार्यों की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। बैठक में बाढ़ के खतरे से बचाव के लिए अन्य जरूरी कदम उठाने पर भी चर्चा होगी।

**बारिश ने मचाई तबाही, 7 घरों की छतें गिरी**–पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण गांवों में भारी नुकसान हुआ है और यह नुकसान अब सिर्फ फसलों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि घरों तक भी पहुंच गया है। फरीदकोट के एरिया सादिक के पास घुद्दूवाला गांव में बारिश से लगभग 15 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और लगभग 7 घरों की छतें गिर गई हैं, दीवारें ढह गई हैं और 8 से ज्यादा घरों की दीवारों में दरारें आ गई हैं और ये कभी भी गिर सकती हैं। गांव के सरपंच जयदीप सिंह बराड़ और पूर्व सरपंच गुरजंट सिंह बराड़ ने बताया कि सतपाल सिंह पुत्र जैमल सिंह, याकूब सिंह पुत्र निर्मल सिंह, अमृतपाल सिंह पुत्र जैमल सिंह, लखविंदर सिंह पुत्र जरनैल सिंह, कुलविंदर सिंह पुत्र जरनैल सिंह, भोला सिंह पुत्र मंदर सिंह, महिंदर सिंह पुत्र जंगीर सिंह और धर्मशाला सहित कई गरीब परिवारों के घरों की छतें गिर गई हैं।

**भाखड़ा मुख्य मार्ग घंटों तक बंद, अधिकारी व कर्मचारी परेशान**

नंगल : नंगल–भाखड़ा मुख्य मार्ग पर लैंडस्लाडिंग के कारण यह अतिसंवेदनशील मार्ग कई घंटों तक अवरूद्ध रहा और भाखड़ा बांध को ड्यूटी पर जाने और वहां से ड्यूटी करके वापिस आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार–पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15–ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार–पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नकारात्मक सोच लोकतंत्र की स्वस्थ ...

पिछले रिकॉर्ड 35,000 क्यूसेक से अधिक है, फिर भी शहर में पानी नहीं घुसा। उन्होंने यह भी बताया कि टांगरी की खुदाई को गहराई तक करने का काम मंजूर हो चुका है, और गहरा करने का कार्य शुरू भी हो चुका था लेकिन कुछ राजनीतिक पार्टियों के लोगों ने इसे रूकवाने की कोशिश की परंतु मानसून के बाद पुन: शुरू कराया जाएगा। महेशनगर ड्रेन और ब्वायल ड्रेन को पक्का करने का कार्य किया गया है। शहर में पानी निकासी के लिए 200–200 क्यूसेक क्षमता के आधुनिक पंप लगाए गए हैं, साथ ही जनरेटर और हॉट लाइन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

**लगातार बारिश को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अपना विदेशी दौरा रद किया- विज**

लगातार बारिश से उत्पन्न हालातों पर श्री विज ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अपना विदेशी दौरा रद्द कर दिया है और प्रशासन की छुट्टियाँ भी स्थगित कर दी गई हैं। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मुख्यालय पर रहेंगे तथा जरूरत के अनुसार राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार से भी सहयोग की पेशकश की है। श्री विज ने कहा कि आपदा में राजनीतिक मतभेदों को किनारे रखकर सबको मिलकर काम करना चाहिए''।

### हरियाणा में सिंचाई व्यवस्था होगी सुदृढ़, 315 करोड़ रुपये ...

निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और माइनरों के लेवल में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए।

**यमुना वाटर सर्विस, लोहारू वाटर सर्विस और जवाहर लाल नेहरू सर्कल के तहत लगभग 54 परियोजनाओं को किया जाएगा क्रियान्वित** – बैठक में जानकारी दी गई कि यमुना वाटर सर्विस सर्कल, भिवानी के तहत 41 परियोजनाओं, यमुना वाटर सर्विस सर्कल, करनाल के तहत 1 तथा यमुना वाटर सर्विस सर्कल, रोहतक के तहत 2 परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार लोहारू वाटर सर्विस सर्कल भिवानी के अंतर्गत 7 परियोजनाओं और जवाहर लाल नेहरू सर्कल रेवाड़ी के तहत 3 परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इन कार्यों को नाबार्ड की सहायता से क्रियान्वित किया जाएगा। इन परियोजनाओं के तहत माइनरों के किनारों को मज़बूत और ऊँचा करना, लाइनिंग की मरम्मत व पुनर्वास, पाइपलाइन बिछाना, हेड रेगुलेटर, साइफन, पुलिया और आउटलेट की मरम्मत इत्यादि कार्यों को किया जाएगा, जिससे लीकेज खत्म होगी और पानी की बचत भी होगी तथा संभावित क्षेत्रों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इनसे भिवानी, रोहतक, जींद, चरखी दादरी, रेवाड़ी, सोनीपत और करनाल जिलों को लाभ मिलेगा।बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री मोहम्मद शाइन, वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री सी.जी. रजीनीकांथन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के इंजीनियर–इन–चीफ श्री सतबीर कादियान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### हम यह आदेश नहीं देंगे कि आधार नागरिकता का अंतिम ...

तय सीमा से आगे आधार की स्थिति नहीं बढ़ा सकते हैं। हम पुट्टस्वामी फैसले में आधार को बरकरार रखते हुए पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा कही गई बातों से भी आगे नहीं जा सकते हैं। आधार अधिनियम की धारा 9 कहती है कि आधार संख्या या उसका प्रमाणीकरण, अपने आप में किसी आधार संख्या धारक के संबंध में नागरिकता या निवास का कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगा या उसका प्रमाण नहीं होगा। सितंबर 2018 के पुट्टस्वामी मामले के फैसले में सुप्रीम कोर्ट की पांच–जजों की बेंच ने कहा था कि आधार संख्या अपने आप में नागरिकता या निवास के अधिकार का प्रावधान नहीं करती है।जब राजनीतिक दलों समेत अन्य याचिकाकर्ताओं के वकील आधार को पहचान के बायोमेट्रिक प्रमाण से बढ़ाकर मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए नागरिकता का प्रमाण बनाने की मांग में शामिल हुए, तो पीठ ने पूछा कि आधार पर इतना जोर क्यों दिया जा रहा है? हम यह आदेश नहीं देंगे कि आधार नागरिकता का अंतिम प्रमाण है।चुनाव आयोग की ओर से सीनियर एडवोकेट ने कहा कि आधार के लिए बार–बार दलील इसलिए दी जा रही है क्योंकि बिहार में कुछ जिले ऐसे हैं जहां आधार सैचुरेशन 140 फीसदी है। इसका मतलब है कि वहां बड़े पैमाने पर फर्जी पहचान पत्रों का प्रचलन है। केंद्र ने बार–बार इस बात पर प्रकाश डाला है कि कैसे अवैध बांग्लादेशी प्रवासी और रोहिंग्या कुछ राज्यों में धोखाधड़ी से आधार कार्ड बनवाने में कामयाब रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे अपने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और बूथ स्तर के एजेंटों को सक्रिय करें ताकि वे उन लोगों की पहचान कर सकें जिनके नाम मसौदा मतदाता सूची से गलत तरीके से हटा दिए गए हैं। ऐसे लोगों को चुनाव आयोग के बूथ स्तर के अधिकारियों के समक्ष दावा दायर करने में मदद करें ताकि उनका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

### करंट से 3 युवकों की ...

सुलखनी गांव के रहने वाले बंटी, संदलाना गांव के राजकुमार और अमित के रूप में हुई है। तीनों के शव सिविल अस्पताल में रखवाए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शी कपूर सिंह ने बताया कि घटना के बाद लोगों ने युवकों को तड़पता देख पावर हाउस में फोन किया, लेकिन बिजली सप्लाई आधे घंटे बाद काटी गई।

### बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए, केजरीवाल की...

मोदी जी को पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा नहीं करना चाहिए? वड़िंग ने कहा है कि चूँकि वह एससीओ सम्मेलन से लौट आए हैं, इसलिए हमें उम्मीद है कि वह पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे और राज्य के लिए तत्काल बाढ़ राहत पैकेज की घोषणा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने ज़ोर देते हुए कहा कि बाढ़ से हुई तबाही की गंभीरता को देखते हुए इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि न केवल पंजाब, बल्कि हिमाचल प्रदेश और जम्मू–कश्मीर के कुछ हिस्से भी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। साथ ही, आप नेताओं पर निशाना साधते हुए, वड़िंग ने पार्टी नेतृत्व से पूछा है कि अरविंद केजरीवाल कहाँ हैं! जिस पर उन्होंने पूछा है कि क्या पंजाब सिर्फ़ चुनाव जीतने के लिए है,ताकि आप का ख़ज़ाना भरकर पूरे भारत में चुनाव लड़े जा सकें और पंजाब का पैसा दूर–दराज़ के राज्यों में चुनाव प्रचार पर खर्च किया जा सके।

### मणिपुर के दौरे पर जा सकते हैं पीएम मोदी.....

भारत सरकार की विशेष सुरक्षा मार्गदर्शिका, जिसमें वीवीआईपी की सुरक्षा के नियम और मानक दर्ज होते हैं।उन्होंने बताया कि वीवीआईपी के प्रस्तावित दौरे के दौरान नवनिर्मित सचिवालय और अन्य पूरी हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन हो सकता है। इस बीच, मणिपुर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने 30 अगस्त को सभी पुलिस अधीक्षकों और क्षेत्राधिकारियों को जारी आदेश में कहा कि 'सात से 14 सितंबर तक ड्यूटी की अनिवार्यता को देखकर अत्यधिक आपात स्थिति को छोड़कर इस अवधि के दौरान किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को कोई छुट्टी नहीं दी जानी चाहिए।' मिजोरम में अधिकारियों ने बताया था कि प्रधानमंत्री मोदी नए बैराबी–सैरांग रेलवे का उद्घाटन करने के लिए 13 सितंबर को मिजोरम आ रहे है।

## नगर निगम ने दुकानों का किराया जमा न करवाने पर 7 किराएदारों पर की कार्रवाई

**करनाल, 2 सितंबर ( रविन्द्र मलिक ):** नगर निगम की दुकानों का किराया न चुकाने की सूरत में निगम के प्रवर्तन दल ने कड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई में हरदेव सिंह मार्केट, बांसो गेट व ज्ञान भूषण मार्केट क्षेत्र की 7 दुकाने शामिल थी, जिसमें से हरदेव सिंह मार्केट की दुकान नम्बर 19 को बकाया न चुकाने की सूरत में सील कर टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। इसके किराएदार पर 1 लाख 82 हजार 346 रुपये बकाया था। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई में 7 दुकानों में 4 हरदेव सिंह मार्केट, 2 बांसो गेट तथा 1 दुकान ज्ञान भूषण मार्केट की थी, जिन पर कुल 31 लाख 58 हजार 291 रुपये बकाया चला आ रहा था। बकाया जमा करवाने के लिए कई बार नोटिस दिए गए और किराया शाखा के अधिकारी–कर्मचारी ने व्यक्तिगत तौर पर भी जाकर बकाया किराया जमा करवाने को कहा, परंतु किराएदारों ने उसे गम्भीरता से नहीं लिया। उन्होंने बताया कि जैसे ही टीम उपरोक्त मार्केट में कार्रवाई के लिए पहुंची, किराएदारों में दुकान सील होने का भय बन गया। नगर निगम के प्रवर्तन दल ने जैसे ही सीलिंग की कार्रवाई शुरू की, तो हरदेव सिंह मार्केट की दुकान नम्बर 14, 20 व 21, बांसो गेट क्षेत्र की दुकान नम्बर 6 व 8 तथा ज्ञान भूषण मार्केट की दुकान नम्बर 1 की ओर से कुल 22 लाख 95 हजार 891 रुपये बकाया राशि मौके पर ही टीम को चुका दी और दुकान को सील होने से बचा लिया। इस दौरान हरदेव सिंह मार्केट की दुकान नम्बर 19 के किराएदार की ओर से बकाया राशि जमा नहीं करवाई गई, जिसके चलते दुकान को सील कर टीम ने निगम टीम ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि खास बात यह रही कि सीलिंग की कार्रवाई से बचने के लिए बांसो गेट क्षेत्र की ही दुकान नम्बर 6 व 24 के किराएदारों की ओर से भी 5 लाख 31 हजार 223 रुपये बकाया राशि नगर निगम के खजाने में जमा करवा दी गई। इस प्रकार सीलिंग की कार्रवाई से बचने के लिए कुल 28 लाख 27 हजार 114 रुपये की किराएदारों से रिकवरी की गई। उन्होंने बताया कि सीलिंग कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए निगम के कार्यकारी अभियंता ओ.पी. करदम को ड्यूटि मजिस्ट्रेट लगाया गया था। इस दौरान सहायक राम सिंह, निगम की टीम तथा पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने निगम के सभी किराएदार दुकानदारों को चेताते हुए कहा कि वह जल्द से जल्द दुकान का किराया नगर निगम के कोष में जमा करवा दें, अन्यथा सम्बंधित दुकान को सील कर नगर निगम में अपने कब्जे में ले लेगा। उन्होंने बताया कि डिफाल्टर किराएदारों की दुकानों को सील कर कब्जे में लेने की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। जो किराएदार बकाया रेंट को नगर निगम के खजाने में जमा करवा देता है, वह दुकान सील नहीं होगी। लेकिन नोटिस प्राप्त करने के बाद भी जो बकाया रेंट जमा नहीं करवाएगा, उसकी दुकान को अवश्य कब्जे में लिया जाएगा।

## अब समझा रहे, अगली बार सड़क पर सामान मिला तो करेंगे जब्त, साइन बोर्ड करेंगे नष्ट : अनिल यादव

*स्पेशल ऑफिसर ने रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुकानदारों को समझाते हुए दी चेतावनी*



**यमुनानगर, 2 सितंबर ( दिनेश कुमार ):** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्पेशल ऑफिसर (सेनिटेशन) अनिल कुमार यादव (एचसीएस) के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को सड़क पर सामान न रखने और खुले में कचरा न डालने के प्रति जागरूक किया। जिस दुकानदार का सामान दुकान के बाहर सड़क पर मिला, उसे उठवाकर अंदर रखवाया गया। जिस दुकान के बाहर कचरा मिला, उसे उठवाया गया। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि अब केवल समझाया जा रहा है, अगली बार दुकान पर दुकान के बाहर सड़क पर सामान मिला तो उसे जब्त किया जाएगा और बड़ा चालान किया जाएगा। इस दौरान सड़क किनारे खड़ी रेहड़ी संचालकों को भी स्ट्रीट वेंडिंग जोन में शिफ्ट होने की हिदायत दी गई। स्पेशल ऑफिसर (सेनिटेशन) अनिल कुमार यादव (एचसीएस) ने कुछ दिन पहले शहर के दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें सड़क पर सामान न रखने के निर्देश दिए थे। इसी के चलते देर शाम स्पेशल ऑफिसर अनिल कुमार यादव, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, सीएसआई अनिल नैन, सीएसआई हरजीत सिंह, सीएसआई विनोद बेनीवाल व निगम कर्मचारी रेलवे रोड पर निकले। उन्होंने शहीद भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन चौक तक डोर टू डोर हर दुकानदार को अतिक्रमण न करने व खुले में कचरा न डालने के प्रति जागरूक किया। स्पेशल ऑफिसर अनिल कुमार ने हर दुकान के अंदर जाकर सफाई व्यवस्था जांची। दुकानदार द्वारा डस्टबिन का इस्तेमाल किया जा रहा है या नहीं। जिन दुकानों में डस्टबिन नहीं मिले, उन दुकानदारों को डस्टबिन रखने और उसमें एकत्रित कचरे को निगम के वाहन में डालने के बारे में समझाया। साथ ही दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक अर्थात प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के प्रति समझाया गया। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि अब किसी के पास प्रतिबंधित पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक मिला तो उसका चालान किया जाएगा। वहीं, जिस भी दुकानदार का सामान सड़क पर मिलेगा, उसे जब्त किया जाएगा। सड़क पर यदि साइन बोर्ड रखा मिला तो उसे जब्त कर नष्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत सड़कों व गलियों को कचरा व अतिक्रमण मुक्त बनाया जा रहा है। वह खुद शहर की सड़कों व गलियों का जायजा ले रहें है। अब सड़कों और गलियों में दुकान, घर, कार्यालयों, होटल आदि के बाहर कुछ भी सामान रखा मिला उसे जब्त किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा रोजाना रात को 10 बजे से 12 बजे तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। निगम की टीम को सड़क और गली में जो भी सामान मिलेगा, उसे उठाकर निगम की गाड़ी में डाल कर जब्त किया जाएगा। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे अपनी दुकान और घर के बाहर सड़क या गली में कोई भी सामान जैसे रेहड़ी, बोर्ड, पुराना मेज, कुर्सी, सरिया, गार्डर, ईंट, रेत, बजरी आदि को स्वयं उठा कर अपने घर या अन्य स्थान पर रख लें। निर्माण कार्य खत्म होने के बाद भी यदि निर्माण सामग्री सड़क या गली में पड़ी है तो उसे भी उठा ले। यदि निगम को कुछ भी सामान सड़क या गली में मिला तो उसे जब्त किया जाएगा। सभी शहरवासी शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।

## जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने लघु बाल भवन नारायणगढ़ में कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

**अम्बाला, 2 सितंबर ( रवि पाहुजा ):** जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने मंगलवार को लघु बाल भवन नारायणगढ़ में चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से बातचीत की और तैनात स्टाफ से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कंप्यूटर टीचर प्रीति ने बताया कि कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स में 199 ट्रेनी अलग–अलग बैचों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, ब्यूटी केयर की टीचर रजनी ने बताया कि ब्यूटी केयर/स्किन केयर कोर्स में 230 ट्रेनी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसी प्रकार सिलाई–कढ़ाई एवं फैशन डिजाइनिंग की टीचर नेहा ने जानकारी दी कि इस कोर्स में 145 ट्रेनी नामांकित हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि लघु बाल भवन नारायणगढ़ में 1 जुलाई 2025 से कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र की शुरुआत की गई है। यह पहल हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा श्रीमति सुमन सैनी, मानद महासचिव डॉ. सुषमा गुप्ता एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के प्रयासों से संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि गरीब एवं अन्त्योदय परिवारों की बहन–बेटियों सहित सभी इच्छुक युवक–युवतियों के लिए यहाँ कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई–कढ़ाई एवं फैशन डिजाइनिंग और ब्यूटी/स्किन केयर जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Anmol Kakkar**
**Civil Judge (Jr. Divn), Karnal**
**CNR No. HRKR02-004281-2023**
**Next Date:- 15-10-2025**
**CS/3194/2023**
Ashok Kumar
Versus
Tehsildar/Circle Revenue Officer
Notice to: Raj Kumar Father:- Gian Chand H.No. 1008, Sector 13, U.E., Karnal
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.**10.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of 28.08.2025
**Sd/- Anmol Kakkar**
**Civil Judge (Jr. Divn), Karnal**

---

**In the Court of**
**Anmol Kakkar**
**Civil Judge (Jr. Divn), Karnal**
**CNR No. HRKR02-004859-2021**
**Next Date:- 03-10-2025**
**CS/2821/2021**
Gurneet Kaur
Versus
Randhir Singh
Notice to: Ranjit Singh S/o Sh. Jiwan Singh S/o Kala Singh, R/o Village Padwala, Tehsil Nilokheri Karnal 2nd address H.No. 27 Ward No. 10 Rajiv Colony Poultary Area Nilokheri Karnal
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **03.**10.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated, this day of 28-08-2025
**Sd/- Anmol Kakkar**
**Civil Judge (Jr. Divn), Karnal**

---

**In the Court of**
**Sh. Aditya Jain**
**Civil Judge Jr. Divn-Cum-JMIC Ist Class,**
**CNR No. HRPP02-001686-2025**
**Next Date:- 30-09-2025**
Sangeeta
Versus
General Public
Notice to: General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **30.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Panipat
Dated, this day of 30-08-2025
**Sd/- Sh. Aditya Jain**
**Civil Judge Jr. Divn-Cum-JMIC Ist Class, Panipat**

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Shreya Bansal**
**Civil Judge (Junior Division), Ambala**
**CNR No. HRAM02-000683-2022**
**Next Date:- 09-10-2025**
**CS 506/2022**
State Bank Of India Branch Office St Shahpur Tehsil A/Cantt Distt Ambala Through its Principal Officer And Manager Ms Ankita Plaintiff
Versus
1, Harinder Singh s/o Ajaib Singh, 2, Sh Ajaib Singh Since Deceased Through Lrs, I) Harinder Singh ii.Bhupinder Singh. iii. Talvinder Singh @Gurvinder Singh All Sons Of Late Sh Ajaib Singh All R/O Village Matheri Shekhon Teh And Distt Ambala. iv. Sukhjinder Kaur. V. Harvinder Kaur D/O Late Sh Ajaib Singh All R/O Village Matheri Shekhon Teh And Distt Ambala.
...........Defendants
Suit For Recovery Rs8,34,582/-
Notice to: 1. Sukhjinder Kaur d/o Late Sh Ajaib Singh R/O Village Gobindgarh P.O. Matheri Sekhan, Tehsil And Distt. Ambala 2. Harvinder Kaur D/O Late Sh Ajaib Singh R/o Village Gobindgarh P.O. Matheri Sekhan, Tehsil And Distt. Ambala
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **09.**10.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Ambala
Dated this day of 28.08.2025
**Sd/- Shreya Bansal**
**Civil Judge (Junior Division), Ambala**

---

**In the Court of**
**Ms. Vinti**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Fatehabad**
**CNR No. HRFT02-000620-2022**
**Next Date:- 18-09-2025**
Sunder
Versus
Vijay Kumar Bajaj
Suit for issuance of money decree against defendant no. 1 and in favor of plaintiff for recovery of sum of Rs. 41,184/-(Rupees forty one thousand one hundred eighty-four only) as per the scheme document (ANNEXURE P-1) and for Issuance of money decree in favor of plaintiff and against defendants regarding apposite compensation (compensation which Honble Court quantify) to plaintiff regarding enormous loss and mental agony suffered by plaintiff due to the deliberate and willful conduct of defendants and/or for Issuance of any decree or order in favor of plaintiff which the Honble Court may deem fit and proper to meet the ends of justice in the peculiar facts and circumstances of this present case.
Notice to: Defendant GAB Gramya Vikas Credit Cooperative Society Ltd, R/o C-7, First Floor, L.D.A. Market, Alambagh, Lucknow (Uttar Pradesh)
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Fatehabad
Dated this day of 02.09.2025
**Sd/- Ms. Vinti**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Fatehabad**

---

**In the Court of**
**Nitika Bansal**
**Civil Judge (Jr. Divn), Karnal**
**CNR No. HRKR02-002007-2025**
**Next Date:- 27-11-2025**
**CS/1593/2025**
Satpal
Versus
General Public
Notice to:General Public, Karnal
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **27.**11.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated this day of 29.08.2025
**Sd/- Civil Judge (Jr. Divn), Karnal**

---

**In the Court of**
**Piyush Chaudhary**
**Civil Judge (Jr. Divn), Yamunanagar**
**CNR No. HRYN02-002171-2025**
**Next Date:- 30-09-2025**
Namdhari Parbandhak Committee Gurudwara through Amar Singh Namdhari
Versus
Chet Singh alias Golu
Notice to:General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **30.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Yamunanagar
Dated this day of 29.08.2025
**Sd/- Civil Judge (Jr. Divn), Yamunanagar**

---

**In the Court of**
**Upendra Singh**
**City Civil Court, Faridabad**
**CNR No. HRFB02-005364-2023**
**Next Date:- 18-09-2025**
Nishant Singh son of Niranjan Singh
Versus
General Public
Under Order V Rule-20, Read With Section 151, of CPC
Notice to: Prerna Singh D/o Niranjan Singh d/o Late Niranjan Singh B-MCF-98 Arya Nagar Mohna Road, Ballabgarh Faridabad Also At- Chamber No-229, 2nd Floor, Lawers Chamber Building District Courts Sector-12 Faridabad
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.**09.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Faridabad
Dated, this day of 01-09-2025
**Sd/- Upendra Singh**
**City Civil Court, Faridabad**

# अब आयुर्वेदिक अस्पताल में रोगियों को मिलेगा नाश्ता

## *रोटी बैंक ने शुरू की पहल, रोजाना 250 एमएल दूध और खाद्य सामग्री मिलेगी*

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( दिनेश कुमार ) :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में अब रोगियों को नाश्ता भी उपलब्ध कराया जाएगा। हरियाणा पुलिस एवं आमजन के सहयोग से संचालित रोटी बैंक कुरुक्षेत्र ने यह नई पहल शुरू की है। इसके तहत अस्पताल में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन 250 एमएल दूध सहित पौष्टिक खाद्य सामग्री दी जाएगी। इस पहल से न केवल मरीजों को पौष्टिक आहार मिलेगा, बल्कि उनके आर्थिक बोझ में भी कमी आएगी। रोटी बैंक की इस सेवा पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा संचालित रोटी बैंक जरूरतमंद लोगों को भोजन ही नहीं, बल्कि बच्चों को पाठ्य सामग्री व अन्य जरूरी सामान भी उपलब्ध करा रहा है। यह समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि रोटी बैंक कुरुक्षेत्र द्वारा शुरू की गई यह सेवा वास्तव में मानवीय मूल्यों को जीवंत करती है। रोगियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है, बल्कि उनके परिवारों को भी बड़ी राहत देता है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने कहा कि रोटी बैंक कुरुक्षेत्र की यह पहल मरीजों के लिए बहुत ही सराहनीय कदम है। अस्पताल में भर्ती रोगियों को पौष्टिक आहार और दूध उपलब्ध होना उनके उपचार की प्रक्रिया को और भी प्रभावी बनाएगा। हरियाणा पुलिस और समाजसेवियों द्वारा चलाई जा रही यह मुहिम सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता का बेहतरीन उदाहरण है, जिससे निश्चित ही मरीजों को स्वास्थ्य लाभ में मदद मिलेगी।



आयुष विश्वविद्यालय परिवार ने रोटी बैंक के संस्थापक पूर्व आईजी श्रीकांत जाधव, डॉ. अशोक वर्मा, भारतेन्दु हरीश, राज कुमारी पंवार, पंकज ठकराल, विश्व बेदी, कर्म चंद, नरेश मेहता, नरेश सैनी, डॉ. एम.एम. सिंह, सूरज कमल सेठ व सोहन लाल का आभार जताया।

# पोस्टर मेकिंग में खुशी व स्लोगन में छवि ने मारी बाजी



**यमुनानगर, 2 सितम्बर ( दिनेश कुमार ) :** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की ओर से उद्यमिता पखवाडा सेलीब्रेट किया गया। कार्यक्रम कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ सुरिंद्र कौर के मार्गदर्शन में हुआ। बायोसाइंस विभाग अध्यक्ष डॉ सुनीता कौशिक व आईसीसी कनवीनर विवेक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, स्टार्टअप आइडिया प्रतियोगिता में बढचढ कर भाग लिया। मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष शालिनी छाबडा व वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी सैनी, विकास वालिया निर्णायक मंडल में शामिल रहें। डॉ सुनीता कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल तथा एआईसीटीई के उद्देश्यों के अनुरूप छात्रों में नवाचार और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। छात्राओं ने अपने-अपने स्टार्टअप आइडिया, बिज़नेस मॉडल तथा वास्तविक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीसीए अंतिम वर्ष की खुशी कुमारी ने पहला, बीसीए द्वितीय वर्ष की राधिका ने दूसरा तथा सिमरन ने तीसरा स्थान अर्जित किया। स्लोगन राइटिंग में बी कॉम अंतिम वर्ष की छवि ने पहला, कल्पना ने दूसरा तथा बी कॉम ऑनर्स अंतिम वर्ष खुशी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। स्टार्टअप आइडिया प्रतियोगिता में बीए मनोविज्ञान ऑनर्स प्रथम वर्ष की मन्नत कांबोज ने पहला, बीए अर्थशास्त्र ऑनर्स अंतिम वर्ष की खुशी सिंगला ने दूसरा तथा बीसीए अंतिम वर्ष की ओजस्वी ने तीसरा स्थान अर्जित किया।

# बजरंग गर्ग ने सेफओन पावर प्यूरीफायर ऑफिस का किया उद्घाटन

**हिसार, 2 सितम्बर ( ब्यूरो ) :** सेफओन पावर प्यूरीफायर कंपनी द्वारा अपना ऑफिस कैमरी रोड पर खोला जिस ऑफिस का उद्घाटन हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने रिबन काटकर किया। उद्घाटन समारोह में भारी संख्या में प्रमुख लोगों ने भाग लिया। उद्घाटन करने के उपरांत मुख्य अतिथि बजरंग गर्ग ने कहा कि कंपनी ने अच्छा प्रोडक्ट निकाला है इसके लगाने से बिजली की पावर कंट्रोल में रहेगी और किसी भी प्रकार का शॉर्ट सर्किट होने से किसी प्रकार की आग नहीं लगेगी। जहां से भी शॉर्ट सर्किट होगा इस प्रोडक्ट को लगाने से वहां पर भी शॉर्ट सर्किट नहीं होगा। उस समय उसी जगह इस प्रोडक्ट के माध्यम से अग्नि वहीं ही रुक जाएगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि हमारी संस्थानों में ऑफिस में एक बार इस प्रोडक्ट को हम लगाकर देखेंगे क्या यह प्रोडक्ट अग्नि कांड को रोकने में सक्षम है क्या नहीं अगर इस प्रोडक्ट से अग्निकांड रूक जाता है तो इस प्रोडक्ट के कारण दुकान, मकान, फैक्ट्री आदि हर जगह शॉर्ट सर्किट से अग्निकांड रोका जा सकता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि यह प्रोडक्ट लगाने पर कम्पनी की तरफ से अग्निकांड होने पर 2.5 करोड़ रुपए का मुफ्त बीमा योजना दी जा रही है, जो योजना उपभोक्ता के हित में है।



इस अवसर पर संदीप श्याम, संजीव त्यागी, सुखबीर बुरा, सूरजमल वर्मा, शशि पंवार, के के तनेजा, प्रदीप नेहरा, सुमित गोयल, सुरेश मान, समीर गर्ग, सुमेर गर्ग, विजय कुमार, बहादुर सिंह, विक्रम वर्मा, पंकज जैन, ईश्वर गर्ग, राजेंद्र बंसल, भारत सोनी, दीप बिश्नोई, शिव कुमार आदि प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# महिलाओं को उच्च शिक्षा देने के लिए शिक्षा ऋण स्कीम के तहत सब्सिडी का प्रावधान : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** डी.सी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा परिवार के पास सीमित साधनों के कारण महिलाओं को उच्च शिक्षा देने के लिए शिक्षा ऋण स्कीम दिया जाता है। अत्यधिक फीस व बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज दर के भार को कम करने के लिए यह लाभ दिया जा रहा है। इसके योजना के तहत हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा एक अप्रैल 2007 से बैकों के माध्यम से महिलाओं व लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज दर पर सब्सिडी देने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि निगम से सब्सिडी प्राप्त करने के लिए आय, जाति का कोई मापदंड नहीं है।

यहां तक की सरकारी कर्मचारियों की लड़कियों को भी शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज की सब्सिडी दी जाती है। ऋण/ सब्सिडी सुविधा देश और विदेश में उच्च शिक्षा व्यावसायिक, शिक्षा तकनीकी शिक्षा, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर, डॉक्टरल, पोस्ट डॉक्टरल लेवल पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान 54 महिलाओं व लड़कियों को 25,14,684 रुपए की सब्सिडी दी गई। इच्छुक महिलाएं व लड़कियां अधिक जानकारी के लिए निगम के जिला कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगम, कोठी नंबर 465/5, मदानो वाली गली कुरुक्षेत्र और फोन नंबर 01744-223658 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान देने के लिए लाभार्थियों के चयन हेतु ड्रा आज : डॉ वजीर सिंह

**करनाल, 2 सितम्बर ( परमजीत कौर ) :** कृषि उप-निदेशक डॉ वजीर सिंह ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2025-26 के तहत कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान देने के लिए लाभार्थियों के चयन के लिए ड्रा ऑफ लॉट्स का आयोजन उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में 3 सितंबर को दोपहर 2:00 बजे लघु सचिवालय (मिनी सेक्रेटेरिएट) में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों के चयन की प्रक्रिया 3 सितंबर, 2025 तक पूरी की जानी है। जिला कृषि उप-निदेशक और सहायक कृषि अभियंता द्वारा दस्तावेजों का अंतिम सत्यापन 8 सितंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। सफल किसान 25 सितंबर, 2025 तक मशीन खरीद सकते हैं। खरीद से संबंधित सभी बिल और दस्तावेज 30 सितंबर 2025 तक अपलोड करना अनिवार्य है। कृषि उप-निदेशक डॉ वजीर सिंह ने बताया की योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसानों से विभाग की वेबसाइट पर 20 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे तथा फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत व्यक्तिगत श्रेणी में 50 प्रतिशत या कृषि विभाग द्वारा अनुमोदित अनुदान राशि (दोनों में से जो भी कम हो) दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया और मशीन प्राथमिकता :** उन्होंने बताया कि ड्रा के माध्यम से किसानों का चयन मशीनों की प्राथमिकता सूची के आधार पर किया जाएगा जिसमें मशीनों को घटते क्रम में प्राथमिकता दी गई है। प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर बेलिंग मशीन है, जिसके बाद ट्रैक्टर माउंटेड लोडर, सेल्फ-प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर , ट्रैक्टर-ड्रॉन टेडर मशीन, स्ट्रॉ रैक, पैडी स्ट्रॉ चॉपर, श्रेडर मल्चर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, हैप्पी सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एम.बी.प्लाउ, सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, क्रॉप रीपर, सरफेस सीडर, स्पैशियल जीरो टिल ड्रिल, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल और अंत में श्रब मास्टर रोटरी स्लैशर शामिल हैं।



सामान्य श्रेणी के किसानों के लिए बेलिंग मशीन के लिए 28 प्रतिशत और बाकी मशीनों के लिए 33 प्रतिशत आवेदकों को सफल घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च प्राथमिकता वाली मशीन के लिए आवेदन करने वाले किसानों को पहले ड्रा में शामिल किया जाएगा, और इनमें से 33 प्रतिशत सफल घोषित किए जाएंगे। एक बार सफल घोषित हो चुके किसानों को अगली प्राथमिकता वाली मशीनों के ड्रा से हटा दिया जाएगा। सफल किसान केवल एक ही मशीन खरीद सकते हैं, जबकि उन्होंने अधिकतम चार मशीनों के लिए आवेदन किया हो सकता है। अनुसूचित जाति (एस.सी) श्रेणी के किसानों के लिए, सभी आवेदक उन सभी मशीनों को खरीद सकते हैं जिनके लिए उन्होंने आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त जिन अनुसूचित जाति के किसानों ने बेलर मशीन के लिए आवेदन किया है, वे स्ट्रॉ रेक और श्रबमास्टर रोटरी स्लैशर भी खरीद सकते हैं।

# एंटी नारकोटिक सेल द्वारा गांव गुलियाना से 2 नशा तस्कर काबू, 230 ग्राम चरस बरामद

**कैथल, 2 सितम्बर ( प्रवेश बहादुर ) :** कैथल जिला को नशा मुक्त करने की मुहिम दौरान एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार नशा तस्करों पर पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा गांव गुलियाना से 2 नशा तस्करों को काबू कर लिया गया, जिनके कब्जे से 230 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम सोमवार को शाम के समय गश्त दौरान गांव गुलियाना बस अड्डा पर मौजूद थी, जहां पर पुलिस पार्टी को गुप्त सूत्रों से खुफिया सूचना मिली कि जिला जींद के गांव संडील निवासी अश्वनी व विकास उर्फ आशु मादक पदार्थ चरस/सुल्फा बेचने का काम करता है, जो अभी कुछ समय बाद गांव गुलियाना से होते हुए गांव ढांडा खेड़ी की तरफ जाएंगे जिनको इसी रास्ते पर नाकाबंदी करके मादक पदार्थ सुल्फा सहित काबु किया जा सकता है। जो सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस द्वारा मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए गांव गुलियाना में नाकाबंदी करके बाइक पर सवार आए संदिग्ध गांव संडील निवासी अश्वनी व विकास उर्फ आशु को काबु कर लिया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार राजौंद सुरेश कुमार के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपियों के कब्जे से 230 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना राजोद में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई राजेश कुमार द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# सेवा ट्रस्ट द्वारा महिलाओं को वितरित की बूस्टर किट, स्वच्छता अभियान की ली शपथ

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** गीता ज्ञान संस्थानं में सेवा ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कुरुक्षेत्र कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में 180 महिलाओं को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी द्वारा डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की गई। यह वितरण सेवा ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से हुआ और इस अवसर पर डाबर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के श्री मनिंदर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान केडीबी 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने उपस्थितजनों से शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए अपने विचार सांझा किए और इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता ही सेवा को एक आंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया। सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने सभी को अपने जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी, पूर्वजो की पुण्यतिथि, धार्मिक और राष्ट्रीय त्योहारों पर शहर के सौन्द्रीयकरण का संदेश दिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सेवा ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट ने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी ली कार्यक्रम में थानेसर खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन, जसबीर राणा, दिलबाग सिंह, रमेश गुप्ता, योगेश गर्ग, सुरेश राणा, डॉ. महीपाल, जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल, तेजस मित्तल, कुसुम और सीमा मोहन नगर, सुनीता सहित आदि उपस्थित रहे।



# बर्बाद हुई फसलों का तुरंत गिरदावरी करवाकर किसानों को दिया जाए मुआवजा : मेवा सिंह

**बाबैन, 2 सितम्बर ( राजेश कुमार ) :** पूर्व विधायक एवं कांग्रेस कमेटी कुरुक्षेत्र के जिलाध्यक्ष मेवा सिंह ने भारी बरसात के चलते बाढ़ की स्थिति दिनों-दिन गंभीर होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार को बचाव एवं राहत कार्य में तेजी लानी चाहिए, जलभराव प्रभावित क्षेत्रों से जलनिकासी का प्रबंध करना चाहिए, इसके साथ ही बर्बाद हुई फसलों की तुरंत गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जाए। मेवा सिंह जिले में कई स्थानों पर हुए जलभराव का निरिक्षण करने के दौरान बाबैन में कांग्रेस नेता रामपाल सैनी के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में शिरक्त करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे बाढ़ प्रभावित और संभावित क्षेत्रो में जाकर लोगों की मदद करें। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश और जलभराव के कारण फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं, जिससे किसान गहरे संकट में हैं। प्रभावित गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए मेवा सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से तुरंत राहत कार्य तेज करने की मांग की है। भाजपा सरकार को तुरंत आगे आकर जनता की मदद करनी चाहिए। बर्बाद हुई फसलों का शीघ्र सर्वे करवा कर उचित मुआवजा दिया जाए। प्रभावित क्षेत्रों में विशेष गिरदावरी करवाई जाए और नुकसान का सही आकलन कर किसानों को राहत राशि प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त आबादी वाले क्षेत्रों में पानी की निकासी के लिए पर्याप्त पंपों का विशेष प्रबंध किया जाए ताकि लोगों के घरों में जलभराव से होने वाले स्वास्थ्य संकट को रोका जा सके। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हर संभव मदद के लिए जनता के साथ खड़ी है और इस कठिन समय में पीड़ितों की आवाज उठाती रहेगी। इस मौके पर रामपाल सैनी, राकेश अग्रवाल, मामचंद प्रजापत, प्रवीन सिंगला व अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



# यमुना क्षेत्र में किसी भी दुर्घटना/आपातकालीन स्थिति से बचने और जनसुरक्षा एवं सम्पति की सुरक्षा को देखते हुए अतिरिक्त जिलाधीश लक्षित सरीन ने जारी किए आदेश

**सोनीपत, 2 सितम्बर ( विनोद ) :** बरसात का मौसम होने व प्रतिदिन भारी वर्षा होने के कारण हथनीकुण्ड बैराज से यमुना नदी में छोड़े जा रहे पानी को लेकर यमुना क्षेत्र में किसी भी दूर्घटना/आपातकालीन स्थिति से बचने और जनसुरक्षा एवं सम्पति की सुरक्षा को देखते हुए अतिरिक्त जिलाधीश लक्षित सरीन ने दी पंजाब विलेज एण्ड स्मॉल टाऊन एण्ड पैट्रोल एक्ट, 1918 की धारा 3 (1) के अधीन निहित शक्तियों को प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। उन्होंने अपने ओदशों में कहा कि यमुना में बढ़ते जलस्तर को लेकर यमुना तट के किनारों, नालों, पुलों, रिंगबंधों की सुरक्षा के लिए विशेष उपाय करने की आवश्यकता है। इसलिए सम्भावित बाढ की स्थिति से निपटने के लिए गाँव में तुरन्त प्रभाव से ठीकरी पहरे लगाकर गश्त करना अतिआवश्यक है। अतिरिक्त जिलाधीश ने कहा कि जिला में यमुना तट के निकट स्थित सभी गांवों की सभी ग्राम पंचायत दिन और रात के समय गश्त डयूटी करने के लिए उतरदायी होगी। इसके अलावा यह भी आदेश दिया जाता है और निर्देशित किया जाता है कि गाँवों में सभी नौजवान पुरुष निवासी सम्बन्धित गांव गश्त ड्यूटी करने के लिए उतरदायी होगें, ताकि यमुना के सभी किनारों, नालों, पुलों, रिंगबंधों की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के तहत ग्राम पंचायतें दी पंजाब विलेज एण्ड स्मॉल टाऊन एण्ड पैट्रोल एक्ट, 1918 की धारा 4 के अनुसार गश्त करना सुनिश्चित करेंगी। इसके अलावा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोनीपत को प्रवर्तन अधिकारी (ईनफोर्समेंट ऑफिसर) नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि ये आदेश आगामी 15 दिनों के लिए जारी रहेंगे।

# उपमंडल पिहोवा और शाहबाद के सभी सरकारी व निजी स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र अगले आदेश तक रहेंगे बंद : विश्राम कुमार मीणा

*नागरिक एवं राहत कार्य के लिए अधिकारियों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश, अपने क्षेत्र में नालियों की सफाई, बाढ़ के पानी की पंपिंग और तटबंध संरक्षण कार्य करना करें सुनिश्चित*

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** जिलाधीश एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि उपमंडल पिहोवा और शाहबाद उप-मंडल में सभी सरकारी और निजी स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र अगले आदेश तक बंद रहेंगे। जलभराव की संभावना को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने यह फैसला लिया है। बरसात व हिमाचल सहित उत्तरी भारत में भारी बरसात के चलते उपमंडल शाहाबाद और पिहोवा के लिए जरुरी आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिले की स्थिति नियंत्रित है, किसी को भी पैनिक होने की जरुरत नहीं है। किसी भी स्थिति की जानकारी और सूचना लेने के लिए कंट्रोल रूम नंबर 01744-221035 में संपर्क करें। उन्होंने अधिकारियों को नागरिक एवं राहत कार्य के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद, नगर पालिका समितियों, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) और पीएचईडी अधिकारी हाई अलर्ट पर रहेंगे। ये विभाग अपने-अपने क्षेत्र में नालियों की सफाई, बाढ़ के पानी की पंपिंग और तटबंध संरक्षण कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जलभराव की स्थिति में आपातकालीन व स्वास्थ्य सेवाएं का प्रबंध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग संवेदनशील गांवों में मोबाइल चिकित्सा इकाइयां तैनात करें, ताकि जरुरत पडने पर समय रहते इलाज दिया जा सके। इसके अलावा पुलिस, अग्निशमन सेवाएं और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक निकासी और बचाव कार्यों के लिए सतर्क रहेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नागरिकों को सलाह देते हुए कहा कि वे घर पर रहें और अनावश्यक यात्रा ना करे। साथ ही नदी के किनारों, असुरक्षित पुलों और मारकंडा नदी से सटी निचली सडक़ों पर जाने से बचें। किसी भी जलभराव की स्थिति या सहायता के लिए, नागरिकों को जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष 01744-221035 पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि जिला कंट्रोल रूम नंबर 01744-221035, शाहाबाद के लिए कंट्रोल रूम 01744-242908, पिहोवा के लिए कंट्रोल रूम 01741-220448 के अलावा हेल्पलाइन नंबर 112, 1077 और 1070 पर संपर्क करें।

# ट्रक चालक का मोबाइल फोन व पर्स चोरी करके धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल, 2 सितम्बर ( प्रवेश बहादुर ) :** साइबर ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही एक ट्रक चालक का मोबाइल फोन व पर्स चोरी करके 3 लाख 9 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई नरेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांव पाई निवासी विक्रम को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता गांव भाणा कोला पट्टी कैथल निवासी कुलदीप की शिकायत अनुसार वह ट्रक ड्राइवर है। 12 जुलाई 2024 को वह ट्रक लेकर पाई अनाज मंडी पहुंचा था। जहां चाय पीने के दौरान वह अपना मोबाइल फोन व पर्स दुकान में स्टूल पर रख दिया और ट्रक की जांच करने के बाद शौचालय चला गया। वापस आने पर मोबाइल और पर्स गायब मिले। पर्स में आवश्यक कागजात और 2500 नकद थे। बाद में मैंने अपने मोबाइल नंबर की डुप्लीकेट सिम निकलवाई। सिम चालू करने के साथ ही उसके आईडीबीआई बैंक खाते से पैसों की कटौती के मैसेज आने लगे। खाता स्टेटमेंट निकालने पर सामने आया कि अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 3,09,982 की रकम निकाली जा चुकी हैं। जिस बारे थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी से व्यापक पूछताछ के लिए अदालत से 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

# सम्पादकीय

## वैष्णो देवी भूस्खलन हादसा बेकसूर श्रध्दालूओं की दर्दनाक मौतें एक त्रासदी?

बेरहम बरसात कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक बहुत मानवीय तबाही कर रही है। लाशों के अंबार लग रहे है लाशों को ढांपने के लिए कफन भी कम पड़ रहे हैं।प्रकृति ने भटक चुके मानव को सबक सीखा दिया है। देश में भूस्खलन की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। हिमाचल व उतराखंड तबाही का दंश झेल रहे है।प्रकृति ने यहां तबाही की जो इबारत लिखी है उसे देखकर आत्मा सिहर उठती है। चारों तरफ तबाही का मंजर नजर हो चुका है।अभी इन दोनो राज्यों में तबाही रुकी भी नहीं थी कि प्रकृति ने जम्मू में नई इबारत लिख दी हैं। जम्मू के कटड़ा स्थित वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन होने से चैतीस श्रध्दालुओं की दर्दनाक मौत हो गई और काफी लोग घायल हो गए। मंगलवार को करीब तीन बजे अर्धकुवारी स्थित इन्द्रप्रस्थ भोजनालय पर पत्थर,चटटानें गिरने लगी इसकी चपेट में बहुत लोग आ गए और बेमोत मारे गए। भूस्खलन में अभी काफी लोग दबे हुए हैं बचाव दल अपना काम कर रहा है। 2025 की बरसात बहुत बेरहम हो चुकी है हर जगह लाशों के ढेर लगा रही हे। शहर दर शहर डूब चूके है।जम्मू के किश्तवाड़,कठुआ और रियासी जिलों में पिछले बारह दिनों में एक सौ छतीस लोगों की मौत हो गई मरने वालों मे एक सौ उनतीस तीर्थयात्री शामिल है।श्रध्दालुओं ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी ऐसी दर्दनाक मौत होगी ।पल भर में जिन्दा लोग लाशों में तब्दील हो गए चारों तरफ चीखो पुकार मच गई बेकसूर श्रध्दालू बदहवाश होकर अपनों को तलाश रहे थे लेकिन उनके अपने लाश बन चुके थे। मलबे में लाशें दब चुकी हैं वैष्णो देवी में प्रकृति का रोद्र तांडव एक बहुत ही दुखद त्रासदी है।प्रकृति के प्रलय से असमय व अकाल ही निर्दोष लोगों को मौत नसीब हो रही है।आपदा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है।हिमाचल प्रदेश,उतराखंड व जम्मू में प्रकृति ने बहुत तबाही मचा दी है यहां हजारों लोग बेघर हो गए और सैंकडों लोग बेमोत मारे जा चुके हैं। बाढ़ में बह चुके लोंगों की लाशें नहीं मिल रही हैं।।बरसात ने गांव के गांव तबाह कर दिए आलिशान आशियाने मिटटी में मिला दिए चंद मिनटों में सब जमीदोज हो गया। देश में कभी भूकंप कभी सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती रहती है तो कभी बाढ का रौद्र रुप जिंदगियां लीलता है।कहते हैं कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं।देश के हर राज्य में बतसात का कहर बरप रहा है। प्रतिवर्ष लाखों लोग आपदा का दंश झेल रहे हैं।हादसों में लोग अपंग हो रहे हैं बच्चे अनाथ होते जा रहे है।प्रकृति से छेड़छाड़ बंद करनी होगी तभी इन हादसों पर रोक लग सकती है। अगर अब भी प्रकृति से खिलवाड़ बंद नहीं किया तो मानव को ऐसी सजाएं मिलती रहेगी। आपदाओं से सबक सीखना चाहिए ताकि आने वाले भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है लेकिन ऐसी त्रासदियां रुकती नहीं हैं। प्रकृति के इस विनाशकारी विभिषिका से बहुत मानवीय तबाही हो रही हैं।परिवार के परिवार उजड़ गए हैं। देश के हर गांव व शहर में बरसात का कहर बरपता जा रहा है।प्रकृति ने मानव को समय समय पर आगाह किया लेकिन आधुनिक मानव मनमानी कर रहा है ओर असमय ही काल के गाल में समाता जा रहा है। मानव को इन त्रासदियों को अनदेखा नहीं करना चाहिए।सर्तकता बरतनी चाहिए कुदरत से छेड़छाड़ पूर्ण रुप से बंद करनी होगी तभी इन हादसों पर रोक लग सकती है।समय अभी संभलने का है।

### कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा– 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी–अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया– 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला–रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक–हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन–गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था। महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई–भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं – हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद–प्रतिष्ठा और सुख–सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठा व्यक्तियों को जन्म देती है। वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन–जन तक पहुंचाती है। वह परंपरा सफल होती है, जो कर्त्तव्य का बोध देती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूजा–प्रतिष्ठा, मान–सम्मान और सुख–सुविधा की अर्थहीन चिंता छोड़कर व्यक्ति अपने जीवन को कर्त्तव्य के लिए समर्पित कर दे।

# त्वरित न्याय मिले, अब तारीख पर तारीख की संस्कृति बदले

– ललित गर्ग



देश के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 75 वर्ष का गरिमामय सफर पूरा किया है। यह केवल एक ऐतिहासिक प?ाव नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को परखने का अवसर भी है। न्यायपालिका ने इन आठ दशकों में अनेक युगांतरकारी फैसले दिये, जिन्होंने संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। किंतु आज सबसे ब?ी चुनौती न्याय में विलंब की है। समय पर न्याय न मिले तो न्याय का वास्तविक अर्थ ही खो जाता है। शायद यही कारण है कि न्यायिक बिरादरी के आयोजनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य न्यायाधीशों ने एक स्वर से कहा कि अब 'तारीख़ पर तारीख़' की संस्कृति को समाप्त करने का समय आ गया है। जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में ब?ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये ब?ी चुनौती है। सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और ब?ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करो? देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को म?बूत करने में न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, ?रीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिला? कम?ोर समूहों का योग्य संरक्षक और करो?ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छो?कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और ?ानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, ब?ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी ची?ों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है–नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा ब? सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान–परेशान हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों ब?ोतरी से पूरा समाज हिला हुआ है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि अपराधियों के मन से कानून का भय लगभग समाप्त हो चुका है। यही कारण है कि अब न केवल कठोर कानून बल्कि त्वरित और निष्पक्ष न्याय की मांग बलवती हो रही है। आज न्यायपालिका के सामने सबसे ब?ी चुनौती है–न्याय में विलंब। जिला अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक करो?ों मामले लंबित हैं। केवल जिला अदालतों में ही सा? चार करो? से अधिक मामले अटके प? हैं। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा को आहत करती है, क्योंकि न्याय में विलंब, न्याय के इनकार के समान है।

दरअसल, लंबित मामलों के पीछे कई कारण हैं–न्यायाधीशों की अपर्याप्त संख्या, अदालती प्रक्रियाओं की जटिलता, अनावश्यक स्थगन, वकीलों द्वारा मुकदमों को खींचना और पुलिस–प्रशासन की लापरवाही। यही वजह है कि अपराधियों के मन से कानून का भय कम होता जा रहा है और आम नागरिक का भरोसा डगमगाने लगता है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था की री? जिला एवं स्थानीय अदालतें हैं। यदि इन स्तरों पर शीघ्र और सस्ता न्याय नहीं मिलेगा, तो सुप्रीम कोर्ट की उपलब्धियां अधूरी मानी जाएंगी। सर्वोच्च न्यायालय समय–समय पर स्वतः संज्ञान लेकर राहत देता रहा है–जैसे हाल ही में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनवाने की पहल। किंतु जिला स्तर पर ऐसी सजगता और सक्रियता नहीं दिखाई देती। इसलिए सुधार की असली शुरुआत निचले स्तर से ही करनी होगी। भारतीय न्याय प्रणाली की विसंगतियां और सुधार की राह जटिल है, लेकिन असंभव नहीं है। दृ? संकल्प एवं कार्ययोजना के साथ आगे ब? तो आजादी के अमृतकाल में हम न्याय प्रणाली को युगांतरकारी मो? दे सकते हैं। देश में जनसंख्या के अनुपात में न्यायाधीशों की संख्या बहुत कम है। ई–कोर्ट, ऑनलाइन सुनवाई, डिजिटल साक्ष्य प्रबंधन जैसे कदम न्याय प्रक्रिया को गति दे सकते हैं। अनावश्यक स्थगन पर अंकुश जरूरी है। क्योंकि स्थगन देने की परंपरा अपराधियों और वकीलों के लिये हथियार बन चुकी है। इस पर क?ा नियंत्रण जरूरी है। पुलिस व जांच एजेंसियों को दायित्वशील एवं जिम्मेदार बनाना होगा। क्योंकि पुख्ता सबूतों और चार्जशीट समय पर दाखिल करने से ही मामलों में शीघ्र निर्णय संभव है। अदालतों के साथ–साथ वकीलों और पुलिस पर भी जवाबदेही तय करनी होगी। महिलाओं, बच्चों और संवेदनशील मामलों के लिये विशेष फास्ट–ट्रैक अदालतों को और मजबूती देनी होगी।न्यायिक प्रकिया से जु? कामकाज की समीक्षा होनी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न मुख्य न्यायाधीशों ने बार–बार निचली अदालतों में न्यायाधीशों की कमी का मुद्दा भी उठाया है। जाहिरा तौर पर संसाधनों की कमी भी न्यायिक प्रक्रिया की गति को प्रभावित करती है। कुछ लोग मानते हैं कि सख्त कानून के साथ ही त्वरित न्याय भी अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना पाएगा। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। यही वजह है कि देश में शीर्ष स्तर पर भी यह धारणा बलवती हो रही है कि विभिन्न हितधारक सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं, जिससे उस धारणा को तो?ा जा सकता है कि न्याय देने वाली प्रणाली तारीख पर तारीख की संस्कृति को ब?ावा देती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष होने पर शीर्ष न्यायिक नेतृत्व लंबित मामलों के निपटारे के लिये नई प्रभावी रणनीति बनाएगा। निस्संदेह, भारतीय न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली जिला अदालतें भी इस दिशा में बदलावकारी पहल कर सकती हैं।

# सामयिक विश्लेषणः टैरिफ नीति से नए ग्लोबल ट्रेड का उदय

– प्रभुनाथ शुक्ल



अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी ने ग्लोबल ट्रेड को लेकर एक नई बहुत छे? दिया है। अमेरिका की यह आर्थिक नीति दुनिया को कहां ले जाएगी यह अपने आप में बड़ा सवाल है। खुद अमेरिका के लिए यह आर्थिक और सामरिक संबंधों पर कितनी कारगर होगी यह वक्त बताएगा। ट्रंप इस आर्थिक नीति से अमेरिका को कितना समृद्ध कर पाते हैं यह देखना होगा। लेकिन ट्रंप की दादागिरी ने ग्लोबल ट्रेड नीति को ब?ा झटका दिया है। अत्यधिक टैरिफ की मार झेल रहे भारत, चीन और रूस जैसे देश नई व्यापार नीति को अंजाम देने के लिए एक मंच पर आ रहे हैं। यह दक्षिण एशिया के लिए जहाँ सुखद है। दूसरी तरफ अमेरिका के भविष्य के लिए चिंतनीय।

अमेरिकी अदालत ने ट्रंप की टैरि? नीति को खारिज कर दिया है। अदालत के फैसले के बाद ट्रंम्प को बड़ा झटका लगा है। सरकार और अदालत के बीच टकराव की स्थित बन सकती है। यह ट्रंप की विदेश नीति के खिलाफ बड़ा फैसला है। अदालत ने ट्रंम्प प्रशासन को 14 अक्टूबर तक का वक्त दिया है, सरकार इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। दुनिया के देशों के लिए यह सुखद फैसला है। क्योंकि अमेरिका में खुद ट्रंप अपनी आर्थिक नीति की आलोचना झेल रहे हैं। दूसरी तरफ अदालत के फैसले के बाद ट्रंप विरोधी और मजबूत होंगे।

अमेरिका की इस पॉलिसी से भारत जैसे देश उसके खिलाफ हो गए। जिस चीन को सबक सिखाने के लिए वह भारत के साथ खड़ा था। वहीं चीन और भारत अब अमेरिकी नीति के खिलाफ एक मंच पर आ रहे हैं। दक्षिण एशिया की दो महाशक्तियां एक मंच पर आ रही है तो ट्रेडवॉर में कुछ नया होने वाला है।जिसमें रूसी राष्ट्रपति पुतिन की खास भूमिका है। इसका बड़ा नुकसान अमेरिका को उठाना पड़ सकता है। इसका असर सिर्फ आर्थिक नीतियों पर ही नहीं ग्लोबल वार, हथियार की हो? और आर्थिक नीति पर भी प?ेगा। ट्रंप के आगे भारत के ना झुकने की पॉलिसी ने अमेरिका की नींद उड़ा दी है।

दुनिया में सबसे अधिक भारत पर 50 फ़ीसदी टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप की यह नीति आर्थिक रूप से भारत की कमर तो?ने की साजिश है। ट्रंम्प भारत को झुकाना चाहते हैं और पाकिस्तान की तरह खुद का पीठलग्गू बनाना चाहते हैं। लेकिन भारत के लिए यह संभव नहीं है। भारत की दुनिया में एक साख है। उसके पास विपुल आबादी है। कृषि आधारित मजबूत अर्थव्यवस्था उसका बेहद मजबूत आधार है। ऐसे हालात में भुखमरी के हालात बनने से रहे आर्थिक नुकसान भले उठाना प?। फिर भारत क्यों झुकेगा।

आर्थिक विश्लेषण और मीडिया रिपोर्ट में यह बताया गया है कि भारतीय निर्यात पर काफी असर पड़ सकता है। टेक्सटाइल, कृषि उत्पादन, आर्नामेंट, चमड़ा, फुटवियर, केमिकल्स और मेडिसिन बाजार को काफी नुकसान उठाना प?ेगा। भारत से करीब 28 फीसदी वस्त्र, कालीन का निर्यात अमेरिका को होता है। भारत के संपूर्ण व्यापार निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 20 फिसदी है। भारत की जीडीपी में है दो फीसदी योगदान है। यह माना जा रहा है कि भारत को अरबों डालर का नुकसान होगा। लेकिन क्या अमेरिका के सामने झुकना भी भारत का ठीक है। समस्याएं आती हैं तो हमें विकल्प भी तलाशना होगा। जिसकी पृष्ठभूमि तैयार करने में भारत जुटा है।

हालांकि ट्रंप की वजह से भारत में नौकरियां जाने का भी खतरा बना है। कई लाख लोग बेरोजगार हो सकते हैं। श्रमप्रधान सेक्टर में सबसे ज्यादा नुकसान का प्रभाव दिख सकता है। टेक्सटाइल, आभूषण, कृषि रत्न जैसे सेक्टर में यह स्थिति दिखाई देगी। केंद्र की मोदी सरकार इससे से निपटने के लिए रणनीति भी बना रही है। फिर भी अगर अमेरिका के साथ बीच में कोई समझौता न हुआ तो भारत को आर्थिक नुकसान तो उठाना पड़ेगा। भारत को अब हर हाल में अमेरिका पर निर्भरता को कम करनी होगी। प्रधानमंत्री का जापान इसके बाद चीन दौरा इसका संकेत है। वहां चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कुछ नया गुल खिलाएगी। ग्लोबल ट्रेड पर कोई नया फैसला हो सकता है। अमेरिका की टैरिफ नीति के खिलाफ एक मजबूत रणनीति बन सकती है। अगर तीनों देशों की तिकड़ी सफल हो गई तो में भविष्य में अमेरिका को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। अमेरिका अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए टैरिफ नीति को अंजाम दिया। लेकिन उसकी इस पॉलिसी में साफ–सुथरी आर्थिक दृष्टि नहीं दिखती। अमेरिका की इस पॉलिसी में ग्लोबल पॉलिटिक्स की गंध आती है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने उसकी भूमिका खारिज कर दी तो चिढ़ गया। भारत, रूस से तेल लेना बंद नहीं किया तो उसका हित टकरा गया। उसने चीन के खिलाफ जहां 30 फ़ीसदी टैरिफ लगाया वहीं भारत के खिलाफ 50 फीसदी। यह ट्रंप की पारदर्शी टैरि? नीति नहीं है। ट्रंप ने भारत के खिलाफ अपनी खींझ और गुस्से का प्रदर्शन किया है। लेकिन भारत भी अमेरिका के सामने झुकने वाला नहीं है। भारत समेत ब्रिक्स संगठन में शामिल देश अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। संगठन में भारत सबसे अग्रणी। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने कृषि और डेयरी उत्पादों में टैरिफ कम करें लेकिन भारत ने इसे स्वीकार नहीं किया। जिसका नतीजा हुआ ट्रंप ने टैरिफ बम भारत पर फोड़ दिया। हालांकि इसका दुष्प्रभाव एक पक्षीय नहीं होगा।

यह अलग बात है कि भारत को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ेगा। लेकिन ट्रंप की इस टैरिफ नीति ने भारत के साथ दुनिया के देशों को एक कड़ा संदेश दिया है। संदेश साफ है कि पर सबसे अधिक आत्मनिर्भरता को हर हाल में खत्म या कम करना होगा। व्यापार नीति में बदलना लाना होगा। हालांकि अमेरिका ने जो आर्थिक जंग छे?ी है उसका खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा। इसका असर सिर्फ व्यापार क्षेत्र में ही नहीं पड़ेगा।

# युद्ध में पेड़ पौधों की भूमिका को भी कभी नकारा नहीं गया

– संजय गोस्वामी

प्रथम विश्व युद्ध के समय से ही प्रसिद्ध छलावरण तकनीकें द्वितीय विश्व युद्ध में और भी महत्वपूर्ण हो गईं। और सभी शक्तिशाली देशों ने इन विधियों का उपयोग करना शुरू कर दिया। इसका मुख्य कारण अपने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को अत्यधिक हवाई हमलों से बचाना और हवाई अड्डों का निर्माण करना था। सैन्य उपकरणों, मोटर वाहनों, स्वचालित टैंकों और बड़ी तोपों को तारों से बने पर्दों से ढक दिया जाता था ताकि वे वायुमंडल में छिप सकें और जहाँ तोपों, मशीनों और वाहनों को ढकना संभव न हो, वहाँ उन्हें काले, भूरे, हरे रंग से धब्बेदार और तिरछी आकृतियाँ बना दी जाती थीं ताकि हवाई सर्वेक्षण के दौरान आकृति खंडित ज्यामिति के रूप में दिखाई दे और भ्रम पैदा करके वास्तविक वस्तु को पहचानने से बचाया जा सके। इस प्रकार छलावरण का प्रयोग युद्धों में एक प्रभावी तकनीक बन गया और विजय समारोह में इसने अपनी भूमिका स्थापित कर ली। दक्षिण अफ्रीका में 1899–1902 तक हुए युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिक खाकी रंग की वर्दी पहनकर शत्रु से छिपते थे, क्योंकि यह पृष्ठभूमि से मेल खाती थी। परिणामस्वरूप, विश्व के सभी सैनिक खाकी रंग की वर्दी पहनते थे। आज भी सैनिक अपनी वर्दी का रंग प्राकृतिक वातावरण से मेल खाने लगे हैं, ताकि वे शत्रुओं की पैनी खोजी निगाहों से बच सकें। पिछले दशक में ईरान और इराक के बीच हुए युद्ध में कई आधुनिक छलावरण तकनीकों का इस्तेमाल किया गया था, जिनसे हम भली–भांति परिचित हैं। प्रथम विश्व युद्ध के बाद से हुए सभी युद्धों में छलावरण तकनीक और तकनीकों का सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया है। लेकिन वर्तमान में छलावरण तकनीक में अभूतपूर्व विकास हुआ है। पहले के युद्धों में पारंपरिक तकनीकों का प्रयोग इसलिए शामिल था क्योंकि सुदूर संवेदन, नैनो तकनीक और नैनो पदार्थों तथा स्टील्थ अनुप्रयोगों के साथ–साथ आधुनिक डिटेक्टर मौजूद नहीं थे और परिणामस्वरूप छलावरण विशेषताओं की पहचान करना आसान नहीं था। आजकल युद्ध में छलावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।जो पेड़ पौधे में लुक कर प्रकृति में छलावरण के सहारे गोरिल्ला युद्ध की जा रही है। चाहे वह प्राणी जगत हो या कीड़ों का संसार या महासागरों के विशाल जलीय जीव, सभी प्राणियों को अपने अस्तित्व के लिए शिकार से बचने हेतु छलावरण का सहारा लेना पड़ता है। यदि हम अपने परिवेश पर नज़र डालें, तो ऐसे अनेक प्राणी हैं जिनका रंग, रूप, आकृति, रूप और प्रकार विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं, जैसे जंगली जानवर ज़ेबरा, तेंदुआ, विभिन्न प्रकार के पक्षी, गिरगिट, मेंढक और साँप आदि। प्राचीन काल से ही गुरिल्ला और छापामार सैनिक युद्ध में शत्रु को धोखा देने के लिए छलावरण का प्रयोग करते रहे हैं। प्राचीन ट्रोजन युद्ध में प्रयुक्त लकड़ी का ट्रॉय घोड़ा, लकड़ी के घोड़े की छाया को एक स्थान पर रखकर दस वर्षों तक अपनी रक्षा कर सकता था। चंगेज खान के मंगोल सैनिक अपनी टोपियों पर पेड़ों की पत्तियाँ और शाखाएँ रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास करते थे और इस प्रकार प्राकृतिक सुरक्षा में छिपकर अपने शत्रुओं से युद्ध करते थे।

छलावरण (कैमोफ्लेज) फ्रांसीसी शब्द कैमोफ्लेज से लिया गया है जिसका शाब्दिक अर्थ है सामने वाले व्यक्ति (शत्रु) पर धुआँ फेंकना, आँखों में धूल झोंकना या धोखा देना। छलावरण एक गुप्त कला है जिसके द्वारा हमारी सेनाओं, हथियारों और अन्य सामग्रियों को इस प्रकार छिपाकर रखा जाता है कि शत्रु की गतिविधियों पर कड़ी नज़र रखते हुए भी शत्रु भ्रमित हो जाए। इस प्रकार, भ्रमित शत्रु हमारे सैन्य बल और हथियारों पर आक्रमण करने के बजाय, कृत्रिम हवाई अड्डों, बैरकों, आयुध कारखानों, सैन्य उपकरणों और अन्य छद्म लक्ष्यों पर आक्रमण करता है और उनके हथियारों और उपकरणों को व्यर्थ ही नष्ट कर देता है। इस प्रकार, छलावरण विज्ञान शत्रु का मनोबल तोड़कर उसे हतोत्साहित करने में सफल सिद्ध हुआ है। इस शताब्दी में भी सैनिक व्यक्तिगत और वाहन छलावरण में इस पद्धति का प्रयोग करते हैं। जनरल वाशिंगटन दुश्मन को धोखा देने में इतने निपुण थे कि वे रात में तंबुओं में आग लगाकर अपनी सेना के साथ छिप जाते थे। वे इसलिए चले जाते थे ताकि दुश्मन को उस खास जगह पर उनकी मौजूदगी का भ्रम हो। 20वीं सदी तक, जब मानव दृष्टि ही एकमात्र संवेदक थी, छलावरण सैन्य बलों और उनके हथियारों तक ही सीमित था। संवेदक तकनीक के तेज़ी से विकास ने छलावरण की एक नई परिभाषा गढ़ दी है। आधुनिक परिभाषा में, छलावरण वह तकनीक है जो बहु–स्पेक्ट्रम तरंगदैर्घ्य में काम करने वाले डिटेक्टरों द्वारा सैन्य लक्ष्यों का पता लगाने में देरी या पूर्ण अज्ञानता प्रदान करती है। इसमें ध्वनिक, चुंबकीय, बहु–स्पेक्ट्रम छलावरण, कम दृश्यता, निवारक, हस्ताक्षर प्रबंधन, गुप्त तकनीक, नैनोमटेरियल आदि जैसी कुछ तकनीकें शामिल हैं। इसी के अनुरूप, छलावरण विज्ञान के अंतर्गत नए सेंसर और संसूचन तकनीकें भी साथ–साथ विकसित की गई हैं।

## बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

**करनाल, 2 सितम्बर ( सुनील कुमार ) :** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता नसीब सिंह ने बताया कि 3 सितंबर को प्रात: 11 बजे विद्युत सदन, सर्कल कार्यालय सेक्टर 12 में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के अध्यक्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिजली संबंधी समस्याओं का स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी समाधान नहीं हो पा रहा है, वे फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा बिजली चोरी संबधी शिकायतें भी बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

## जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा टी.बी. मरीजों के लिए हेल्थ कैम्प का आयोजन




**करनाल, 2 सितम्बर ( सोनी दुआ ) :** हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ के वाईस चेयरमैन अंकुश मिगलानी एंव महासचिव महेश जोशी के दिशा निर्देशन में संचालित टी.बी. प्रोजेक्ट के तहत व उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार टी. बी. मरीजों के लिए हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि प्रधानमंत्री की टीबी मुक्त भारत मुहिम को आगे बढ़ाते हुए आज जिला रेडक्रॉस और आईसीटीसी सेंटर सरकारी हस्पताल की टीम द्वारा रेडक्रॉस भवन में हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित कर टी .बी व एचआईवी के मुफ्त 120 स्क्रीनिंग व 110 ब्लड टेस्ट किए गए जिसमें हेपेटाइटिस बी और सी के 70 व 40 एचआईवी और 30 टी.बी. टेस्ट किए गए। हेल्थ कैंप के दौरान उनसे उनकी बीमारी संबंधित समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान टी.बी. रोगियों को नियमित दवाइयां लेने तथा पौष्टिक खाना जैसे कि प्रोटीन युक्त आहार लेने बारे में बताया गया ताकि वो जल्दी रिकवरी कर सके। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर, डॉ. सीमा, एलटी कांता रानी, एलटी रमेश कुमार, टी.बी. डिपार्टमेंट से दीपिका, टीबीएचवी और टी आई प्रोजेक्ट रेडक्रॉस स्टाफ वा टीबी वालंटियर मौजूद रहे।

## सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

**करनाल, 2 सितम्बर ( सुनील कुमार ) :** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पोर्टल पर 30 सितंबर तक कर सकते हैं। चयनित संस्था को 51 लाख रुपये नकद व प्रमाण पत्र तथा व्यक्ति को पांच लाख रुपये नकद और प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।

उन्होंने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थान स्वैच्छिक संगठनों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया/वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने देश में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/नवाचार या इस कार्य क्षेत्र में काम किया हो। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए। पुरस्कार के संबंध में अधिक जानकारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के पोर्टल पर उपलब्ध है।

## एड्स के प्रति विधार्थियों को जागरुक करने के लिए कालेज में कार्यक्रम का आयोजन



**नीलोखेड़ी, 2 सितम्बर ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** श्री गुरु तेग बहादुर राजकीय महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग के युवा कार्यक्रम एच आई वी एड्स के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक विस्तृत व्याख्यान, लघु फिल्म तथा एचआईवी टेस्ट करवाया गया। यह प्रोग्राम महाविद्यालय के प्राचार्य चमनलाल के कुशल निर्देशन में किया गया।

सिविल अस्पताल नीलोखेड़ी की टीम ने इस कार्य को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। सिविल हॉस्पिटल नीलोखेड़ी के डॉक्टर रचित द्वारा एचआईवी एड्स, संक्रमण, लक्षण, निदान और रोकथाम पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि किस कारण से एचआईवी फैलता है तथा इसकी रोकथाम के लिए हमें क्या करना चाहिए। इसके बाद विद्यार्थियों को एक लघु फिल्म दिखाई गई। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन रेड रिबन क्लब की इंचार्ज सरिता यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में मनीष गर्ग ने सिविल अस्पताल से आई टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सोनी भोरिया, हरपाल सिंह, आभा नरवाल, दिनेश कुमार तथा अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# सांप काटने से हर साल 58 हजार मौतें चिंता का विषय : सतीश फफड़ाना

*झाड़-फूंक पर भरोसा घातक, समय पर अस्पताल पहुंचें तो 98 फीसदी लोगों की बचाई जा सकती है जान, श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम में स्नेकमैन ने दी अहम जानकारी*

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 'स्नैकमैन ऑफ हरियाणा' के नाम से प्रसिद्ध सतीश फफड़ाना ने कहा कि देश में हर साल लगभग 58 हजार लोगों की मौत सांप के काटने से हो जाती है, जबकि समय पर इलाज मिलने से इन मौतों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव और झाड़-फूंक पर भरोसा करने के कारण स्थिति बिगड़ती है। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर व आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने सतीश फफड़ाना व उनकी टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर स्नेक मैन सतीश फफड़ाना ने बताया कि भारत में





272 प्रजाति के सांप पाए जाते हैं, जिनमें से अधिकतर जहरीले नहीं होते। उन्होंने कहा कि अगर हजार लोगों को सांप काटता है तो लगभग 800 लोगों को गैर-जहरीले सांप काटते हैं, 150 लोगों को सामान्य जहरीला सांप और करीब 40 लोगों को कोबरा, जो जानलेवा साबित होता है। उन्होंने कहा कि कई बार जहरीला सांप भी काटते समय जहर नहीं छोड़ता या बहुत कम मात्रा में छोड़ता है। ऐसे में लोग झाड़-फूंक से ठीक होने का भ्रम पाल लेते हैं, लेकिन यदि वास्तव में जहर शरीर में पहुंच जाए और समय पर अस्पताल न ले जाया जाए तो जान बचाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि सही समय पर अस्पताल पहुंचाकर और एंटी डॉट लगवाकर 98 प्रतिशत मामलों में मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ को सांप के काटने और घर में सांप घुसने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार को युवा पीढ़ी को सांप पकड़ने की ट्रेनिंग देने के साथ कौशल निगम में रोजगार देना चाहिए, ताकि इंसानों की जान भी जोखिम में न पड़े और सांप भी जीवीत रहें। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भी प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

**ऐसे जागरूक कार्यक्रम बेहद जरूरी :** आयुष विवि के कुलसचिव प्रो.ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आज भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग सांप के काटने के बाद झाड़-फूंक जैसी परंपराओं पर विश्वास कर बैठते हैं, जिससे अनजाने में कीमती जानें चली जाती हैं। इस तरह की जागरूकता कार्यशालाएं लोगों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और समय रहते अस्पताल पहुंचने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि स्नैकमैन ऑफ हरियाणा सतीश फफड़ाना ने विद्यार्थियों को न केवल सांपों के महत्व और उनके पारिस्थितिकी योगदान के बारे में बताया, बल्कि व्यावहारिक जानकारी भी दी कि सांप के काटने और घर में सांप घुसने की स्थिति में क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आगे भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि विद्यार्थी केवल शैक्षणिक ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी जागरूक बनें।

**सांप काट जाए तो क्या करें :** घाव की फोटो खींचें ताकि प्रजाति की पहचान हो सके, घाव को अच्छी तरह धो लें, तुरंत अस्पताल जाएं, झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें, एंटी डॉट लगने के बाद भी मरीज की लगातार निगरानी करें।

**अगर सांप घर में घुस जाए तो क्या करें :** घर में साफ-सफाई रखें, बिस्तर के नीचे जूते या सामान न रखें, फर्श को पक्का रखें ताकि बिल न बनें, कमरे के दरवाजे और दीवार के पास आटे या सफेद सीमेंट की लाइन डाल दें, ताकि सांप की गतिविधि का पता चल सके, दरवाजे और फर्श के बीच गैप न छोड़ें, मच्छरदानी लगाकर सोएं।

# नवाब खान बने इंटक कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक

*भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल ने दिल्ली में सौंपा नियुक्ति पत्र*

**यमुनानगर, 2 सितम्बर ( संजीव कुमार ) :** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए हरियाणा के यमुनानगर निवासी समाजसेवी एवं पत्रकार नवाब खान को संगठन का राष्ट्रीय संयोजक (प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी नाथ जायसवाल ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि नवाब खान आज़ाद की नियुक्ति से संगठन को नई मजबूती और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मीडिया ही आज मजदूरों और श्रमिक वर्ग की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। स्वामी नाथ जायसवाल ने कहा कि मजदूर वर्ग देश की रीढ़ है। इनके बिना कोई भी उद्योग, व्यापार या कृषि आगे नहीं बढ़ सकता। संगठन का



लक्ष्य है मजदूर हित, देश हित और समाज हित। मुझे विश्वास है कि नवाब खान आज़ाद अपनी ईमानदारी और पत्रकारिता के अनुभव से मजदूरों की समस्याओं को सही मंच तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाऐंगे। बता दें कि नवाब खान लंबे समय से पत्रकारिता और समाजसेवा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अवैध खनन, वन विभाग की लापरवाही, किसानों की समस्याएँ, और मजदूर वर्ग की उपेक्षा जैसे मुद्दों को प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लगातार उजागर किया है। उनकी नियुक्ति से हरियाणा और विशेष रूप से यमुनानगर जिले में खुशी की लहर है। मजदूर संगठनों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे संगठन की जड़ें और भी मजबूत होंगी। अपनी नियुक्ति पर आज़ाद ने कहा कि मैं संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर-संभव प्रयास करूंगा। मजदूरों और श्रमिक वर्ग की समस्याओं को मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना और कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मजदूरों की आवाज को बुलंद करना ही मेरा संकल्प है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल का आभार व्यक्त किया है।

## युवा योग एवं ध्यान योग विषय पर अपने उद्यम को केंद्रित कर स्थापित कर सकते हैं प्रतिष्ठा : डा. मनीष कुकरेजा

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रान्त इकाई के पूर्व संगठन मंत्री डॉ. मनीष कुकरेजा ने कहा कि युवा योग एवं ध्यान योग विषय पर अपने उद्यम को केंद्रित कर अपनी प्रतिष्ठा स्थापित कर सकते हैं। सभी विद्यार्थियों ने एकाग्रता से योग एवं ध्यान योग के उद्यम के विभिन्न अवसरों के बारे में ज्ञान अर्जित किया। हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रान्त इकाई के पूर्व संगठन मंत्री डॉ. मनीश मंगलवार को जिला कुरुक्षेत्र में स्थित राजकीय बहुतकनीकी शिक्षण संस्थान, उमरी के प्रांगण में योग एवं ध्यान योग द्वारा उद्यमिता के नव अवसर विषय पर एक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर बोल रहे थे। डॉ. कुकरेजा ने कहा कि योग आज विश्व में एक वैश्विक बाजार का रूप धारण कर चुका है। इसकी वार्षिक खपत वर्ष 2025 में लगभग 1.3 खरब डॉलर होने का अनुमान है। योग एवं ध्यान योग के उद्यमी विभिन्न रूपों से अपनी आजीविका सुखपूर्वक चला सकते हैं। इसके लिए वो योग स्टूडियो, योग केंद्र खोलकर, ऑनलाइन एवं व्यक्तिगत योग



कक्षाएं लेकर, योग उपयोगी सामग्री यथा योग मैट्स व शुद्धि क्रियाओं की सामग्री के व्यवसाय को अपना सकते हैं। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट जगत में योग द्वारा तनाव मुक्त करने के सत्र लेकर, ऑफिस कर्मचारियों के कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए विशेष सत्रों का आयोजन कर, योग सम्बधी पुस्तकों के प्रकाशन व योग संबंधी लेख लेखन प्रकाशित कर, योग के प्रशिक्षण संस्थान खोलकर, योग की मोबाइल एप्प्स सृजन कर, योगासन प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान अर्जित कर तथा योग थेरेपी चिकित्सक व योग प्रशिक्षक, योग सहायक के रूप में अपनी पहचान बना कर अपनी आजीविका को सुखपूर्वक चला सकते हैं। दूसरे सत्र में योग के ज्ञान को सरलीकरण की गई डॉ. कुकरेजा द्वारा निर्देशित एबीसी ऑफ योग की प्रथम सीरीज के माध्यम से योग के 26 शब्दों के बारे में सैद्धांतिक व क्रियात्मक ज्ञान को सभी स्टाफ के सदस्यों जिनमें प्रिंसिपल रचना गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल विजय सिंह व विभाग प्रमुखों अर्चना शर्मा, आभा बंसल, राजीव, एचएस सैनी, कंवल सचदेवा तथा सिविल, कम्प्यूटर मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, एपप्लाइड साइंस, आर्किटेक्चर के विद्यार्थियों ने रुचिपूर्वक आत्मसात किया व खेल खेल में योग के बारे में सीखा। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 के योग शिक्षक राजेश कुमार ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसी विद्यालय के छात्र तेजस की रिदमिक योग की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया व सभी उपस्थित जनों ने उन्मुक्त हृदय से करतल ध्वनि द्वारा तेजस का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन हार्टफुलनेस संस्था की प्रान्त शीर्ष एवम राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा संस्थान की अध्यापिका लवलीना द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।कार्यक्रम के अंत में शिक्षण संस्थान की प्राचार्या रचना गुप्ता ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# सुरक्षित विद्यालय वाहन पॉलिसी से स्कूलों और अभिभावकों को बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता करना है उद्देश्य : पंकज सेतिया

**लाडवा, 2 सितम्बर ( राम गोपाल ) :** एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि सुरक्षित विद्यालय वाहन पॉलिसी से स्कूलों और अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाना है। सुरक्षित विद्यालय वाहन पॉलिसी का पालन समयबद्ध तरीके से करने पर वाहन की सभी कमियां और खामियां दूर होंगी। इससे किसी भी प्रकार के



हादसे होने की संभावनाएं खत्म हो जाएंगी। एसडीएम पंकज सेतिया मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ब्लॉक के सभी सरकार व प्राइवेट स्कूलों के संचालकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नीलम सैनी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी के तहत स्कूलों को अपने वाहनों की जांच करवानी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि वे सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं। एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि स्कूल वाहनों की जांच करवाना अनिवार्य होगा, जिसमें सुरक्षा उपकरणों की जांच और वाहनों की फिटनेस शामिल है। स्कूलों को साल में दो बार अपने वाहनों के बारे में सेल्फ सर्टिफिकेशन देना होगा, जिसमें वे सुनिश्चित करेंगे कि उनके वाहन सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों के चालकों का साल में दो बार जांच करनी होगी और अगर कोई चालक नशे में पाया जाता है तो उसे तुरंत प्रभाव से निष्कासित करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग स्कूल वाहनों की जांच करेगा और सुनिश्चित करेगा कि स्कूल सुरक्षा मानकों का पालन कर रहे हैं।इस पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके तहत स्कूल वाहनों की गुणवत्ता में सुधार करना और सुनिश्चित करना कि वे सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 :

### युवाओं में खेल एवं फिटनेस को बढ़ावा देने की अनूठी पहल

**हिसार, 2 सितम्बर ( ब्यूरो ) :** खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने और युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से देशभर में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का मुख्य लक्ष्य फिट इंडिया संदेश को प्रत्येक घर तक पहुंचाना, समुदाय को खेल और फिटनेस के माध्यम से जोडऩा तथा ग्रासरूट स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान करना है। खिलाड़ियों के पंजीकरण हेतु खिलाड़ी https://sansadkhelmahotsav.in/ पोर्टल खोला जा चुका है यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के प्रवक्ता ने बताया कि खेल महोत्सव को तीन स्तरों में आयोजन किया जाएगा, जिनमें गांव, ब्लॉक/वार्ड और संसदीय क्षेत्र स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को सामने लाया जाएगा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए स्कॉलरशिप, खेल उपकरण व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक्सपोजर जैसी प्रोत्साहन योजनाएं भी दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में पारंपरिक खेलों जैसे खो-खो, कबड्डी, गिल्ली डंडा, रस्साकशी, रिले रेस, वॉलीबॉल, फुटबॉल व क्रिकेट को शामिल किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों के लिए भी विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा योग एवं वेलनेस कैंप के साथ फिट इंडिया कार्निवल और लोकल मेला भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि सभी सांसदों को यूनिफॉर्म ब्रांडिंग टेम्पलेट्स दिए जाएंगे और प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक यूनिफाइड डैशबोर्ड उपलब्ध कराया जाएगा। स्थानीय खिलाडिय़ों, स्कूलों, युवा क्लबों और स्वयंसेवकों को जोडक़र व्यापक स्तर पर आयोजन की योजना है।

## पुलिस ने भगोड़े आरोपी को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 2 सितम्बर ( दिनेश कुमार ) :** जिला में पी.औ./ बेल जंपर को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया हुआ है। इन्हीं निर्देशानुसार कार्य करते हुए पुलिस चौकी घोड़ो पिपली की टीम ने भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनको आज न्यायालय में पेश किया गया। उप निरीक्षक सुरजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने भगोड़े अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने भगोड़े आरोपी राजेंद्र पुत्र दलमीरा निवासी दुमझेडा सहारनपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को माननीय अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित कर दिया था। भगोड़े आरोपी के खिलाफ के आईपीसी की धारा 174 ए के तहत मुकदमा दर्ज था। भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# 10 दिवसीय दशलक्षण महापर्व

*उत्तम संयम धर्म को धारण करने की भावना के साथ भगवान का अभिषेक*

**करनाल, 2 सितम्बर ( सोनी दुआ ) :** दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे 10 दिवसीय दशलक्षण महापर्व के अन्तर्गत उत्तम संयम धर्म को धारण करने की भावना के साथ भगवान का अभिषेक व शान्तिधारा की, जिसका सौभाग्य दिनेश जैन व द्रोणगिरी से पधारे विद्वान प्रवचनकार पं. रत्नेश जी शास्त्री को प्राप्त हुआ। उत्तम संयम धर्म का अर्थ स्पष्ट करते हुए प्रो. एस.सी. जैन ने बताया च्संयम का अर्थ है- इन्द्रियों का नियन्त्रण। मनुष्य की इन्द्रियां यदि असंयमित हों तो वह पतन की ओर ले जाती हैं और यदि संयमित हों तो मोक्ष का द्वार खोलती हैं। संयम से जीवन अनुशासित होता है, आहार, व्यवहार, बोलचाल और विचारों में संयम रखने वाला व्यक्ति ही सच्चे सुख और शांति को प्राप्त करता है। ठीक उसी प्रकार से जैसे कि यदि नदी का तट मजबूत हो तो वह



आवश्यकता पडऩे पर खेतों को सींचता है जिससे फसल अच्छी होती है और यदि नदी के तट टूट जायें अर्थात असंयमित हो जाएं तो वही जल बाढ़ के रूप में विनाश का कारण बन जाता है। श्री मंदिर जी में सुगंध धूप दशमी का उत्सव भी बहुत हर्ष उल्लास से हवन कुंड में सामुहिक रूप से सुगंधित धूम खे कर मनाया गया। इस अवसर पर विद्वान शास्त्री जी ने कथा का वाचन किया जिसमें बताया गया कि सौतेली माता के द्वारा अपनी सौतेली पुत्री को किस प्रकार दुख दिया और उसके परिणाम स्वरूप उसे क्या-क्या दुःख भोगने पड़े व सुगंध दशमी का व्रत पाल कर कन्या किस प्रकार मुनि जी के आशीर्वाद से महलों की रानी बनी। इन सभी धार्मिक क्रियाओं में अध्यक्ष विरेश जैन व श्रीमती प्रियंग सुंदरी जैन जी के नेतृत्व में सर्वश्री गौरव जैन, मोहित जैन, अभय जैन, आशू जैन, अजय जैन, मुनीष जैन, दीपक जैन, विपिन जैन, सुमित शास्त्री, सर्व श्रीमती रेखा जैन, सुधा जैन, उर्मिला जैन, कमल जैन, वीना जैन, अल्का जैन, सुनीता जैन, सरला जैन आदि भक्तजनों ने भावपूर्ण अपना सहयोग प्रदान किया।

## बाबैन के तीन खिलाड़ियों को गोल्ड मैडल जीतने पर किया सम्मानित




**बाबैन, 2 सितम्बर ( राजेश कुमार ) :** विद्या भारती द्वारा आयोजित 6वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में रिपु सूदन सिंह गीता विद्या मंदिर बाबैन के तीन खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग मे कुश्ती की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 वर्ग मे छात्र चिराग ने फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर- 17 वर्ग मे छात्रा तनवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 वर्ग छात्र आर्यन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के तीनों खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल करके स्कूल का नाम चमकान का काम किया। प्रधानाचार्य पूनम सैनी तथा प्रबंधक विनोद सिंगला ने विजेता खिलाडियों की पीठ थपथपाते हुए बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह के शानदार प्रदर्शन करने का आशिवार्द दिया। उन्होंने कहा कि पढाई के साथ साथ बच्चों को खेलों में भी अपनी प्रतिभा दिखानी चाहिए क्योकि खेलों में आगे रहने पर जहां खिलाडी का शरीर स्वस्थ रहता है वहीं बेहतर प्रदर्शन करके मैडल जितने पर अपने गांव व स्कूल का नाम भी रोशन करता है।

## अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिलेगा उच्च शिक्षा में प्रोत्साहन

**करनाल, 2 सितम्बर ( सुनील कुमार ) :** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा पंचकुला द्वारा चलाई जा रही हर छात्रवृति योजना के तहत वर्ष 2025-26 की छात्रवृति हेतू ऑनलाईन पोर्टल पर 30 नवंबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त किये जा रहे है। हर छात्रवृति योजना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में योग्य एवं जरूरतमंद अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र/छात्राएं ऑन-लाईन पोर्टल पर जाकर छात्रवृति से संबंधित पूर्ण नियम, शर्तें व योग्यता को देखते हुए 30 नवंबर तक अपना आवेदन ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें, ताकि आपको सरकार द्वारा चलाई जा रही हर छात्रवृति योजना का लाभ मिल सके।

## सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए 30 सितंबर तक करें आवेदन : सुशील सारवान

**सोनीपत, 2 सितम्बर ( विनोद ) :** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया/वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने भारत में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/नवाचार या ईए कार्य के क्षेत्र में काम किया हो। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्था के मामले में 51 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र तथा व्यक्ति के मामले में 5 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाता है। पुरस्कार के संबंध में अधिक जानकारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के पोर्टल पर उपलब्ध है।

## 13 सितंबर को होगा भव्य श्री श्याम कीर्तन का आयोजन

**रायपुररानी, 2 सितम्बर ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुररानी स्थित नई अनाज मंडी में 13 सितंबर को तीसरा भव्य श्री श्याम कीर्तन आयोजित किया जाएगा। कीर्तन की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य लाला अशोक कुमार उर्फ राम सिंह, बरखा हलवाई, दीक्षित जुनेजा, सुमित अग्रवाल, दीपू सिंगला, नवदीप वालिया ने बताया कि 12 सितंबर को निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शाम 4 बजे श्री खाटू श्याम मंदिर, कशैल वाला से शुरू होगी और बाजार से होते हुए कीर्तन स्थल तक जाएगी। जबकि 13 सितंबर को शाम 7 बजे से रायपुररानी की नई अनाज मंडी में जय माँ शारदा ग्रुप के तत्वावधान में कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, साथ ही अटूट भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस कीर्तन में श्याम भजनों को गाने वाले गायक बिन्नी रायपुररानी, वैष्णवी शर्मा ग्वालियर और शर्मा ब्रदर्स चंडीगढ़ अपनी मधुर आवाज़ से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देंगे। वहीं, आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में आने की अपील की है।

## कंट्रोल रूम पर 4 लोगों ने किया संपर्क, प्रशासन ने चारों का किया समाधान

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधक के लिए तैयार किया गया कंट्रोल रूम 24 घंटे काम कर रहा है। मंगलवार को कंट्रोल रूम पर 4 अलग-अलग जगहों से लोगों ने संपर्क किया, जिन्हें प्रशासन की तरफ से तुरंत मदद पहुंचाई गई और उनकी समस्या का समाधान किया। उन्होंने बताया कि तहसील थानेसर के गांव कोलापुर से आई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तुरंत तहसीलदार को भेजकर परिवार को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया। इसी तरह शाहाबाद के गांव पट्टी झाम्बडा से प्राप्त शिकायत पर तहसीलदार शाहाबाद को भेजकर निपटान करवाया गया। उन्होंने कहा कि लाडवा के वार्ड नंबर 15 से प्राप्त शिकायत के लिए नायब तहसीलदार लाडवा से समाधान करवाया गया। इसके अतिरिक्त पुरबिया मोहल्ला पिपली से मिली शिकायत के समाधान के लिए नायब तहसीलदार थानेसर को भेजा गया। उन्होंने कहा कि किसी भी जलभराव की स्थिति या सहायता के लिए, नागरिकों को जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष 01744-221035 पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि जिला कंट्रोल रूम नंबर 01744-221035, शाहाबाद के लिए कंट्रोल रूम 01744-242908, पिहोवा के लिए कंट्रोल रूम 01741-220448 के अलावा हेल्पलाइन नंबर 112, 1077 और 1070 पर संपर्क करें।

# संत महात्मा अपने जीवन में त्याग और तप के माध्यम से समाज को देते हैं नई दिशा : सुभाष सुधा

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि संत महात्मा अपने जीवन में त्याग और तप के माध्यम से समाज को नई दिशा दिखाने का काम करते हैं। समाज के नागरिकों को संत समाज से प्रेरणा लेकर उन्हें अपना आदर्श मानना चाहिए। ऐसे होने से समाज का भल्ला होना संभव है। उन्होंने कहा कि ये महात्मा अपने जीवन को मानव जाति की भलाई के लिए समर्पित कर देते हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को महंत प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ब्रह्मलीन परम पुज्यपाद महंत प्रभात पुरी महाराज के प्रकाशोत्सव समारोह में बोल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री ने स्कूल



के कमरों के निर्माण में 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं और बच्चों को सम्मानित किया गया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि देश को सही मार्ग दिखाने में संत समाज में अहम योगदान रहा है। हमारे देश के ग्रंथों में समाज को आगे बढ़ाने, विभिन्न बीमारियों के इलाज सहित भी लिखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कहीं पर कोई विपदा आई है तो समाज को उसका हल भी मिला है। ऐसी व्यवस्थाओं ने देश का विदेशों में भी मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी संत समाज को पूरा मान दे रही हैं। महापुरुषों की जयंती को सरकारी खर्च पर मनाया जा रहा है। इससे समाज को महापुरुषों के बारे में जानकारी तो मिलती ही है साथ ही समाज को आगे बढ़ने की दिशा भी तय होती है। इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी विद्यागिरी, महंत बंसीपुरी, महंत लक्ष्मी नारायण, महंत जगननाथ, महंत मेश मुनी, प्रबंधक सुनील सचदेवा, प्रधान विनोद अरोड़ा, प्रधानाचार्य भजन, पार्षद मोहन लाल अरोड़ा, रमेश सचदेवा, पार्षद गौरव भट्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, सुमित, यशपाल गुप्ता, चंद्र प्रकाश चुग्घ, दर्शन पाहवा, सतीश शर्मा, प्रेम मदान सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## जीवन चानन महिला महाविद्यालय असंध में जागरूकता शिविर आयोजित

**असंध, 2 सितम्बर ( दलसिंह मान ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अभियान नई दिशा, नई उड़ान के तहत जीवन चानन महिला महाविद्यालय असंध में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के पहुंचने पर प्रधानाचार्य व स्टाफ ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर पहचान




सोसायटी के प्रेसिडेंट कृष्ण भी मौजूद थे जिन्होने जागरूकता शिविर लगाने में सहयोग दिया। सीजेएम ने विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर यौन शोषण संबंधित अधिनियमों की जानकारी दी और स्थाई कमेटी व आंतरिक कमेटी से अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने पोक्सो संबंधित अधिनियमों बारे में भी जानकारी दी। इसके बाद सीजेएम डॉ. इरम हसन ने सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी असंध पहुंची, जहां पहुचने पर अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन हरीश सब्रवाल ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर सब डिवीजन की अदालतों के स्टाफ के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें सीजेएम ने कार्यस्थल पर यौन शोषण अधिनियमों, आंतरिक कमेटी व स्थाई कमेटी के बारे में जानकारी दी और कोई भी सच्ची शिकायत होने पर उसे दर्ज करने के लिए प्रेरित किया और कभी भी अधिनियम का दुरुपयोग कर झूठी शिकायत न करने का आग्रह किया।

# एंथे टेलेंट एग्जाम से तैयार होगी भावी वैज्ञानिकों, इंजिनीयर्स और डॉक्टरों की नई पीढ़ी




**करनाल, 2 सितम्बर ( संदीप रोहिला ) :** बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने और समाज को भविष्य के वैज्ञानिकों, डॉक्टरों और इंजीनियरों की पीढ़ी सौंपने की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत हुई है। यह पहल न केवल विद्यार्थियों को पढ़ाई में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करेगी बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की कठिन राह में एडवांस तैयारी और आत्मविश्वास भी प्रदान करेगी। करनाल में मंगलवार को हुई प्रेस वार्ता में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा आकाश नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा (एंथे) 2025 का ऐलान किया है। वार्ता के दौरान एईएसएल के मुख्य शैक्षणिक एवं व्यवसाय प्रमुख डॉ. सुरेंद्र चौहान ने बताया कि परीक्षा के माध्यम से कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों को 250 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति (100 प्रतिशत तक) और 2.5 करोड़ रुपये तक के नकद पुरस्कार देने की योजना है। यह परीक्षा विद्यार्थियों को नीट, जेईई, राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं, एनटीएसई और ओलंपियाड जैसे कठिन इम्तिहानों की तैयारी के लिए मजबूत आधार देती है।

**इन्विक्टस ऐस टेस्ट : जेईई एडवांस्ड की विशेष तैयारी :** इस वर्ष एंथे के साथ ही इन्विक्टस ऐस टेस्ट भी लॉन्च किया गया है। यह राष्ट्रीय स्तर की पात्रता व छात्रवृत्ति परीक्षा होगी, जिसके माध्यम से कक्षा 8 से 12 तक के छात्र आकाश इन्विक्टस जेईई एडवांस्ड कार्यक्रम में प्रवेश पा सकेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति और विशेष नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

**एंथे केवल छात्रवृत्ति परीक्षा नहीं, बल्कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानने का अवसर :** इस मौके पर रीजनल सेल्स हेड अशोक भारद्वाज, शेखर शुक्ला और ब्रांच हेड विजय कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एंथे केवल छात्रवृत्ति परीक्षा नहीं, बल्कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का सुनहरा अवसर है।

# भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**लाडवा, 2 सितम्बर ( राम गोपाल ) :** भारत विकास परिषद् की ओर से लाडवा पिपली मार्ग पर स्थित निजी स्कूल में भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रकल्प प्रमुख अरविंद सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आर. डी. अरोड़ा ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को दो वर्गों जूनियर तथा सीनियर वर्ग में आयोजित कराया गया। जूनियर वर्ग में 25 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया तथा सीनियर वर्ग में 23 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि आर डी अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का



अवसर मिलता है तथा अपने भारत को जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के उत्थान एवं बच्चों को संस्कारप्रद ज्ञान देने के लिए भारत विकास परिषद की प्रशंसा की। परिषद अध्यक्ष अमन गोयल, सचिव संजीव मंगला, विद्यालय संचालक सुभाष जिंदल ने आए हुए अतिथियों का विद्यालय में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान ओम प्रकाश गर्ग मेमोरियल स्कूल लाडवा, द्वितीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारा, तृतीय स्थान कोणार्क अकादमी लाडवा ने प्राप्त किया। सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान ओम प्रकाश गर्ग मेमोरियल स्कूल लाडवा, द्वितीय स्थान यूनिक शिक्षा निकेतन एवं तृतीय स्थान के बी स्कॉलर्स स्कूल लाडवा ने प्राप्त किया। सभी विजेता टीमों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शाखा स्तर के प्रथम विजेता छात्र प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। अरविंद सिंघल ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई।

इस अवसर पर गौरव गोयल, रमन आनंद, गोपाल अरोड़ा, डॉ प्रवीण मेहता, डॉ अजीत सेठी, विकास मदान एवं भारत विकास परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

## शहर में पानी की निकासी और सडकों के गडढ़ों को दुरुस्त करना सुनिश्चित करें अधिकारी : सुभाष सुधा

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि बारी बारिश को जहन में रखते हुए शहर में पानी निकासी पर पूरी निगरानी रखनी होगी। इसके लिए नगर परिषद के अधिकारी प्रभावित गली-मोहल्लों का निरीक्षण करके पानी की निकासी करवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही सरस्वती नदी के शहरी क्षेत्र पर बोर्ड के अधिकारी निगरानी रखेंगे तथा सरस्वती नदी की साफ-सफाई को भी निरंतर करवाना सुनिश्चित करेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को देर सायं सर्किट हाउस में पानी निकासी और



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में पानी की निकासी नहीं हो रही, इसलिए अधिकारी शहर के प्रभावित क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण करें और पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध करवाएं। इस शहर में सरस्वती नदी के एरिया में बोर्ड के अधिकारी नियमित रूप से विजिट करेंगे और अधिकारियों और कर्मचारियों की डूयटी लगवाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि सरस्वती नदी के कारण शहर में जलभराव ना हो सके। उन्होंने नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियां को सख्त निर्देश दिए कि फिलहाल संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग की सडकों पर गडढ़ों को अस्थाई रूप से दुरुस्त करना सुनिश्चित करें और बारिश के बाद सडकों का पैचवर्क करें, ताकि शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से पहले शहर की सडकों के साथ-साथ विकास कार्यों के लंबित टेंडरों को जल्द लगवाया जाए, ताकि महोत्सव से पहले विकास कार्यों को पूरा किया जा सके। इस मामले को गंभीरता से लेकर टेंडर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

## संदीप अरोड़ा हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक अवार्ड से सम्मानित





**रतिया, 2 सितम्बर ( अमन सेठी ) :** भिवानी में आयोजित जोहड़ी वाला प्राचीन हनुमान नरसिंह मंदिर में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जोहड़ी मंदिर के महंत चरण दास महाराज जी के सानिध्य में रहा। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 18 साल से अपनी सेवाएं दे रहे रतिया के पी. एल. जिंदल कान्वेंट स्कूल के वाइस प्रिंसीपल संदीप अरोड़ा को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड भिवानी-महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चैयरमैन डॉ पवन कुमार, डिप्टी डीईओ शिवकुमार, विशिष्ट अतिथि हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन, महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी एवं गणमान्यों द्वारा देकर सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय है कि वाइस प्रिंसीपल संदीप अरोड़ा शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 18 साल से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं , पहले भी विभिन्न संस्थाओं से सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

## पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट सेल टीम ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 2 सितम्बर ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस ने एंटी व्हीकल थेप्ट सेल की टीम ने नाकाबंदी के दौरान से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान आरोपी से चार बाइक तथा चोरी की बाइक को खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उससे चोरी की सात बाइक बरामद करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने नाकाबंदी के दौरान आरोपी धीरज को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी से चोरी की कुल चार बाइक बरामद की थी। आरोपी धीरज ने बताया कि वह बाइक चोरी करके जिला सहारनपुर के गांव लुंडी निवासी सुधांशु उर्फ दीपांशु पुत्र नीतू सिंह को बेच देता था। पुलिस टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी सुधांशु को गिरफ्तार किया। जिससे चोरी की कुल 7 बाइक बरामद हुई। दोनों आरोपियों से चोरी की कुल 11 बाइक बरामद की। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## पंच से मंत्री तक का सफर, जनता के दिलों में आज भी अमर हैं स्व. जयसिंह राणा



**तरावड़ी, 2 सितम्बर ( छाया शर्मा ) :** हरियाणा के पूर्व मंत्री और नीलोखेड़ी हल्के से चार बार विधायक रहे स्वर्गीय जयसिंह राणा जी की पुण्यतिथि पर क्षेत्र की जनता उन्हें नमन कर रही है। राणा जी का राजनीतिक और सामाजिक जीवन आज भी लोगों के लिए प्रेरणादायी है। जयसिंह राणा ने 1969 में पंच बनकर जनसेवा का सफर शुरू किया। इसके बाद 1972 में नड़ाना गांव के सरपंच चुने गए और 1972 से 1977 तक नीलोखेड़ी पंचायत समिति के चेयरमैन पद पर रहे। 1987 में पहली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बने। 1991 में दूसरी बार निर्दलीय विधायक चुने गए। 1996 और 2005 में कांग्रेस की टिकट पर तीसरी और चौथी बार विधानसभा पहुंचे। विधायक रहते हुए वे हरियाणा हाउसिंग बोर्ड के मंत्री भी रहे। अपने सादगीपूर्ण स्वभाव, मिलनसार व्यवहार और जनता से जुड़े रहने की वजह से राणा जी ने राजनीति को हमेशा सेवा का माध्यम माना। यही कारण है कि आज उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर, जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक कार्यों के जरिए उन्हें याद किया जाता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि विधायक ओर मंत्री रहे जयसिंह राणा की सोच और कार्यशैली ही उन्हें अलग पहचान देती थी। आज भी नीलोखेड़ी हल्के की जनता उन्हें श्रद्धा और आदर के साथ याद करती है। काबिलेगौर है कि उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर परिवारिक सदस्य क्षेत्र में विभिन्न सेवा कार्य आयोजित करते हैं। रक्तदान शिविर, जरूरतमंदों को वस्त्र व खाद्य सामग्री वितरण जैसे कार्यक्रमों के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है बड़ी संख्या में लोग उनकी याद में एकत्रित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं। लोगों ने कहा कि स्व. जयसिंह राणा अपने जीवनकाल में हमेशा समाजसेवा और जनहित के लिए समर्पित रहे। उनका राजनीतिक और सामाजिक जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है।

## सफीदों में करंट लगने से युवक की मौत



**सफीदों, 2 सितम्बर ( एस.के. मित्तल ) :** नगर के मेन बाजार स्थित एक गारमेंट्स की दुकान पर काम करने वाले एक युवक की सोमवार को करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक दुकान की छत पर भरे पानी को निकालने के लिए गया था। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल सफीदों में रखवाया। इस घटना की खबर पूरे शहर में फैल गई और काफी तादाद में दुकानदार व लोग नागरिक अस्पताल में जमा हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बलराज (24) मूल निवासी सरफली खेड़ी (करनाल) हाल निवासी हनुमान मंदिर वाली गली सफीदों मेन बाजार की एक गारमेंट्स की दुकान पर नौकरी करता था। बरसात के कारण दुकान की छत पर पानी भर गया था। पानी की निकासी के लिए बलराज लोहे की पाइप लेकर छत पर गया और जाम हुए पाइप को खोलने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान छत के समीप से गुजर रही बिजली की तारें उसकी लोहे की पाइप से टकरा गईं। पाइप के करंट से बलराज को जोरदार झटका लगा और वह मौके पर ही गिर पड़ा। दुकान पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने शोर मचाया और तुरंत उसे नीचे लाया। आनन-फानन में बलराज को सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की डेड बॉडी फिलहाल नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामले की आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# करोड़ों खर्च, पर बेकार पड़े क्यू शेल्टर

### यात्रियों को न धूप से राहत, न बरसात से बचाव; दुकानें बन गए कई शेल्टर



**नरवाना, 2 सितम्बर ( नरेन्द्र सिंहमार ) :** यात्रियों की सुविधा के लिए नेशनल हाईवे और शहर की मुख्य सड़कों पर लगाए गए क्यू शेल्टर (बस शेल्टर) अब अपनी असली भूमिका निभाने की बजाय खुद परेशानी का सबब बन चुके हैं। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए ये ढांचे अब खस्ता हालत में पड़े हैं। कहीं इनका इस्तेमाल फास्ट फूड रेहड़ी लगाने वाले कर रहे हैं तो कई शेल्टरों की छत पूरी तरह गायब हो चुकी है। मजबूरी में यात्रियों ने खुद ही कट्टों और प्लास्टिक से अस्थायी छत डालकर इंतजाम किया हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही से ये क्यू शेल्टर बेकार हो गए हैं। नियमित देखरेख और सफाई न होने के कारण यहां गंदगी और बदबू रहती है। यात्री वहां खड़े होने की बजाय खुले आसमान के नीचे सड़क किनारे बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। इससे न केवल



बरसात और धूप की समस्या झेलनी पड़ती है बल्कि सड़क पर खड़े होने से हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है। यात्रियों का कहना है कि बरसात में पानी से भीगना पड़ता है और गर्मियों में तपती धूप सहनी पड़ती है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा मुश्किलें उठानी पड़ती हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि जब शेल्टर से राहत ही नहीं मिल रही, तो फिर इनका निर्माण किस काम का। शहर के मुख्य बस अड्डे से लेकर नेशनल हाईवे तक कई जगहों पर क्यू शेल्टरों की यही दुर्दशा है। कई ढांचे पूरी तरह टूट चुके हैं और उनकी छत उड़ चुकी है। करोड़ों की लागत से बनाए गए ये ढांचे अब शोपीस बनकर रह गए हैं।स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि शेल्टरों की तुरंत मरम्मत करवाई जाए और उनकी नियमित देखरेख की जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही, जिन शेल्टरों का गलत इस्तेमाल हो रहा है, उस पर भी रोक लगाई जाए। नरवाना में खस्ता हालत में पड़े क्यू शेल्टरों के बारे में अधिकारियों से जानकारी लूंगा। यदि स्थिति खराब है तो जल्द इनको दुरुस्त करवाने का काम करेंगे और मौके पर जाकर मुआयना भी करेंगे। **सुरेंद्र, डीएमसी जींद**

# मुख्यमंत्री ने शाहबाद व पिहोवा के जलभराव से प्रभावित गांवों की स्थिति की ली फीडबैक

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के शाहबाद व पिहोवा के जलभराव से प्रभावित गांवों की फीडबैक ली है। इन प्रभावित गांवों में लोगों के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध करने के जिला प्रशासन को आदेश दिए हैं तथा पशुओं के लिए चारे का प्रबंध करने के लिए निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार देर रात्रि वीसी के जरिए उपायुक्तों से जलभराव की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को प्रबंध करने के आदेश दे रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों व जिलाधिकारियों से जल भराव के बारे में विस्तार से बातचीत की और आदेश दिए कि किसी भी व्यक्ति को दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कुरूक्षेत्र के उपायुक्त से शाहबाद मोहनपुर, कठुआ, झांसा, मलिकपुर, गुमटी, दयाल नगर, बाजीगर कालोनी, मदनपुर, तंगौर, मुगलमाजरा, पिहोवा के गांव करहा, अधोया, गंगहेडी, दिवाना, अजमतपुर, खजानपुर, डबरा, नैसी और जलबेडा गांव के जलभराव के बारे में विस्तार से जानकारी ली कहा कि लोगों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए और पशुओं के लिए चारे का प्रबंध किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन स्थिति को देखते हुए निजी सरकारी स्कूलों में छुट्टी से संबंधित आदेशों का सख्ती से पालना करवाई जाए। इसके अलावा स्कूलों में प्रभावित लोगों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था भी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि पंजाब के साथ लगते इलाकों में अगर पंजाब से लोग हरियाणा में पहुंचते हैं तो उनके लिए भी ठहरने व खाने का प्रबंध किया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने फीडबैक देते हुए कहा कि अभी आबादी वाले क्षेत्र में पानी नहीं आया है। इस जिले में जलभराव से प्रभावित 18 गांवों के निजी व सरकारी स्कूलों में मंगलवार की छुट्टी कर दी है। इस गांवों में अधिकारी 24 घंटे नजर रखे हुए है। गांव कठुआ में एसडीआरफ की टीम नियुक्त कर दी है। इस मौके पर एडीसी महावीर प्रसाद, एसडीएम पकंज सेतिया, डीएमसी अमन कुमार, सीईओ जिला परिषद शंभू राठी, डीआरओ चेतना चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता टीम ने नागरिकों को पार्क में स्वच्छता बनाए रखने बारे किया जागरूक

### *स्वच्छता अभियान में आशा वर्कर की हो सकती है महत्वपूर्ण भागीदारी : संदीप लोहट*

**घरौंडा, 2 सितम्बर( नरेंद्र लाठर ) :** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत नगर पालिका घरौंडा ने एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जो पूरे शहर में 7 नवम्बर तक चलाया जाएगा। स्वच्छता टीम द्वारा मंगलवार को घरौंडा कलस्टर की आशा वर्करों की स्वच्छता अभियान के विषय पर मीटिंग ली गई। जिसमें मुख्य रूप से लाइब्रेरियन संदीप लोहट, मोटिवेटर रेनू भूषण, सफाई निरिक्षक राहुल बिगनिया, ब्लॉक कॉर्डिनेटर अभिषेक चौहान मौजूद रहे। मुख्य वक्ता सन्दीप लोहट ने अपना सम्बोधन हम सब ने ठाना है घरौंडा को स्वच्छ बनाना है से



शुरू करते हुए आशा वर्करों को कहा कि नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य घरौंडा को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। इनके मार्गदर्शन में घरौंडा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश में 10वीं रैंक आने पर बधाई भी दी। जिसका श्रेय हमारे मेहनती सफाई मित्रों, कर्मचारियों और नागरिकों को जाता है।उन्होंने आशा वर्करों को अपील करते हुए कहा कि आशा वर्कर प्रत्येक घर तक पहुंच रखती है इसलिए स्वच्छता अभियान जैसे पुण्य कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। आप सभी स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी दें, ताकि स्वच्छता को लेकर शहर में जन अंदोलन चले और प्रत्येक नागरिक शहर की स्वच्छता और सुंदरता को लेकर अपनी भूमिका अदा कर सके। मोटिवेटर रेनू भूषण ने पार्क में घूमने वाले नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नागरिक अपने परिवेश व पार्क को साफ-सुथरा बनाए रखें और कचरे को डस्टबिन में ही डालें, ताकि हमारी गलियां, सडक़ें, बाजार व सार्वजनिक स्थान साफ-सुथरे बने रहें। उन्होंने कहा कि शहर की साफ-सफाई के साथ-साथ हमें पर्यावरण संरक्षण की ओर भी ध्यान देना चाहिए। इसके लिए हमें आज से ही सिंलग यूज प्लास्टिक व हानिकारक पॉलीथिन के प्रयोग को बंद करना होगा। नागरिकों को संकल्प लेना चाहिए कि वह भविष्य में कभी भी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे और दूसरे लोगों को इसके बारे में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में मोटिवेटर रेनू भूषण, सफाई निरिक्षक राहुल बिगनिया, ब्लॉक कॉर्डिनेटर अभिषेक चौहान, राजेश कुमार, टीनू, आशा वर्कर ममता, प्रोमिला, केला देवी, कविता, बबीता, रीना, रजनी, अंजू व नपा कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसडीएम के नेतृत्व में मेन बाजार, मेन मार्केट, रामकुंडी क्षेत्र और खेड़ा मार्ग से हटवाया अतिक्रमण



**लाडवा, 2 सितम्बर ( राम गोपाल ) :** एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि नागरिकों के लिए बाजार में आना-जाना सुगम व सुरक्षित हो, इसके लिए अतिक्रमण हटना जरुरी है। सडक़ों पर यदि अतिक्रमण होगा तो आमजन, दुकानदारों और वाहन चालकों सहित सभी को परेशानी होती है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की है कि वो दुकानों के बाहर सामान ना रखें। एसडीएम पंकज सेतिया मंगलवार को नगर पालिका की टीम को लेकर मेन बाजार, मेन मार्केट, रामकुंडी क्षेत्र और खेड़ा मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ एसडीएम ने दुकानदारों को समझाया कि दुकानों के सामने सामान ना रखें। उन्होंने कहा कि लाडवा में स्वच्छता अभियान चला हुआ है। इसके तहत हर दुकानदार अपनी दुकानों पर डस्टबिन रखें। साथ ही दुकान के अंदर और बाहर के क्षेत्र में सफाई का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में अहम योगदान देने के लिए अतिक्रमण हटाने से काफी समस्याओं का हल हो जाएगे। एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि नगर पालिका लाडवा की टीम को साथ लेकर शहर में समय-समय पर अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। जब सडक़ पर अतिक्रमण नहीं होगा तब स्कूली व अन्य वाहनों का आना-जाना आसान होगा। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि वो दोबारा से अतिक्रमण किया तो दोबारा से जुर्माना व अन्य कार्रवाई की जाएगी।

# कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बरसात और जलभराव के कारण से घरों व अन्य जानमाल के नुकसान के आंकलन के दिए निर्देश

**हिसार, 2 सितम्बर ( ब्यूरो ) :** कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को बरसात और जलभराव के कारण से घरों व अन्य जान-माल के नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाएगी। इसलिए इस कार्य को विभागों के अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। गांव भगाणा में जलभराव की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अधिकारियों द्वारा किए जा रहे जल निकासी प्रबंधों की भी समीक्षा की।



उन्होंने बताया कि फसलों को हुए नुकसान का भी निरंतर आकलन करते हुए रिपोर्ट सरकार को भेजी जा रही है। इसके फलस्वरूप अभी तक 81 गांवों में हुए नुकसान के लिए किसानों से क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिए जा रहे हैं। अभी तक पोर्टल पर 10 हजार 266 किसानों ने फसल खराबे का 65 हजार 235 एकड़ रकबा दर्ज किया है। पोर्टल पर जल्द ही अन्य गांवों के नाम भी शामिल किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मौसमी आपदा के इस समय में सरकार की संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस आपदा से निपटने के लिए पूर्ण गंभीरता और संसाधनों के साथ निरंतर कार्य करने की हिदायत दी गई है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, खंड विकास अधिकारी प्रथम विशाल बाजवा, विश्वेंद्र यादव, एसीपीओ मोहित, मोनू भगाणा, रामफल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए उझाना गांव के लोग, घर-घर जाकर जुटा रहे राहत सामग्री

**नरवाना, 2 सितम्बर ( नरेन्द्र सिंहमार ) :** नरवाना के गांव उझाना के ग्रामीणों ने पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए सराहनीय पहल की है। गांव के लोगों ने अनाज और खाने-पीने की सामग्री एकत्र करना शुरू कर दिया है, ताकि इसे जल्द से जल्द प्रभावित जिलों तक पहुंचाया जा सके।ग्रामीण गुरुदेव, रमेश वीर, गुरमेल, जतिन, विजय और संदीप ने बताया कि इस मुहिम में गांव के युवाओं ने सबसे ज्यादा बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है। युवा टोली घर-घर जाकर राहत सामग्री जुटा रही है और हर घर से सहयोग मिल रहा है।सुरजीत, मनीष, कर्मवीर और कुलबीर ने जानकारी दी कि अब तक करीब 2000 मन्न गेहूं ,



सब्जियां, तेल अन्य राशन का समान ट्रालियों मै इक्ट्ठा करके एकत्र किया जा चुका है। इसे सबसे पहले नजदीकी प्रभावित जिला कपूरथला भेजा जाएगा, जहां गुरुद्वारों के माध्यम से यह सामग्री जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचेगी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो दिनों से लगातार यह अभियान चल रहा है और आने वाले दिनों में सामग्री की मात्रा कई गुना बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की मदद करना मानवता का सबसे बड़ा धर्म है और जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, यह मुहिम जारी रहेगी।गांववासियों का यह प्रयास न केवल बाढ़ पीड़ितों के लिए बड़ी राहत साबित होगा बल्कि समाज में भाईचारे और इंसानियत की अनूठी मिसाल भी पेश करेगा। इस मौके पर गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# घग्गर के साथ लगते गांवों में ग्राम सचिव, सरपंच, चौकीदार सहित अन्य कर्मचारियों की गठित की जाएगी कमेटी : कैप्टन प्रमेश सिंह

**कैथल, 2 सितम्बर ( प्रवेश बहादुर ) :** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने बारिश व घग्गर के जल स्तर को लेकर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय चीका के हॉल में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने स्टेशन पर तैनात रहें और अलर्ट रहें। उन्होंने कहा कि घग्घर के साथ लगते गांवों में टीमें गठित की जाएगी, जो गांव में निरंतर स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ लोगों को जागरूक भी करेंगी। इन टीमों में ग्राम सचिव, सरपंच, चौकीदार, लाइनमैन तथा शिक्षा विभाग से एक



सदस्य शामिल रहेंगे। यदि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या या परेशानी है तो इसकी सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों को देना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को समय रहते राहत दी जा सकें एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने अधिकारियों ने निर्देश जारी किए कि वे ऐसे सुरक्षित स्थानों को चिन्हित करें, जिनका इस्तेमाल आपातकालीन स्थिति में किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो सभी स्थानीय सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को राहत सामग्री दी जाएगी, तो उसका वितरण सही प्रकार से किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे एंबुलेंस, फर्स्ट एड तथा अन्य जरूरी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। आशा वर्कर व एएनएम अपने-अपने गांवों में उपस्थित रहकर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को कहा कि आपातकालीन स्थिति में यदि गांव में जलभराव की समस्या से बिजली बाधित होती है तो लाइनमैन व अन्य स्टाफ डयूटी पर रहते हुए बिजली व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे डयूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग करें। कोई भी अफवाहों न फैलाए और न ही अफवाहों पर ध्यान दें। सोशल मीडिया पर पुराने बाढ़ के वीडियो व फोटो शेयर न करें। जिला व स्थानीय प्रशासन द्वारा इन पर निगरानी की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति गलत अफवाह फैलाने में संलिप्त पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार बंसीलाल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जगजीत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप, सिंचाई विभाग से एसडीओ अजमेर सिंह, बिजली विभाग से एसडीओ राहुल यादव, डॉ. अमन बंसल सहित विभिन्न गांवों के पटवारी व ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

# श्याम प्रेमियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है खाटू श्याम मंदिर : प्रमोद बंसल



**तरावड़ी, 2 सितम्बर ( छाया शर्मा ) :** श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट ने मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सहयोग देने वाले सभी श्याम भक्तों एवं तरावड़ी शहरवासियों का आभार जताया है।

ट्रस्ट से जुड़े प्रमोद बंसल, विनित बंसल, अशोक बंसल ने कहा कि हमारे आराध्य श्री श्याम बाबा के भव्य मंदिर का निर्माण और हाल ही में सम्पन्न प्राण प्रतिष्ठा समारोह सभी के आशीर्वाद, समय, श्रम और सहयोग के बिना संभव नहीं था। इस मंदिर की हर ईंट और हर पत्थर श्याम भक्तों की श्रद्धा और विश्वास की गवाही देता है। यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि हम सबके अटूट विश्वास और भक्ति का प्रतीक है। ट्रस्ट ने विशेष रूप से उन सभी कार्यकारिणी सदस्यों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाया। ट्रस्ट के संरक्षक प्रमोद बंसल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि समाज के हर वर्ग ने इस पावन कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग और आशीर्वाद हमें प्राप्त होता रहेगा। श्याम बाबा की कृपा और भक्तों का प्रेम ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। अंत में ट्रस्ट ने सभी भक्तों और शहरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी का सहयोग और आशीर्वाद ही ट्रस्ट की सबसे बड़ी पूंजी है।

# डीसी ने जिले में जलभराव वाले क्षेत्रों में किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा की

**हिसार, 2 सितम्बर ( ब्यूरो ) :** उपायुक्त अनीश यादव ने बरसात व ड्रेन टूटने के कारण से जिले के विभिन्न गांवों में अभी तक किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने इस दिशा में विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट ली और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जन स्वास्थ्य, सिंचाई, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को उपायुक्त ने हालात के मद्देनजर अग्रिम प्रबंध करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की और से ऐसे आबादी क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने की हिदायत दी जहां जलभराव हुआ है। साथ ही जन स्वास्थ्य विभाग को ऐसे क्षेत्रों में पेयजल की जांच करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने असुरक्षित मकानों को निरीक्षण कर वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर आश्रय उपलब्ध करवाने की भी हिदायत दी। उन्हें अवगत करवाया गया कि कुछ क्षेत्रों में गलत ढंग से सड़कें, दिवारें इत्यादी तोडकर् पानी को दूसरे क्षेत्रों में निकाला



जा रहा है।

इससे बहुत से लोगों को दिक्कते हो रही हैं। इस पर उपायुक्त ने सबंधित विभागों के अधिकारियों को आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने हिसार मैन ड्रेन, हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन, पुट्ठी-मुंढाल लिंक ड्रेन, बालसमंद सब ब्रांच पंप हाउस, कैंट क्षेत्र स्थित सातरोड़ पंप हाउस की कार्यशीलता की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि ड्रेन के तटबंधों की मजबूती पर फोकस किया जाए। जहां पर भी जरूरत हो वहां नियमित निगरानी की जाए। निचले क्षेत्रों की जल निकासी व्यवस्था को और ज्यादा सुदृढ़ किया जाए और जल निकासी हेतु मोटर, पंप सेट, इंजन, मिट्टी के कट्टे, पोर्टेबल पंप आदि अन्य उपकरणों की अतिरिक्त व्यवस्था की जाए।

# ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे-मुन्नों ने किए गणपति के दर्शन

**लाडवा, 2 सितम्बर ( राम गोपाल ) :** श्री गणेश उत्सव के अवसर पर मंगलवार को ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्री गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। बच्चे लाडवा में बीरे की चक्की के पास चल रहे 12वें गणेश उत्सव में पहुंचे, जहाँ विशाल प्रतिमा की स्थापना की गई है। इस दौरान बच्चों ने न केवल गणपति जी की आरती की बल्कि प्रसाद ग्रहण कर उल्लासपूर्वक उत्सव



का आनंद भी लिया। वातावरण बच्चों की हंसी और भक्ति गीतों से गूंज उठा। स्कूल की प्रधानाचार्या रितु सिंगला ने कहा कि भगवान श्री गणेश विघ्नहर्ता हैं।

किसी भी पूजा की शुरुआत हमेशा उन्हीं के स्मरण से होती है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि बच्चों को बचपन से ही धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ा जा रहा है। रितु सिंगला ने आगे कहा कि गणपति जी बुद्धि और विवेक के देवता हैं। यदि जीवन में सफलता, सुख और समृद्धि चाहिए तो सबसे पहले गणपति का आशीर्वाद आवश्यक है। गणेश उत्सव जैसे आयोजन न सिर्फ भक्ति का प्रतीक हैं बल्कि बच्चों को संस्कार सिखाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। ऐसे अवसर बच्चों के मन में यह संदेश छोड़ते हैं कि जीवन में हर शुरुआत सकारात्मक सोच और आस्था से करनी चाहिए। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी न केवल शिक्षा में बल्कि संस्कार और संस्कृति से भी जुड़े रहें।

# एमएससी हॉर्टिकल्चर में दाखिला के लिए विद्यार्थियों के लिए उत्साह, भरी सभी सीटें

**करनाल, 2 सितम्बर ( रविन्द्र मलिक ) :** महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल में मंगलवार को एमएससी हॉर्टिकल्चर में प्रथम काउंसलिंग के बाद लिस्ट जारी कर दी। प्रथम सूची लगने के बाद विद्यार्थी खासे खुश नजर आए जबकि कई विद्यार्थी के चेहरे उतर गए, क्योंकि वे मैरिट लिस्ट में जगह बनाने से रह गए। क्योंकि मैरिट लिस्ट में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। एमएचयू के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि मंगलवार को स्नातकोत्तर हॉर्टिकल्चर में एडमिशन के लिए काउसलिंग की गई, मैरिट लिस्ट जारी की गई। जिसके बाद सभी सीटों पर एडमिशन प्रक्रिया पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि एमएचयू उत्तर भारत के मैदानी इलाकों की प्रथम बागवानी विश्वविद्यालय है, यूनिवर्सिटी में दाखिला के लिए विद्यार्थियों के लिए काफी उत्साह रहता है। एडमिशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कक्षाएं शुरू हो जाएगी। माननीय कुलपति प्रो सुरेश ने बताया कि एमएचयू लगातार देशभर में बागवानी के क्षेत्र में शैक्षणिक, अनुसंधान ओर प्रचार प्रसार के कामों में तेजी से काम कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे है। एमएचयू के विद्यार्थी देशभर में विभिन्न विधाओं में भाग लेकर एमएचयू का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि दिसम्बर माह में एमएचयू के चार विद्यार्थी जापान की कोच्चि यूनिवर्सिटी में समझौते के तहत एजुकेशन के लिए जाएगे। जो एमएचयू के लिए बड़े गर्व की बात है। कुलपति ने कहा कि एमएचयू में पढ़ाई का पूरा माहौल है, जिसकी बदौलत एमएचयू लगातार हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों से अपील कि वे कड़ी मेहनत से पढ़ाई करें, जिससे वे बागवानी के क्षेत्र में अपना ओर यूनिवर्सिटी का नाम रोशन कर सकें ओर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना अहम योगदान दे सकें ।एडमिशन करने वाली टीम में कुलसचिव सुरेश सैनी, अनुसंधान निदेशक डॉ धर्मपाल, डीन प्रो रमेश गोयल, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ किरण सहित अन्य शामिल रहे।

# बाढ़ आपदा से बचाव के लिए अधिकारियों की लगाई ड्यूटी : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लगातार बारिश होने के कारण नदियां, नाले और नहरें उफान पर है। इस बारिश मारकंडा, सरस्वती नदी में भी पानी का बहाव ज्यादा है। इस स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को बाढ़ जैसी आपदा से लोगों को बचाने के लिए समय रहते प्रबंध पूरे करने के आदेश दिए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हिमाचल और उत्तरी भारत में हो रही बरसात के चलते जिले के कुछ गांव में जलभराव की स्थिति होने की संभावना है। ऐसे में निचले इलाकों में लगातार जलस्तर बढ़ने से कुछ गांव का दूसरे क्षेत्र व शहर से सम्पर्क टूट सकता है। इनमें उपमंडल पिहोवा और उपमंडल शाहबाद का एरिया शामिल है। इन गांवों की स्थिति की सूचना जिला प्रशासन तक लगातार पहुंचे इसके लिए अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए आमजन को जानमाल तथा किसी भी प्रकार के नुकसान और जलभराव जैसी समस्या से बचाने के लिए अधिकारी सहायता करेंगे। ये अधिकारी इन गांव में पीने के पानी, बिजली, खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य सुविधाएं सहित अन्य जरूरत की व्यवस्थाओं को



करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि रात्रि 11 बजे से सुबह 6 बजे तक पिहोवा उपमंडल के गांव कराह, अध्योया, दिवाना में जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित गर्ग, गांव अजमतपुर, खंजरपुर, झांसा में इस्माइलाबाद नायब तहसीलदार सागर को नियुक्त किया गया है। इसी तरह गांव टबरा, नैसी, जलबेहड़ा, गंगहेडी में बीडीपीओ इस्माइलाबाद अंकित को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक पिहोवा उपमंडल के गांव कराह, अध्योया, दिवाना में जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता अजय, गांव अजमतपुर, खंजरपुर, झांसा में पिहोवा तहसीलदार पूनम को नियुक्त किया गया है। इसी तरह गांव टबरा, नैसी, जलबेहडा, गंगहेडी में नगरपालिका सचिव इस्माइलाबाद प्रिंस को नियुक्त किया गया है। इसी तरह रात्रि 11 बजे से सुबह 6 बजे तक उपमंडल शाहबाद के गांव तंगौर, कठवा, मुगल माजरा में बीडीपीओ शाहबाद कृष्ण, गुमटी, मलिकपुर, दयाल नगर,बाजीगर कालोनी, मदनपुर में शाहबाद तहसीलदार नवनीत को नियुक्त किया है। इसी तरह सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक गांव तंगौर, कठवा, मुगल माजरा में सिंचाई विभाग के उपमंडल अभियंता अनिल शर्मा, गांव गुमटी, मलिकपुर, दयालपुर, बाजीगर कॉलोनी, मदनपुर में नगरपालिका सचिव शाहबाद बम्भूल सिंह को नियुक्त किया है।

# पेड़ पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग : अमन कुमार

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद थानेसर की तरफ से शहर के कई पार्कों में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जहां पार्कों में पौधारोपण के साथ-साथ पेड़ों की कटाई छटाई की जा रही है। वहीं वार्डों में भी कर्मचारियों के द्वारा विशेष टीम लगाकर सफाई करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को सेक्टर 8, कृष्णानगर व गुरदेव नगर के पार्कों में भी पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर करीब 80 पौधे पार्क में लगाए गए, जिसमें सभी छायादार और शहर की सुंदरता को बढ़ाने वाले पौधे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में वाह फाउंडेशन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी ड्यूटी केवल पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि पौधे लगाने के बाद उसके रखरखाव का भी ध्यान रखना चाहिए। अक्सर देखने में आता है कि हम लोग पौधे लगाने के बाद उसको भूल जाते हैं जबकि उसका रखरखाव करना भी हमारी जिम्मेवारी बनती है। डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इनके बिना जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल है। यदि हमारी धरती पर पेड़ पौधे ज्यादा होंगे तो उतना ही साफ स्वच्छ वातावरण मिलेगा और हमें साफ हवा मिलेगी, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ हम भी स्वस्थ रहेंगे। इसलिए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि एक पौधा अपने जीवन में जरूर लगाए और उसके रखरखाव भी जिम्मेवारी अपने ऊपर ले।



# जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा बैठक आयोजित

**हिसार, 2 सितम्बर ( ब्यूरो ) :** डीसी अनीश यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) तथा पीसीपीएनडीटी व एमटीपी एक्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई।



नार्कोटिक्स समन्वय समिति की समीक्षा के दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बैठक में ही नशा प्रभावित व्यक्तियों को फोन लगाकर प्रतिक्रिया लेने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं ही सूची में से प्रभावित व्यक्ति चिन्हित किए और फिर विभाग के अधिकारियों को उनसे बात करने के लिए कहा। इस दौरान प्रभावित व्यक्तियों से नशा मुक्ति के लिए चल रहे इलाज के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से ली जाने वाले रिपोर्ट के बारे में पूछा गया। प्रभावित व्यक्तियों द्वारा फोन पर दी गई प्रतिक्रियाओं के आधार पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर संतोष जाहिर किया और कहा कि प्रभावित व्यक्तियों के साथ संवाद टूटना नहीं चाहिए। बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि अभी तक लगभग 26 ड्रग पैडलर के संबंध में सूचनाएं मिली हैं। इस पर उपायुक्त अनीश यादव ने पुलिस विभाग को कम से कम 10 ड्रग पैडलर के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट उन्हें देने की हिदायत दी। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वे नशा मुक्ति केंद्रों का औचक निरीक्षण समय-समय पर करते रहे ताकि केंद्रों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत द्वारा जिले के सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। ड्रग कंट्रोलर को मेडिकल स्टोर्स पर लगातार औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार से उपायुक्त अनीश यादव ने पीसीपीएनडीटी और एमटीपी एक्ट की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम और बेहतर लिंगानुपात के लिए किए गए प्रभावी कदमों की समीक्षा की गई। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी प्रत्येक सप्ताह एएनएम और आशा वर्करों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। सभी एएनसी मामलों में 100 प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। विभाग के अधिकारियों द्वारा उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि आदमपुर क्षेत्र के एक आरोपी के विरूद्ध एमटीपी एक्ट में शिकायत दर्ज करवाई गई थी, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस पर उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि 10 माह से अधिक गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण करने वाली 15 एएनएम तथा 34 आशा वर्करों को नोटिस दिए गए थे। इनमें से 34 पर पेनल्टी लगाई गई है। इस पर उपायुक्त ने सख्त हिदायत दी कि ऐसे मामलों की सूक्ष्मता से निगरानी की जानी चाहिए। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगराधीश हरिराम, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओम आयुर्वेदा ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बढ़ाया मदद का हाथ, ट्रॉली भरकर भेजा जरूरी सामान




**सफीदों, 2 सितम्बर ( एस.के. मित्तल ) :** बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे लोगों के लिए ओम आयुर्वेदा ने मानवता की मिसाल पेश की है। सफीदों के ओम आयुर्वेदा के संचालक विकास कुमार और योगेश कुमार ने बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा को समझते हुए एक बड़ी राहत पहल शुरू की है। एक पूरी ट्रॉली भरकर जरूरी सामान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया है, जिसमें खाद्य सामग्री, कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। इस नेक कार्य ने न केवल पीड़ितों के लिए उम्मीद की किरण जगाई है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा बनकर उभरा है। जानकारी के अनुसार, ओम आयुर्वेदा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए ट्रॉली में 40 मण गेहूं, 10 मण चावल, 5 मण दाल, एक क्विंटल चीनी, 11 कट्टे आलू, 6 कट्टे प्याज, 15 पेटी पानी, 5 पेटी जलजीरा, तेल, अन्य खाद्य सामग्री और दो बोरे नए कपड़े शामिल किए हैं। यह सामान बाढ़ प्रभावित लोगों की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक चुना गया है। ट्रॉली को लोड करने का कार्य पूरी मेहनत और लगन के साथ किया गया, जिसे नगर के लोगों ने सराहा। इस अवसर पर ओम आयुर्वेदा के संचालक विकास कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ व्यापार करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना भी है। बाढ़ ने कई परिवारों को बेसहारा कर दिया है। हमने सोचा कि इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। यह छोटा सा प्रयास उन लोगों के लिए राहत और उम्मीद लेकर आएगा, जो इस आपदा से जूझ रहे हैं। इस पहल की शुरुआत तब हुई, जब विकास और योगेश ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की दयनीय स्थिति को देखा। उन्होंने तुरंत अपने संसाधनों को एकजुट किया और मदद के लिए राहत सामग्री तैयार की। ट्रॉली को सभी जरूरत के सामान से लोड कर सहायता के लिए रवाना किया। उनके इस कार्य ने मानवता का अद्भुत उदाहरण पेश किया। यह पहल न केवल बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत का काम करेगी, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगी। ओम आयुर्वेदा ने अपने इस प्रयास से यह साबित कर दिया है कि मुश्किल वक्त में एक छोटा सा कदम भी बड़ा बदलाव ला सकता है। नगरवासियों ने इस पहल की जमकर सराहना की और इसे सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बताया। ओम आयुर्वेदा ने आम लोगों से भी इस नेक काम का हिस्सा बनने की अपील की है।

# खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं : अमित सैनी

**बाबैन, 2 सितम्बर ( राजेश कुमार ) :** गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैरी में आयोजित खेल प्रतियोगिता में समाजसेवी अमित सैनी पोंकी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। समाजसेवी अमित सैनी पोंकी ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं खेल भावना को जीवन का अहम हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। अमित सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। समाजसेवी अमित सैनी ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताऐं प्रतिभाओं को निखारने का अवसर देती हैं। इस मौके पर खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल मुकाबलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने अमित सैनी पोंकी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से गांव स्तर पर खेलों को और अधिक गति मिलेगी। इस मौके पर प्रधान संजय सैनी, गुलजार सिंह, नरेश कुमार, मनोज कुमार, सुरजीत सिंह, राहुल शर्मा, रिंकू सैनी, वैभव शर्मा, जीत सिंह, विजय कुमार, ओम प्रकाश सहित अन्य उपस्थित रहे।



# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए हर समय तैयार रहें अधिकारी : अभिनव सिवाच

**पिहोवा, 2 सितम्बर( विवेक ) :** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच ने कहा कि हिमाचल व उत्तरी क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण मारकंडा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिस कारण पिहोवा उपमंडल में भी बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। पिहोवा के निचले इलाकों में जलभराव होने, यातायात बाधित होने तथा अन्य समस्याएं पैदा होने की प्रबल संभावनाए हैं।




इसलिए प्रशासन द्वारा अधिकारियों की टीमे गठित की गई हैं, जो दिन-रात बाढ़ स्थिति पर निगरानी रखेंगी तथा आमजन की सुरक्षा का ध्यान रखेंगी। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि गांवों में व्यवस्था के लिए अधिकारियों की टीम नियुक्त की गई है।

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित गर्ग व जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता अजय को पिहोवा के गांव कराह साहिब, अधोया व दीवाना के लिए नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त तहसीलदार पिहोवा पूनम व इस्माईलाबाद तहसीलदार सागर को गांव अजमतपुर, खंजरपुर तथा झांसा के लिए तथा नगरपालिका सचिव इस्माईलाबाद प्रिंस व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी इस्माईलाबाद अंकित पुनिया को गांव टबरा, नैसी, जलबेड़ा तथा गंगहेड़ी के लिए नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, किसी भी नागरिक को पैनिक होने की जरुरत नहीं है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि वो बिना कारण घर से बाहर न निकलें। जरुरी होने पर पानी की स्थिति का पता करने के बाद ही बाहर जाएं। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त व 14 अगस्त को हुई बारिश के बाद ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया था। इस पोर्टल में बरसात से प्रभावित 75 गांवों को शामिल किया हुआ है।

मौजूदा जलभराव की स्थिति से यदि इनके अतिरिक्त कोई गांव प्रभावित होता है तो उसको भी पोर्टल में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसान किसी कारण से पोर्टल पर आवेदन नहीं कर पा रहे हैं तो उन गांवों में प्रशासन की तरफ से स्पेशल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पोर्टल पर ग्रामीण अपनी किसी भी प्रकार की हानि का आवेदन कर सकते हैं।

# बरास गांव का श्मशान घाट बदहाली का शिकार, बारिश में अधूरा रह गया अंतिम संस्कार, प्रशासन पर उठे सवाल

**निसिंग, 2 सितम्बर ( जोगिंद्र सिंह ) :** बरास गांव का श्मशान घाट प्रशासनिक लापरवाही और ग्राम पंचायत की अनदेखी का जीवंत उदाहरण बन चुका है। मुक्तिधाम का दर्जा मिलने के बावजूद आज तक यहां स्थायी निर्माण कार्य नहीं किया गया। न तो श्मशान घाट पर सैड बना है और न ही प्रांगण को पक्का किया गया है। इस कारण ग्रामीणों को कीचड़ और गंदगी के बीच अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है ।जब ग्राम पंचायत ने यहां पर सफाई की कोई शुध नहीं ली तो ग्रामीणों खुद यहां पर साफ सफाई का जिम्मा संभाला। सोमवार को स्थिति बेहद गंभीर हो गई। गांव निवासी संजय कुमार के आकस्मिक निधन के बाद अंतिम संस्कार के दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई। मजबूरी में ग्रामीणों ने चिता पर तिरपाल डालकर दाह संस्कार करने की कोशिश की, लेकिन बारिश के कारण शव पूरी तरह नहीं जल पाया। इस घटना से परिजनों को गहरी पीड़ा झेलनी पड़ी। ग्रामीण वीरेंद्र सिंह, बिट्ठू, रवि कुमार, सुभाष और विनोद ने बताया कि वे कई बार ग्राम सरपंच से श्मशान घाट पर सैड निर्माण की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार द्वारा श्मशान घाटों के लिए जारी किया जाने वाला अनुदान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि श्मशान घाट केवल धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का केंद्र है। ऐसे में बारिश और धूप से बचाव के लिए छत जैसी बुनियादी सुविधा का न होना प्रशासन की गंभीर लापरवाही को उजागर करता है।



अब बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार हर गांव के श्मशान घाटों के लिए अलग बजट देती है तो आखिर बरास गांव का मुक्तिधाम आज भी उपेक्षा का शिकार क्यों है। ग्रामीणों को अपमानजनक परिस्थितियों में अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार करने पर मजबूर क्यों होना पड़ रहा है?

श्मशान भूमि पर सैड नहीं होने का मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। जिस परिस्थिति में युवक का अंतिम संस्कार हुआ उसका मुझे बहुत खेद है। ग्राम सरपंच को निर्देश दे दिए गए हैं। मौसम खुलने के तुरंत बाद ही सैड निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**-शिखा, खंड पंचायत अधिकारी**

# हे-रेक, शर्व-मास्टर, रोटरी स्लैशर का पोर्टल पर सॉफ्टवेयर से जिला स्तरीय कमेटी आज करेगी ड्रा

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग उप निदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि बेलर मशीन के लिए चयनित किसान को हे-रेक एवं शर्व-मास्टर या रोटरी स्लैशर के चयन पोर्टल पर सॉफ्टवेयर द्वारा जिला स्तरीय कमेटी द्वारा 3 सितंबर ड्रा किया जाएगा। फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम 2025-26 के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए जिला कुरुक्षेत्र के किसानों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए गए है। जिला कुरुक्षेत्र में विभिन्न कृषि यंत्रों के कुल 2605 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के किसानों के सभी कृषि यंत्रों के लिए किए गए आवेदन स्वीकार कर लिए गए हैं।

अनुसूचित जाति के इलावा अन्य किसानों के विभिन्न कृषि यंत्रों के आवेदनों की संख्या के विरुद्ध 33 प्रतिशत आवेदनों का चयन पोर्टल पर कृषि विभाग द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर द्वारा ड्रा के माध्यम से चयन किया जाना है। जिन किसानों द्वारा बेलर मशीन के लिये आवेदन किया है, उनकी संख्या के विरुद्ध 28 प्रतिशत आवेदनों का चयन होना है।

उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा बेलर मशीन के लिए चयनित किसान को हे-रेक एवं शर्व-मास्टर या रोटरी स्लैशर लेने की अनुमति प्रदान की गई है। किसानों का चयन पोर्टल पर सॉफ्टवेयर द्वारा ड्रा के माध्यम से कांफ्रेंस हॉल उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय कमेटी द्वारा उपायुक्त कुरूक्षेत्र की अध्यक्षता में 3 सितंबर 2025 को सुबह साढ़े 10 बजे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्रा के उपरांत सूचियां सहायक कृषि अभियन्ता कुरुक्षेत्र कार्यालय में लगा दी जायगी। कृषि उप निदेशक डा. कर्मबीर ने कहा कि चयनित किसान अपने दस्तावेज जैसे आवेदन प्रिंट, पैन कार्ड, फैमिली आईडी, ट्रैक्टर की वैलिड आरसी, फसल ब्यौरा की प्रति, पोर्टल पर अपलोड किया गया स्वंय घोषणा पत्र की स्वंय हस्ताक्षरित प्रतियां सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में वेरीफिकेशन के लिए जमा करवानी होगी।

उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने पिछले 3 वर्षों में मशीन पर अनुदान का लाभ प्राप्त किया है, ऐसे आवेदकों के आवेदन रद्द माने जाएंगे। दस्तावेजों की जांच के उपरांत योग्य किसानों को मशीनों की खरीद के लिए ऑनलाइन परमिट जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान ऑनलाइन परमिट प्राप्त करके 25 सितंबर 2025 तक अपनी मशीनें विभाग द्वारा अनुमोदित निर्माताओं या डीलरों से खरीद कर अपने बिल, ई-वे बिल व फोटो इत्यादि पोर्टल पर अपलोड करवाएंगे।

# जिला कांग्रेस कमेटी ( शहरी ) करनाल के नए कार्यालय का उद्घाटन आज

**करनाल, 2 सितम्बर ( संदीप रोहिला ) :** जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) करनाल के नये कार्यालय का शुभारंभ आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के समीप गाबा हाउस, प्रथम तल करनाल में होगा। यह जानकारी कांग्रेस शहरी के जिलाध्यक्ष पराग गाबा ने दी।

उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सुखमनी साहिब का पाठ आयोजित किया जाएगा, जिसके उपरांत लंगर भोज की व्यवस्था रहेगी। पराग गाबा ने बताया कि यह अवसर उनके लिए व्यक्तिगत रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कांग्रेस परिवार के सभी संगठन, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवा दल, किसान सेल, ओबीसी सेल, राजीव गांधी पंचायती प्रकोष्ठ, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मुख्य रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम में विधायक, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक सहित गैर-राजनीतिक सदस्य व विभिन्न सामाजिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। उम्मीद है कि इस कार्यक्रम में सीनियर लीडर्स भी शामिल हो सकते है।



## कलायत में बाइक सवार बदमाश ने महिला से 3 लाख रुपये के गहने लूटे, पुलिस जांच में जुटी

**कलायत, 2 सितम्बर( सूबे सिंह ) :** कलायत में बाइक सवार बदमाश ने एक महिला से 3 लाख रुपये के सोने के गहने लूट लिए गए। यह घटना सोमवार देर शाम गोगामेड़ी मंदिर के पास हुई, जब महिला अपनी मां और बेटे के साथ बाजार से लौट रही थी। पीड़िता, ज्योति ने बताया कि बाइक सवार बदमाश ने उनका मंगलसूत्र, एक लॉकेट और एक सोने की गंठी छीन ली। बदमाश ने अपना चेहरा कपड़े से ढका हुआ था। लूट के बाद ज्योति ने उसका पीछा भी किया, जिससे मंगलसूत्र के कुछ टुकड़े मौके पर ही गिर गए। जो उसको मिल गए हैंपुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। जांच अधिकारी एसआई अमित कुमार ने बताया कि वे सीसीटीवी फुटेज देख रहे हैं और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## टोका के पास खड़ी कार को चोरों ने बनाया निशाना, शीशे तोड़े, सामान चोरी

**रायपुररानी, 2 सितम्बर( देवेन्द्र सिंह ) :** रामगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र के टोका गांव के नजदीक शुक्रवार रात को एक कार के साथ तोड़फोड़ और चोरी की वारदात सामने आई है। मामले में पीड़ित साहिल पुत्र अब्दुल निवासी मनीमाजरा ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित के अनुसार, 31 अगस्त की रात वह अपने होटल साहिल ढाबा से अपने निजी वाहन से घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में टोका के नजदीक उसकी कार का टायर अचानक फट गया। रात ज्यादा हो जाने के कारण साहिल ने गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और पैदल ही घर चला गया। हालांकि, अगली सुबह जब वह मौके पर लौटे, तो देखा कि गाड़ी के सभी शीशे टूटे हुए थे और गाड़ी में रखा एक बैग जिसमें निजी दस्तावेज और कुछ नकदी थी, वह भी गायब था। जिसके बाद पीड़ित ने तुरंत रामगढ़ चौकी में शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की।



# साधु-संतों की जीवनियों से मिलती है समरसता की प्रेरणा : कृष्ण बेदी

**नरवाना, 2 सितम्बर ( नरेन्द्र सिंहमार ) :** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि साधु-संतों की जीवनियों से आमजन को समरसता और प्रेमभाव से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। भौतिकवाद के इस युग में संतों के संदेश और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को उनके शिक्षाप्रद उपदेशों को आत्मसात कर समाज में आत्मीयता और भाईचारा कायम करना चाहिए। कैबिनेट मंत्री बेदी सोमवार संध्या को अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव बढ़नपुर में आयोजित 1008 पाबूजी महाराज जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम नायक समाज द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि पाबूजी महाराज हमेशा आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक तौर पर पिछड़े तबकों के जीवन उत्थान के प्रबल पक्षधर रहे। उनका मानना था कि समाज में संतुलन तभी संभव है जब गरीब और वंचित वर्ग को सम्मान और प्रगति के बराबर अवसर दिए जाएं। मंत्री बेदी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार




भी गरीब, दलित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कई फैसले लागू कर रही है। इन जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के वंचित वर्गों में आगे बढ़ने की नई आशा जगी है। किसान और मजदूरों के साथ-साथ सरकार का विशेष फोकस महिला और युवा कल्याण पर है। हाल ही में लागू की गई दीन दयाल उपाध्याय लाडो लक्ष्मी योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है। इसके तहत एक लाख रुपये सालाना से कम आय वाली पात्र महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। समारोह में नायक समाज की ओर से रखी गई मांगों को पूरा कराने का मंत्री ने आश्वासन दिया। इस अवसर पर बलदेव वाल्मीकि, एडवोकेट सुशील नायक, विशाल मिर्धा, रिछपाल शर्मा, सुरेंद्र हथो, दिनेश गोयल, सुरेंद्र प्रजापति, सत्यवान शर्मा, जोरा सिंह, बढ़नपुर, अमनदीप गुप्ता, सतीश सुरजाखेड़ा महेंद्र बेदी, मनदीप चहल, अमित ढाकल, जगमाल सिंह, आजाद वाल्मीकि, शक्ति राणा, तेजपाल शर्मा बलवान साक्य, सतप्रकाश सैनी, नरेश नैन दनौदा, सुरेश दनौदा, अनिल बढनपुर, मोनू, सुनील शर्मा, पुरूषोतम आर्य, मोहन लाल नायक, एमसी रणधीर कष्यप, राजकुमार प्रजापत, सतीश सैनी, आशीष एडवोकेट, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक फकीर चंद्र, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसबीर नैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व नायक समाज के सैंकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।

# राजकीय स्कूल की दीवार पर लिखे स्लोगन, नहीं लिखा महिला सरपंच का नाम, जेठ ने लिखवाया अपने नाम के सामने ग्राम सरपंच

**चिड़ाव, 2 सितम्बर ( प्रवीन कुमार ) :** आजादी के पश्चात सरकार ने महिला एवं पुरुष को संवैधानिक समानता का दर्जा दिया गया है। वर्तमान में परिस्थितियां कुछ बदली हुई है,लेकिन शिक्षित एवं स्वावलंबी नारी पुरुष प्रधान समाज में पिछे खड़ी हुई दिखती है। ऐसा ही मामला गांव औंगद के शिक्षा के मंदिर पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की मुख्य दीवार पर ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता सहित अन्य स्लोगन लिखवाए गए हैं। मौजूद महिला सरपंच के नाम की जगह जेठ प्रतिनिधि का नाम सरपंच के रूप में लिखा गया है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष पनप रहा है। ग्रामीण सूत्रों ने आरोप लगाया कि स्कूल की दीवार पर स्लोगन लिखे है और गांव की मौजूदा सरपंच मैना देवी का नाम नहीं लिखा गया है। इसका जिम्मेदार कौन है,जो कि एक गंभीर विषय है क्योंकि सरकार बेटी बचाव,बेटी पढ़ाओ का नारा दिया गया है। बेटियां आज के युग में किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है,लेकिन हमारे गांव की बहू बेटियां सरकार के आरक्षण के






कारण गांव की सरपंच ,पंच तो बन जाती है,लेकिन उन्हें धरातल पर भागीदारी दिखाने का मौका नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण महिलाओं को अपने गांव में काम करने का मौका दिया जाए तो ये महिलाएं गांव की तस्वीर बदलने से भी पीछे नहीं हटती है। गांव के मौके की महिला सरपंच का नाम न लिखवाकर जेठ ने ग्राम सरपंच लिखवा डाला। इस संबंध में स्कूल प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बताया कि मेरे कार्यकाल से पहले ग्राम सरपंच ने अपने स्तर पर स्वच्छता का संदेश देने के लिए स्कूल की दीवार पर स्लोगन लिखवा रखे थे, लेकिन महिला सरपंच का नाम न होकर जेठ प्रतिनिधि का नाम लिखा जाना सरासर गलत है। जिसको लेकर ग्राम सरपंच को सूचित कर जेठ प्रतिनिधि सरपंच का नाम हटवाकर महिला सरपंच का नाम लिखवाने के लिए कहा जाएगा।

स्कूल की दीवार पर स्लोगन में महिला सरपंच का नाम न लिखकर जेठ ने अपना नाम सरपंच लिखवाया जाना गलत है। *- गुरमालक सिंह, बीडीपीओ चिड़ाव*

# खिलाड़ी आरवी मदान का उड़ीसा से करनाल पहुंचने पर एस के मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया जोरदार स्वागत

**करनाल, 2 सितम्बर ( संदीप रोहिला ) :** उड़ीसा कटक में जवाहर लाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल सब जूनियर ताइक्कांडो चैंपियनशिप में एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया करनाल की बेटी आरवी मदान ने अंडर 38 किलो वर्ग भार में भाग ले कर कड़ी मेहनत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 17 राज्यों से आए खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा कर के ब्रोज मेडल हासिल कर पुरे हरियाणा का नाम भारत देश में रौशन किया इसी खुशी में एसके मार्शल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा द्वारा बेटी को 1 सितंबर को कल शाम 5 बजे बसंत विहार रोड नियर पेट्रोल पंप के पास फूल मालाओं व ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके



पर मुख्य अतिथि के रूप में एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा पहुंचे सभी अतिथियों व मास्टर सतीश कुमार राणा द्वारा खिलाड़ी को फूल माला पहनकर सम्मानित किया गया और उसके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बेटी को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी इस मौके पर सुधीर, पवन, वीरेंद्र, नवल किशोर, रवि, सुरेंद्र, विकास, जितेंद्र तिवारी, आकांक्षा, विभूति, डॉ सचिन, और सभी खिलाड़ी व अभिभावक गण मौजूद रहे। इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा ने बताया की बेटी खिलाड़ी आरवी मदान ने सबसे पहले फाइट में दिल्ली की खिलाड़ी को हराया दूसरी फाइट में उत्तराखंड की खिलाड़ी को हराया तीसरी फाइट में राजस्थान की खिलाड़ी से कुछ अंकों से पीछे रहकर ब्रोंज मेडल पर संतोष करना पड़ा बेटी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर पूरे करनाल हरियाणा का नाम रोशन किया। एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाना है खिलाड़ियों को सम्मानित करना बहुत जरूरी है जिससे खिलाड़ी सम्मान पाकर वह और भी अधिक कड़ी मेहनत कर अपने देश के लिए खेल में भाग लेकर मेडल लाने की कोशिश करता है और इस प्रकार के सम्मान से और भी खिलाड़ मोटिवेट होते हैं सम्मान पाकर खिलाड़ी खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और अपने देश के लिए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर मेडल लाते हैं खिलाड़ियों का समय-समय पर सम्मान होते रहना चाहिए

# पहली ही बारिश में स्टेशन रोड का पेचवर्क उखड़ा, जगह-जगह गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा

**नरवाना, 2 सितम्बर ( नरेंद्र सिंहमार ) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकास रैली से पहले शहर की खूबसूरती दिखाने के लिए लाखों रुपये खर्च कर रेलवे स्टेशन रोड पर कराया गया पेचवर्क पहली ही बारिश में जवाब दे गया। चंद दिनों में ही सड़कों की परत उखड़कर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। बरसाती पानी भरने से गड्ढे नजर भी नहीं आते, जिससे वाहन चालक हर रोज हादसों के खतरे से गुजरने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि विभाग ने केवल खानापूर्ति करते हुए काली परत डाल दी थी। न गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया और न ही स्थायी निर्माण की



दिशा में कदम उठाए गए। नतीजतन, सड़क की हालत टूटी-फूटी और खतरनाक हो गई है। कई दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।निवासियों ने सवाल उठाया कि जब यह सड़क एक बारिश भी नहीं झेल पाई तो विभाग ने ठेकेदार को किस आधार पर पास कर दिया। उनका कहना है कि यदि कार्य गुणवत्ता से होता तो सड़क वर्षों तक चलती, लेकिन यहां तो कुछ ही दिनों में पोल खुल गई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल दिखावे का पेचवर्क बंद कर स्थायी निर्माण करवाया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई हो, ताकि जनता के पैसों की बर्बादी रोकी जा सके शहरवासियों का कहना है कि स्टेशन रोड शहर की प्रमुख सड़कों में से एक है, जहां से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। ऐसे में सड़क का बार-बार उखड़ना न केवल सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि आम लोगों की जान के लिए खतरा बन चुका है।

बारिश में पैचवर्क उखड़ ही जाता है। बारिश और पैचवर्क का तो आपस में वैर है। जल्द ही इसको दोबारा से ठीक करवाया जाएगा। *- सतीश गर्ग, एक्सईएन, नगर परिषद*

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अंत्योदय की भावना से काम किया : मेयर रेनू बाला गुप्ता

*कहा : मनोहर लाल ने प्रदेश में बिना पर्ची और बिना खर्ची की व्यवस्था बनाई, जिससे आज मिल रहा युवाओं को रोजगार*

**करनाल, 2 सितम्बर ( संदीप रोहिला ) :** करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि यह हमारे लिए गौरवमयी क्षण हैं, मैं अभिभूत हूं कि यह कार्यक्रम करनाल में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश को आगे बढ़ाने का कार्य किया और अब देश को आगे बढ़ाने में भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अंत्योदय की भावना के साथ काम किया। हरियाणा में सुशासन की मिसाल कायम की। उन्होंने प्रदेश में बिना पर्ची और बिना खर्ची की व्यवस्था बनाई। इस व्यवस्था



के अंतर्गत आज युवाओं को रोजगार मिल रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत का सपना देखा है, उसे स्वच्छता से ही पूरा किया जा सकता है। इस सपने को पूरा करने के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल प्रयासरत हैं। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि यह परिषद शहरों की अच्छी व्यवस्था और शहरों को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है, इस विषय पर निरंतर चर्चा करती है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत किया। वहीं करनाल की निगम कमिश्नर डॉ. वैशाली शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से नि:संदेह नगर निगम के कार्यों को नई दिशा मिलती है और विकास की गति तेज होती है। इस मौके पर इंद्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, कालका की विधायक शक्ति रानी, एआईएमसी हरियाणा के अध्यक्ष कुलभूषण गोयल, एआईएमसी की चेयरपर्सन माधुरी पटेल, राज्यसभा सांसद एवं पूर्व चेयरमेन एआईएमसी नवीन जैन, पूर्व मंत्री एवं संगठन मंत्री उमाशंकर गुप्ता, मेयर रेनू बाला गुप्ता, करनाल नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, भाजपा नेता बृज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना व नवीन बत्रा, पार्षद संकल्प भंडारी, योगेंद्र शर्मा, सुधीर यादव, ममता सैनी, सुदेश रानी सहित देश भर से आए विभिन्न निगमों के महापौर मौजूद रहे।

## करनाल के लिए खुशी की बात : रामकुमार कश्यप


**करनाल, 2 सितम्बर ( संदीप रोहिला ) :** इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि उन्हें खुशी है कि यह आयोजन करनाल में हो रहा है। उन्होंने आयोजकों व सभी महापौर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को नौकरी दी। इसके अतिरिक्त भी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। परिषद के चेयरपर्सन माधुरी पटेल ने कहा कि उनका परिषद टीम भावना के साथ कार्य कर रहा है। हम किसी भी राज्य से हों लेकिन मिलकर एक दूसरे के बेहतर कार्यों पर चर्चा कर रहे हैं। हमारा मकसद सुरक्षित, सशक्त शहरों की नींव रखना है।

**एक देश- एक नगर निकाय एक्ट बनना चाहिए :** परिषद के संगठन महामंत्री उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि इस परिषद में हम एक दूसरे के अनुभव सांझा करते हैं। काम में आने वाली कठिनाइयों को दूर करते हैं। उन्होंने मांग रखी कि एक देश-एक नगर निकाय एक्ट होना चाहिए। नगर निकायों का अलग कैडर बनाना चाहिए, उन्हीं कैडर में उनकी ट्रांसफर हो। इसके साथ-साथ केंद्र की कोई योजना बनाएं तो उसकी चर्चा महापौर से की जाए। राज्यसभा सांसद व परिषद के पूर्व चेयरमैन नवीन जैन ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष अपनी मांग रखी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मेयर के कार्यकाल का एक समय नहीं है। कभी नगर निगम का चुनाव रेगुलर हो जाता है तो कभी निलंबित हो जाता है। ऐसे में महापौर का चुनाव समय पर होना चाहिए। जनता की सीधी जिम्मेदारी महापौर की होती है। महापौर को और मजबूत किया जाना चाहिए। इस दौरान कुलभूषण गोयल ने भी संबोधित किया।

# नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल वैन से कनीपला के 88 ग्रामीणों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**लाडवा, 2 सितम्बर ( राम गोपाल ) :** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से संचालित निशुल्क मेडिकल वैन सोमवार को गांव कनीपला में पहुंची। यहां दर्जनों मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान टीम ने मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक टेस्ट किए गए। मरीजों की जांच के बाद उनमें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। डॉ. पूर्णमल एवं ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। मेडिकल वैन के माध्यम से 88 मरीजों की जांच की गई। ग्रामीणों ने सांसद नवीन जिंदल का आभार जताते हुए कहा कि मेडिकल वैन के आने से उन्हें समय पर इलाज, लैब टेस्ट और दवाइयां घर के पास ही मिल जाती हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के लिए शहर जाकर अस्पताल पहुंचना मुश्किल होता है।

फाउंडेशन की मेडिकल वैन घर के पास आकर जांच करती है और दवाइयां भी देती है। यह ग्रामीण क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी मदद है। इससे समय व पैसा दोनों की बचत होती है। वैन में ब्लड, हीमोग्लोबिन और शुगर टेस्ट आदि निशुल्क हो रहे हैं। कुछ ही देर में टेस्ट की रिपोर्ट और दवाई भी मिल जाती है। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि नवीन जिंदल फाउंडेशन का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें और सुविधा या पैसे के अभाव में कोई व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे। इसी उद्देश्य को लेकर सांसद नवीन जिंदल ने पिछले एक वर्ष से अधिक समय से यह सेवा निरंतर चलाई हुई है। इस अवसर पर सरपंच सुखदेव सिंह, देशराज शर्मा जिला उपाध्यक्ष,पृथ्वी सिंह, शीशन शर्मा, राजकुमार, धर्मबीर, मुकेश आदि ने सांसद का आभार व्यक्त किया।



# लक्ष्यों और जोखिम सहनशक्ति के अनुसार करना चाहिए निवेश विकल्पों का चयन : विश्वदीप शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 2 सितम्बर ( सुदेश कुमार ) :** सेबी के मास्टर ट्रेनर विश्वदीप शर्मा ने कहा कि व्यक्ति को अपने निवेश में लक्ष्यों और जोखिम सहनशक्ति के अनुसार निवेश विकल्पों का चयन करना चाहिए। निवेश को विविध बनाएं, जैसे कि शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, और अन्य निवेश विकल्पों में निवेश करें। साथ ही निवेश नियमित रूप से करना चाहिए। हो सके तो इसके लिए हर महीने एक निश्चित राशि तय की जाए। अहम पहलू यह है कि निवेश की निगरानी करें और आवश्यकता अनुसार बदलाव करने का फैसला भी लेना चाहिए। सेबी के मास्टर ट्रेनर विश्वदीप शर्मा मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र में वित्तीय साक्षरता पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे।



प्रधानाचार्य जगमोहन के सानिध्य में प्रभारी वर्ग अनुदेशक करमचंद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सेबी के मास्टर ट्रेनर विश्वदीप शर्मा ने व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, बुद्धिमानी से निवेश और वित्तीय जोखिमों से बचने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय योजना, बजट और निवेश रणनीतियों के बारे में आवश्यक ज्ञान प्रदान करना था।

ऐसे में विश्वदीप शर्मा की आकर्षक प्रस्तुति और संवादात्मक सत्र ने छात्रों को अपने दैनिक जीवन में वित्तीय साक्षरता के महत्व को समझने में मदद की। प्रश्नोत्तरी सत्र में अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। छात्रों को वित्तीय साक्षरता के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।

# संगठित होकर ही ब्राह्मण समाज हो सकता है राजनैतिक रूप से भी मजबूत : कदम शर्मा



**बाबैन, 2 सितम्बर ( राजेश कुमार ) :** बाबैन अनाजमंडी विश्रामगृह में ईलाके के ब्राह्मण समाज के अग्रणी लोगों की बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ ब्राह्मण देशराज शर्मा रामपुरा ने की। इस बैठक में बाबैन इलाके के ब्राह्मण समाज की कमेटी का गठन किए जाने को लेकर विचार विर्मश किया गया। इस मौके पर ब्राह्मण नेता कदम शर्मा सुनारियों ने कहा कि समाज के लोग आपसी भाईचारा बढाऐं क्योंकि संगठित होकर ही समाज में जागरूकता बढती है। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही समाज के लोग एक दूसरे के करीब आऐंगे जिससे आपसी सहयोग की भावना बढेगी। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही समाज अपने अधिकारों की आवाज उठा सकता है और समाज हर क्षेत्र में अगे बढ सकता है। उन्होंने कहा कि संगठित समाज राजनैतिक रूप से भी मजबूत होता है जिससे समाज के हितों की रक्षा हो सकती है। इस मौके पर फकीर चंद शर्मा बाबैन, मंडल प्रधान विकाश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा बाबैन, आन्नद शर्मा जालखेडी, किरण शर्मा, शशीकांत शर्मा, कदम शर्मा, धनपत शर्मा, पूर्व सरपंच कृष्ण शर्मा झंडौला, दवेंद्र शर्मा डीग, सुभाष मोदगिल, मास्टर सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश बिंट, पूर्व सरपंच चेतन शर्मा, मुकेश शर्मा भगवानपपुर, रामफल शर्मा रामपुरा, डा. कुलविंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, रिंकु शर्मा ब्राह्मण समाज के अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# दाँतों की स्वच्छता पर भी ध्यान देना आवश्यक

चेहरे पर मुस्कांन हो, तो आपका व्यंक्तित्वो निखरकर सामने आता है लेकिन, आपके दांत अगर साफ न हों, तो मुस्कुकराहट शर्मिंदगी का कारण बन सकती है। जरा सी मेहनत और देखभाल आपके चेहरे पर ला सकती है एक मुस्कारन।



**मुंह की सफाई**

कुछ भी खाने पीने के कुछ देर बाद दांतों को अच्छी तरह से साफ करना न भूलें। ऐसा करने से दांतों में फंसी खाद्य वस्तुाएं निकल जाएंगी। साथ ही कैफीन उत्पाद, जैसे कॉफी और चाय आदि का सेवन कम करें क्योंकि इससे दांत पीले हो जाते हैं।

**दांतों की मालिश**

अगर आपको सफेद और मजबूत दांत चाहिए, तो इसके लिए अपने दांतों की दिन में दो बार नींबू के रस की म?ालिश करें। इसके लिए थोड़े से सरसों के तेल और नमक में नींबू का रस मिलाकर 3-5 मिनट तक दांतो को साफ करें। इसके बाद ब्रश कर लें। दांत तथा मसूड़ें, दोनों मजबूत हो जाएंगे।

**सफेद बाल इस प्रकार होंगे काले** --आजकल लोगों के बाल समय से पहले ही सफेद होने लगे हैं इससे उन्हें कई प्रकर की मानसिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके कई बार युवा अवसाद के भी शिकार हो जाते हैं और अपने बालों को फिर से काला करने के लिए तरह-तरह के उपाय करते हैं। मगर उन्हें लाभ नहीं मिलता।

हम सब जानते हैं कि बाल हमारी पर्सनैलिटी का सबसे अहम हिस्सा होते हैं। लेकिन आजकल देखा जा रहा है कि समय से पहले ही लोगों के बाल सफेद होने लगे हैं। फिर चाहे वो स्कूल में पढ़ने वाला छात्र हो या फिर कॉलेज जाने वाला। समय से पहले बालों के सफेद होने के कई कारण होते हैं। इसके पीछे काफी सारे तथ्य दिए जाते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जरूरत से ज्यादा मानसिक दबाव होने के कारण बाल सफेद हो जाते हैं। तो कुछ लोगों का मानना है कि अलग-अलग शैंपू या फिर तेल लगाने से ऐसा होता है लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि अगर आपके बाल पक गए हैं तो आप घरेलू उपाय कर बेहद सस्ते में इन्हें फिर से काला कर सकते हैं। आमतौर पर अधिकांश लोग बालों को काला करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं पर क्या आप जानते हैं कि कच्चा पपीता भी सफेद बालों को काला करने में बहुत सहायक होता है। विशेषज्ञों की मानें तो पपीते को पीसपर उसका पेस्ट बना लें और फिर उसके बाद उसे अपने बालों में लगा लें। कम से कम 15 मिनट तक उसे बालों में लगा रहने दें। इससे आपके झड़ते बालों को तो फायदा होगा ही साथ ही आपके सफेद बाल भी काले होने लगेंगे।

**प्याज भी है सफेद बालों का रामबाण इलाज**

प्याज के कई सारे फायदे होते हैं। हम इसे सब्जी में डालकर खात हैं। प्याज हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण रोल निभाती है। प्याज को पीसकर नहाने से 15-20 पहले बालों में लगाए और फिर नहाते वक्त धो लें। ऐसा हर रोज करने से आप महसूस करेंगे कि आपके सफेद बालों की संख्या कम होने लगी है और आपके बालों का रंग फिर से काला होने लगा है।

**बीट रुट से भी मिलेगा लाभ**

बीट रुट से भी बालों को काला करने में मदद मिलती है। बीट रुट को पीसकर उसे अपने बालों में लगे ले। कम से कम 15-20 मिनट तक उसे अपने बालों में लगा रहने दें। और फिर इसके बाद नहाते वक्त आप उसे धोल लें। ऐसा कम से कम 3-4 महीने लगातार करने से आपको महसूस होगा कि आपके सफेद बालों की संख्या में कमी आई है और आपके बाल फिर से काले होने लगे हैं। बीट रुट से बाल धोने का एक फायदा ये भी है कि आपके बालों को इससे बारगेंडी रंग भी मिल सकता है।

**इस प्रकार शुरुआत में कैंसर का पता चलेगा**

कैंसर एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जिसका इलाज बेहद ही मुश्किल और दर्दनाक है। कई तरह के कैंसर ऐसे भी होते हैं, जिनका कोई इलाज ही नहीं है। इसीलिए शुरुआत में ही लक्षणों को पहचानकर अगर हम डॉक्टर के पास जायें तो कैंसर की रोकथाम की जा सकती है। इसके लिए आपको थोड़ा सतर्क और जागरुक रहना पड़ेगा।

अगर आपको अक्सर सांस लेने में दिक्कत होती है और सांस लेते वक्त आवाज़ भी सुनाई देती है, तो यह फेफडे के कैंसर की शुरुआत के संकेत हो सकते हैं।

**सीने में दर्द और लंबी खांसी**

कैंसर के कई मरीज़ बाजू और सीने में दर्द की शिकायत करते हैं। ये ट्यूमर और रक्त कैंसर का संकेत हो सकता है।

**बार-बार संक्रमण और बुखार**

ल्यूकेमिया के शुरुआती दिनों में मरीज़ को बार-बार इंफेक्शन और बुखार होता है। ऐसा इसीलिए, क्योंकि शरीर में सफेद रक्त कणों की गिनती सामान्य नहीं रहती। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति भी प्रभावित होती है ऐसे में बुखार और संक्रमण बार -बार होने लगता है। गले का कैंसर होने पर मरीज़ को खाना निगलने में दिक्कत होती है। बांहों के नीचे या गर्दन पर सूजन लिम्फ नोड्स बीन्स की शेप में ग्लैंड्स होते हैं। कैंसर के शुरू होने पर यह सूज सकते हैं और अंडरआर्म के नीचे या गर्दन पर देखे जा सकते हैं।

**चोट लगना और खून निकलना**

ल्यूकेमिया के कारण लाल रक्त कण और प्लेटलेट्स में बदलाव हो सकता है, जिससे रक्त स्राव (ब्लीडिंग) का भी खतरा बढ़ जाता है।

हमेशा थकान रहना

जब शरीर ज़रूरत से ज़्यादा काम करता है, तब तो थकान होती ही है, पर थकान का हमेशा रहना भी कैंसर का संकेत हो सकता है।

पेट के निचले हिस्से में दर्द

कैंसर की शुरुआत में पेट के निचले हिस्से में दर्द रहता है और पेट फूला-फूला भी रहता है। यह ओवेरियन कैंसर का संकेत हो सकता है।

# डायबिटीज जनित रेटिनोपेथी की समय-समय पर जांच जरुरी

डायबिटीज से ग्रस्त लोगों में से लगभग 40 फीसदी डायबिटीज जनित रेटिनोपैथी से भी पीड़ित होते हैं। आंखों की देखभाल के लिए डायबिटीज जनित रेटिनोपैथी की जांच जरूरी है। डायबिटीज जनित रेटिनोपैथी स्मॉल ब्लड वैसल्स को नुकसान पहुंचने से होती है। ये ब्लड वैसल्स ही रेटिना को न्यूट्रि?शंस पहुंचाती हैं। क्षतिग्रस्त होने पर इनमें से रक्त और अन्य तरल पदार्थों का रिसाव होने लगता है, जिससे रेटिना के टिश्यूज़ में सूजन आ जाती है और नजर धुंधलाने लगती है। यह स्थिति आमतौर पर दोनों आंखों को प्रभावित करती है।



हालांकि डायबिटीज जनित रेटिनोपैथी हमेशा से ही डायबिटीज से जुड़ी एक बड़ी परेशानी रही है, लेकिन हाल के वर्षों में इसके मामलों में वृद्धि देखने में आ रही है। यदि समय पर उचित कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और अधिक खराब हो सकती है। डायबिटीज जनित रेटिनोपैथी को डायबिटीज पीड़ितों में अंधेपन का प्रमुख कारण माना जाता है। हालांकि, यह एक ऐसी स्थिति है, जिसे ठीक किया जा सकता है और होने से रोका भी जा सकता है।

कुछ कारक जो इस स्थिति को बढ़ाते हैं, उनमें प्रमुख हैं- ग्लाइसेमिक नियंत्रण में कमी, हाई ब्लकड प्रेशर और हाई कोलेस्ट्रॉल स्तर। ज्यादातर रोगियों में, डायबिटीज जनित रेटिनोपैथी आमतौर पर एकदम से पता नहीं चल पाती, यानी इसके लक्षण हल्के होते हैं। इस कारण से, डायबिटीज पीड़ित लोग इस बात से तब तक अनजान रहते हैं, जब तक कि रोग बढ़ नहीं जाता।

खोया हुआ विजन बहाल नहीं हो सकता। इसलिए, यह आवश्यक है कि डायबिटीज पीड़ित व्यक्ति रेटिनोपैथी का पता लगाने के लिए नियमित रूप से जांच कराते रहें। नजर खोने और कमजोर होने से रोकने के लिए शुरू में ही ध्यान देना महत्वपूर्ण है।

आई डिजीज़ की सूची में डायबिटीज जनित रेटिनोपैथी भी एक है। यह इंटरनेशनल एजेंसी फॉर दि प्रीवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस की प्राथमिकता सूची में भी सम्मिलित है।

हालांकि बीमारी बढ़ने के बाद ही इसके लक्षण दिखाई देते हैं, लेकिन कुछ सामान्य लक्षण भी हैं जैसे कि दृष्टि में धुंधलापन, आंखों के पास धब्बे, दोहरी दृष्टि और आंखों में दर्द। लेजर सर्जरी का इस्तेमाल करके अक्सर इसका इलाज किया जाता है, लेकिन डायबिटीज के प्रत्येक चरण में रेटिनोपैथी का उपचार एक अलग तरीके से किया जा सकता है।

## फिजियोथेरेपी का चलन बढ़ा

फिजियोथेरेपी का चलन आजकल बढ़ता जा रहा है। कई प्रकार की बीमारियों का उपचार इससे हो रहा है। घुटनों, पीठ या कमर में दर्द जैसे कई रोगों से बचने या निपटने के लिए बिना दवा खाए फिजियोथेरेपी के जरिये असरदार इलाज कराया जा सकता है।मौजूदा समय में अधिकांश लोग दवाइयों से बचने के लिए फिजियोथेरेपी की ओर रुख कर रहे हैं, क्योंकि यह न केवल कम खर्चीला होता है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव की आशंका न के बराबर होती है।

मांसपेशियों को सक्रिय करने का तरीका है फिजियोथेरेपी

प्रशिक्षित फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा व्यायाम के जरिए शरीर की मांसपेशियों को सही अनुपात में सक्रिय करने की विधा फिजियोथेरेपी कहलाती है। इसे हिंदी में भौतिक चिकित्सा पद्धति कहा जाता है। घंटों लगातार कुर्सी पर वक्त बिताने, गलत मुद्रा में बैठने और व्यायाम या खेल के दौरान अंदरूनी खिंचाव या जख्मों की हीलिंग के लिए फिजियोथेरेपिस्ट की सेवा लेने की सलाह खुद चिकित्सक भी देते हैं!



विशेजषज्ञों का कहना है कि सबसे पहले यह बताना जरूरी है कि केवल रोगी ही नहीं, बल्कि स्वस्थ्य लोग भी ठीक रहने के लिए फिजियोथेरेपिस्ट की सलाह ले सकते हैं। मौजूदा समय में फिजियोथेरेपी काफी लोकप्रिय हुई है। इसकी लोकप्रियता और भरोसे का कारण यह भी है कि बाकी इलाज पद्धतियों से अलग फिजियोथेरेपी उच्च पेशेवर लोग ही करते हैं। अस्थमा और फ्रैक्चर पीड़ितों के अतिरिक्त गर्भवतियों को भी फिजियोथेरेपी की सलाह दी जाती है। लगभग देश के हर बड़े अस्पताल में फिजियोथेरेपी की जाती है। वहीं, बुजुर्गों, मरीजों और कामकाजी लोगों के लिए घर तक फिजियोथैरेपी की सेवा पहुंचाने का भी चलन बढ़ा है। इसकी खास बात है कि फिजियोथेरेपिस्ट मरीज पर व्यक्तिगत तौर पर ध्यान देता है जो किसी हॉस्पिटल या क्लीनिक में संभव नहीं है। पेशवरों की निगरानी में व्यायाम कार्यक्रमों के चलन ने भी घर पर उपलब्ध होने वाली फिजियोथेरेपी सेवा की लोकप्रियता बढ़ा दी है।

**सत्र पूरे करें**-आपको फिजियोथेरेपी का लंबे समय तक फायदा मिले तो इसके सभी सत्र पूरे किए जाने जरूरी हैं। फिजियोथेरेपी शुरू करने से पहले उसकी अवधि की जानकारी ले लेनी चाहिए।

# खतरनाक भी साबित हो सकता है जोड़ों का दर्द

अक्सर लोगों को कमर में अकड़न, पीठ और जोड़ों में दर्द की शिकायत रहती है और वे इसे नजरअंदाज कर देते हैं पर ऐसा करना आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। अगर जोड़ों के दर्द के कारण आपकी रात में तीन-चार बजे आपकी नींद खुल जाती है और आप असहज महसूस करते हैं, तो डॉक्टर से सलाह लीजिए क्योंकि आपको स्पांडिलाइटिस की शिकायत हो सकती है। स्पांडिलाइटिस से हृदय, फेफड़े और आंत समेत शरीर के कई अंग प्रभावित हो सकते हैं।



स्पांडिलाइटिस को नजरंदाज करने से गंभीर रोगों का खतरा पैदा हो सकता है। इससे बड़ी आंत में सूजन यानी कोलाइटिस हो सकता है और आंखों में संक्रमण हो सकता है। स्पांडिलाइटिस एक प्रकार का गठिया रोग है। इसमें कमर से दर्द शुरू होता है और पीठ और गर्दन में अकड़न के अलावा शरीर के निचले हिस्से जांघ, घुटना व टखनों में दर्द होता है। रीढ़ की हड्डी में अकड़न बनी रही है। स्पांडिलाइटिस में जोड़ों में इन्फ्लेमेशन यानी सूजन और जलन के कारण तेज दर्द होता है।

वहीं नौजवानों में स्पांडिलाइटिस की शिकायत ज्यादा होती है। आमतौर पर 45 से कम उम्र के पुरुषों और महिलाओं में स्पांडिलाइटिस की शिकायत रहती है।

एंकिलोसिंग स्पांडिलाइटिस गठिया का एक सामान्य प्रकार है जिसमें रीढ़ की हड्डी प्रभावित होती है और कशेरूक में गंभीर पीड़ा होती है जिससे बेचैनी महसूस होती है। इसमें कंधों, कुल्हों, पसलियों, एड़ियों और हाथों व पैरों के जोड़ों में दर्द होता है। इससे आखें, फेफड़े, और हृदय भी प्रभावित होते हैं।

बच्चों में जुवेनाइल स्पांडिलोअर्थ्राइटिस होता है जोकि 16 साल से कम उम्र के बच्चों में पाया जाता है और यह वयस्क होने तक तकलीफ देता है। इसमें शरीर के निचले हिस्से के जोड़ों में दर्द व सूजन की शिकायत रहती है। जांघ, कुल्हे, घुटना और टखनों में दर्द होता है। इससे रीढ़, आंखें, त्वचा और आंत को भी खतरा पैदा होता है। थकान और आलस्य का अनुभव होता है।



स्पांडिलाइटिस मुख्य रूप से जेनेटिक म्युटेशन के कारण होता है। एचएलए-बी जीन शरीर के प्रतिरोधी तंत्र को वाइरस और बैक्टीरिया के हमले की पहचान करने में मदद करता है लेकिन जब जीन खास म्युटेशन में होता है तो उसका स्वस्थ प्रोटीन संभावित खतरों की पहचान नहीं कर पाता है और यह प्रतिरोधी क्षमता शरीर की हड्डियों और जोड़ों को निशाना बनाता है, जो स्पांडिलाटिस का कारण होता है हालांकि अब तक इसके सही कारणों का पता नहीं चल पाया है.

उन्होंने कहा कि जब जोड़ों में दर्द की शिकायत हो तो उसकी जांच करवानी चाहिए क्योंकि इससे उम्र बढ़ने पर और तकलीफ बढ़ती है। एचएलए-बी 27 जांच करवाने से स्पांडिलाइटिस का पता चलता है। एचएलए-बी 27 एक प्रकार का जीन है जिसका पता खून की जांच से चलता है। इसमें खून का सैंपल लेकर लैब में जांच की जाती है. इसके अलावा एमआरआई से भी स्पांडिलाइटिस का पता चलता है. स्पांडिलाइटिस का पता चलने पर इसका इलाज आसान हो जाता है। ज्यादातार मामलों का इलाज दवाई और फिजियोथेरेपी से हो जाता है। वहीं कुछ ही गंभीर व दुर्लभ मामलों में सर्जरी की जरूरत पड़ती है।

# शरीर को स्वस्थ रखना है तो रोगों पर कीजिए चौतरफा प्रहार

**- डॉ. अंशुल उपाध्याय**

अगर आप बीमार है, और इलाज ढूंढ रहे हैं तो आपको अपनी बीमारी पर चारो तरफ से वार करने की आवश्यकता है। कहने का तात्पर्य ये है कि, जब भी आपको मामूली बुखार, या सर्दी-खांसी होता है तो ,आप डॉक्टर के पास जाकर एलोपैथी दवाई ले आते हैं। और तीन-चार दिन में ठीक हो जाते हैं। उसके बाद फिर उसी रूटीन लाइफ में आ जाते हैं। परंतु वह तीन-चार दिन भी जब आप बीमार हुए थे तब आपका शरीर तो अंदर से कमजोर हो गया और फिर कुछ दिनों बाद वापस वही सर्दी खांसी आपको लौट कर आएगी। एलोपैथी तुरंत आराम तो दे देती है पर वो आपके मर्ज को सिर्फ दवा कर रखती हैं उसे पूरी तरह से ठीक नहीं करती। ठीक तो आपके शरीर को खुद आपका शरीर ही करता है। इसलिए अगर किसी भी बीमारी का आप जड़ से इलाज चाहते हैं तो अपनी दैनिक जीवन चर्या में कुछ चीजों को आपको शामिल करना होगा।

**व्यायाम-प्राणायाम बने जीवन का हिस्सा**

रोज प्रातः हल्का पैदल चलना या कुछ व्यायाम अवश्य करना चाहिए। उसके बाद मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्राणायाम भी अवश्य करें। यह हो गया शारीरिक और मानसिक व्यायाम। ये न केवल आपकी ओबेसिटी पर प्रहार करेगा बल्कि आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म भी बढ़ाएगा।

**भोजन को चुनने में रखे सावधानी**

आपको अपने भोजन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। हफ्ते में अगर आप दो दिन तला भुंजा खा रहे हैं तो 4 दिन सादा भोजन करे। हो सके तो हफ्ते में एक दिन 15 से 20 घंटे का उपवास अवश्य करें। इसके पश्चात भोजन में आप क्या ग्रहण कर रहे हैं, उस पर भी आपको ध्यान देना चाहिए। क्योंकि,जो अनाज आप खा रहे हैं वह विभिन्न तरह के रासायनिक छिड़काव होने के बाद आपको प्राप्त हो रहा है। अगर आप उसे खा रहे हैं तो बीमारियों को खुद निमंत्रण दे रहे हैं। इसके विपरीत यदि आप जैविक खेती के द्वारा उत्पन्न कीटनाशी मुक्त अनाज जिसको कि आप ऑर्गेनिक कहते हैं वह खा रहे हैं, तो उसके द्वारा बहुत सी बीमारियों की संभावनाओं को तो आपने वैसे ही दूर कर दिया है। क्योंकि जैसा खायेंगे अन्न वैसा ही रहेगाआपका मन कीटनाशी युक्त भोजन आपके पेट में जाकर आपको नुकसान ही पहुंचाता है, आपके शरीर में यूरिया की मात्रा को बढ़ा देता है। किडनी, लीवर की समस्याएं बढ़ाने वाला है। साथ ही साथ कई तरह के कैंसर सेल के विकास में भी यह कीटनाशी सहायता प्रदान करते हैं। इसलिए कोशिश करें कि भले थोड़ा महंगा अनाज खरीदे पर ऑर्गेनिक अनाज ही खरीदे और खाए। कीटनाशक युक्त अनाज और सब्जियां पाचन में भी अधिक समय लेते हैं। और वह जितने समय तक आपके शरीर के अंदर के फंक्शन में सफर करते रहते हैं,उतना ज्यादा उनके हार्मफुल इफेक्ट आपके शरीर को होते हैं जिनमें कब्ज, एसिडिटी की समस्या तो आम बन गई हैं।



**भोजन पकाने के बर्तनों पर भी दे ध्यान**

पीतल, तांबे के बटुए में बना हुआ भोजन ही खाएं। पीतल के बटुए को भीतर से रांगा की पॉलिश करवा लें इससे दही मट्ठेका भी अगर आप प्रयोग करके कुछ बना रहे हैं तो वह नुकसान नहीं करेगा। साथ ही एल्युमिनियम के बर्तनों को अपने किचन से निकाल दीजिए। बिल्कुल बहिष्कृत कर दीजिए। चाहे कढ़ाई हो, कुकर हो या भगोनी हो। क्यूंकि, एल्युमिनियम में ऐसा तत्व पाया जाता है जो आपकी याददाश्त को प्रभावित करता है और यह धीरे-धीरे आपके भूलने की प्रवृत्ति को बढ़ता जाता है। हमारे देश में पहले एल्युमिनियम का उपयोग नहीं किया जाता था। पर जब अंग्रेज भारत आए तो अपने साथ एल्यूमीनियम ले कर आए और उसका कारण ही यही था कि भारत के लोग जो इतने बुद्धिमान और सृजनशील थे तो इनके दिमाग को सुस्त करके इन पर राज कैसे किया जाए। इसलिए अंग्रेजों ने एल्युमिनियम के बर्तनों का चलन भारत में बढ़ा दिया । सस्ता होने के कारण लोग उन्हें खूब खरीदने भीलगे। अंग्रेज स्वयं तो पीतल, तांबे और सोने, चांदी के बर्तन उपयोग करते थे। कांच के और चीनी मिट्टी के बर्तन उपयोग करते थे। पर भारतीयों को उनके पीतल और कांसे से उन्होंने धीरे-धीरे दूर कर दिया। आज लगभग हर घर में आपको एल्युमिनियम के कढ़ाई, कुकर आसानी से देखने मिल जाएंगे जो कि आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है।

**एलोपैथी दवाइयों का उपयोग करें सीमित**

अगर आप स्वस्थ रहना चाहते है तो एलोपैथिक दवाइयो से भी थोड़ी दूरियां बना लें । थोड़ी बहुत सर्दी-खांसी के इलाज के लिए दो या तीन दिन तक तो आप कोई भी दवाई ना खाएं घर पर ही बना तुलसी-अदरक का काढ़ा पीए,जिसमें हल्दी-गुड़ का उपयोग भी कर सकते हैं। विटामिन सी युक्त पदार्थ नींबू , मौसंबी , आंवला का भी प्रयोग करते रहना चाहिए। जो भी जिस सीजन में आपको उपलब्ध हो। इस तरह से घरेलू उपाय कीजिए। यदि बहुत अधिक बड़ी कुछ समस्या है जिसका घर पर इलाज संभव नहीं है उसके लिए ही एलोपैथी की तरफ जाए कहने का तात्पर्य ये है की, जरा सा सर दर्द हुआ थोड़ा बॉडी एक हो रहा है, थोड़ी सर्दी खांसी हो गई फटाफट एलोपैथी गोली खा ली ये कितना आसान हैं पर इससे आपको एक या दो दिन में आराम तो मिल जाएगा पर उसके जो साइड इफेक्ट होंगे वह आपकी बॉडी के जो इंटरनल ऑर्गन्स है, उनको,आपकी नसों को ब्लॉक करने में और अन्य दूसरे बीमारियों को जनित करने में अपना योगदान निभाते रहेंगे।

**पीने के पानी पर भी दें ध्यान**

पानी से ही हमारा शरीर बना है और हमारे शरीर में पानी की मात्रा ही सबसे अधिक होती हैं। सो पीने के लिए हमेशा नेचुरल पानी का ही उपयोग करना चाहिए। प्लास्टिक की बोतलों में अगर पानी आप ले रहे हैं तो पहले इसे मटके में डालिए और उसके बाद उपयोग कीजिए और अधिक शुद्ध करना चाहते हैं तो ठंड के समय में तांबे-पीतल के घड़े में पानी राखिए इसके भीतर एक चांदी का सिक्का डाल दीजिए और गर्मियों के समय में मिट्टी के घड़े में पानी रखिए और इसके अंदर एक तांबे का और एक चांदी का सिक्का डाल दीजिए इसके बाद जो आप यह पानी पियेंगे तो यह पूरी तरीके से शुद्ध पानी होगा। जो आपके शरीर में जाएगा। आर.ओ. के पानी का पी.एच.भी समय-समय पर चेक करवाते रहें।

# अखाड़ा संगल वाला में श्रीचंद महाराज जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया



अमृतसर 2 सितम्बर (मधु राजपूर्त) श्री गुरु नानक देव जी के सुपुत्र श्री चन्द महाराज जी का पावन जन्मोत्सव श्री दिव्याम्बर मुनि जी की शत्रशाया में अखाड़ा संगल वाला चौक घंटा घर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आए हुए संत समाज के गणमान्य संतो ने श्री चन्द महाराज जी के जीवन पर सतवचन कहे मुनि जी ने कहा कि श्री चन्द महाराज जी का पावन जन्मोत्सव हर वर्ष संत जनों की शत्रछाया में मनाया जाता है। श्री चन्द जी महाराज अपने पिता श्री गुरु नानक देव जी के पदचिन्हों पर चलते हुए संसार को धर्म की राह पर चलने का उपदेश देते रहे और संसार को एक जोत सर्व व्यापकका संदेश दिया कि प्रभु एक ही है। उसके मिलने के रास्ते अलग हो सकते है।इस लिए मानव जाति को भी एक जोत के सिद्धान्त को मानते हुए आपस में सौहार्द और प्यार बढ़ाना चाहिए न कि नफरत हिन्दू,मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी एक ही ज्योति से उत्पन हुए है। इस जाति धर्म से उठ कर ही मानवता की सेवा करे इस अवसर पर विशाल लंगर भंडारे का आयोजन किया गया जिसे आई हुई संगतों ने प्रभु के प्रशाद को ग्रहण किया।



किशोर कुमार फैन्ज एवं चैरिटेबल क्लब सरहिंद द्वारा किशोर कुमार के 96वें जन्मदिव पर आयोजित संगीतमई संध्या में गायिका मैडम अरविन्द्र कौर को सम्मानित करते हुए क्लब के सरपरस्त श्री बलजीत सिंह, सुनील वर्मा ( ओपी ज्वैलर्ज सरहिंद )ए जगदीप टांडा विशेष सचिव हरियाणा सरकार तथा गायक विश्वनाथ मुखर्जी ।छाया एवं विवरण: जगप्रीत महाजन

# जालंधर में तेजी से फैल रही ये बीमारी, बढ़ रहे मरीजों के आंकड़े

जालंधर 2 सितम्बर (निस) वेस्ट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले न्यू गौतम नगर में डायरिया का प्रकोप थम नहीं रहा है और अब वायरल फीवर के मरीज भी बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। गौरतलब है कि लंबे समय से गंदगी और जाम सीवरेज की समस्या से जूझ रहे इस इलाके में डायरिया, उल्टी और दस्त जैसी बीमारियों ने जोर पकड़ लिया था। हलके के पार्षद गुरजीत सिंह घुमन ने बताया कि रविवार को भी लगभग 12 नए मरीज मिले, जिनमें से तीन को सिविल अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाकी मरीजों का इलाज स्वास्थ्य विभाग और सिविल अस्पताल की टीम द्वारा लगाए गए मेडिकल कैंप में किया जा रहा है। इस बीच, यह भी पता चला है कि अब वायरल फीवर के मरीज बड़ी संख्या में वार्ड में आ रहे हैं। मेडिकल कैंप में ऐसे मरीजों को दवाइयां भी दी जा रही हैं। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने भी रविवार को पार्षद गुरजीत सिंह घुमन को फोन करके वार्ड का हालचाल पूछा। पार्षद ने उन्हें बताया कि अभी तक बीमारी फैलने से किसी की मौत नहीं हुई है, लेकिन स्थिति जरूर बिगड़ गई थी, जिसे अब नियंत्रण में लाया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि चूंकि यह इलाका स्लम आबादी पर आधारित है, इसलिए यहां एक मोहल्ला क्लीनिक स्थापित किया जाना चाहिए। दूसरी ओर मेयर विनीत धीर ने रविवार दोपहर न्यू गौतम नगर का दौरा किया। उनके साथ पार्षद गुरजीत सिंह घुम्मन और निगम के अधिकारी भी मौजूद थे। मेयर ने निगम की टीमों द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों का जायजा लिया। निगम कर्मचारियों ने जहां सीवर की सफाई करवाई, वहीं उन्हें गंदे पानी की आपूर्ति से संबंधित एक खराबी भी मिली। पार्षद घुम्मन ने बताया कि न्यू गौतम नगर की एक गली में पानी की सप्लाई लाइन नहीं थी, जिसके कारण लोगों ने दूर-दूर से कनेक्शन ले रखे थे।

जब उस गली में नई पाइपलाइन बिछाई गई, तो लोगों ने पुराने कनेक्शन नहीं काटे। उन लाइनों में लीकेज के कारण दूषित पानी की आपूर्ति होने लगी और लोग बीमार हो गए। अब इस खराबी को ठीक कर दिया गया है।

# रेस्टोरेंट मालिक की हत्या मामले में खुलासा, इस बदमाश ने ली जिम्मेदारी

अमृतसर 2 सितम्बर (निस) अमृतसर के बटाला रोड पर देर रात दहशत पैदा करने वाली घटना सामने आई। यहां मोटरसाइकिल पर दो युवक आए, जिनमें से एक बाहर खड़ा रहा और दूसरा रेस्टोरेंट में घुस गया। जानकारी के अनुसार उन्होंने रेस्टोरेंट मालिक आशुतोष महाजन से पानी की बोतल मांगी और जब वह बोतल देने लगा तो उस पर लगभग छह गोलियां चलाईं। इनमें से तीन गोलियां उसे लगी जिस कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। आशुतोष को घायल अवस्था में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाया कि उन्होंने एक घंटे पहले पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस समय पर नहीं आई। उनका कहना है कि अगर पुलिस तुरंत कार्रवाई करती, तो अपराधी पकड़े जा सकते थे। दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया के जरिए इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने कहा है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाएगी।

# मोदी और नायब सरकार की उपलब्धियों से हताश कांग्रेस के नेता कर रहे हैं बेतूकी बयानबाजी : मोहन लाल बड़ौली




**भाजयुमो की बैठक में बोले बड़ौली -युवा हमारी ताकत, पंचकूला में भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक**

**पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलने वाले सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम किए गए तय**

**पंचकूला, 2 सितंबर ( सतीश मंगला ):** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा के संगठन की ताकत है। उन्होंने कहा कि हमें संगठन को और अधिक मजबूत करना है। बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चलने वाले सेवा पखवाड़ा में युवा मोर्चा का बहुत बड़ा योगदान रहने वाला है। ये बातें बड़ौली ने मंगलवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में युवा मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश, भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व और युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले कार्यक्रमों की योजना-रचना पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। हर वर्ग के लोगों को मोदी और नायब सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों से कांग्रेस हताश और निराश है, इसलिए कांग्रेस के नेता बेतूकी बयानबाजी कर रहे हैं। बैठक में उन्होंने मोदी सरकार और नायब सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। बैठक के बाद श्री बड़ौली ने कहा कि छह मोर्चों और सभी विभागों व प्रकोष्ठों की बैठकें हो चुकी हैं। आज की बैठक में युवा मोर्चा के सभी जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि अब जिलावार मोर्चों और विभाग व प्रकोष्ठों की बैठकें 15 सितंबर तक संपन्न हो जाएगी। सेवा पखवाड़ा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा प्रदेश के सभी संगठनात्मक 27 जिलों में रक्तदान शिविरों का आयोजन करेगा। जिला स्तर पर स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्ति पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी। बड़ौली ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जिला व मंडल स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाएंगे। वोकल फॉर लोकल कार्यक्रमों के जरिए लोगों को स्वदेशी के प्रति जागरूक करेंगे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेवा पखवाडा के तहत प्रबुद्धजन व बुद्धिजीवी सम्मेलन होंगे साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पौधारोपण करेंगे। सेवा पखवाड़ा के तहत ही भाजपा के कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में पात्र लोगों की सहायता भी करेंगे।

# लीकेज बना मुसीबत! स्कूल के सामने तालाब बनी सड़क, राहगीरों की मुश्किलें बढ़ी



**रायपुररानी, 2 सितंबर ( देवेन्द्र सिंह ):** मौली से प्यारेवाला मार्ग पर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सामने सड़क पर बीते कई दिनों से पानी की पाइपलाइन में लीकेज हो रही है। इस वजह से सड़क पर लगातार पानी भर रहा है, जिससे स्थानीय लोगों और विशेष रूप से विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, स्कूल समय में जब छात्र-छात्राएँ विद्यालय पहुँचने के लिए इस मार्ग से गुजरते हैं, तो उन्हें कीचड़ और गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है। कई बार फिसलने की घटनाएँ भी हो चुकी हैं। जबकि बाइक और साइकिल सवारों के लिए यह रास्ता जोखिमभरा बन गया है। वहीं पैदल चलने वालों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि कई दिनों से लगातार बनी हुई है। हालांकि, जल आपूर्ति विभाग को इस बारे में पूर्व में भी सूचित किया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पानी का लगातार रिसाव न केवल सड़क की हालत खराब कर रहा है, बल्कि भविष्य में गंभीर दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने एकत्र होकर जल आपूर्ति विभाग रायपुररानी के अधीक्षण अभियंता को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है, जिसमें शीघ्र मरम्मत कार्य करवाने की माँग की गई है। ज्ञापन पर तरसेम लाल, जयपाल गुप्ता, राकेश बंसल, संजीव कुमार, निशांत, विशाल, विनोद कुमार सहित अनेक जागरूक नागरिकों के हस्ताक्षर हैं। इन सभी ने मिलकर विभाग से अपील की है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लीकेज को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करवाया जाए।

# संक्षिप्त समाचार

## लाकर सो रहे परिवार ने कभी नहीं सोचा था ऐसे आएगी मौत, पढ़ें पूरा मामला

पट्टी 2 सितम्बर (निस) पंजाब में 2 मासूम बच्चों के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। पट्टी के अंतर्गत आने वाले गांव लोहका में बीती रात हुई एक दुखद घटना में 2 मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि परिवार के 3 अन्य सदस्य बेहोशी की हालत में अमृतसर में इलाज करा रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि नवजीत सिंह, जो गांव में किराना की दुकान चलाता था और आटा चक्की का भी काम करता था। नवजीत सिंह कुछ मक्का खरीदकर घर के गोदाम में रख दिया था, जिसमें दवा भरी हुई थी। कल देर रात घर में लगे एसी ने जहरीली दवा को कमरे में खींच लिया। जिससे परिवार जल्दी उठ गया और पड़ोसियों को सूचना दी। परिवार को तुरंत तरनतारन ले जाया गया। जहां 2 मासूम बच्चों की मौत हो गई। इनमें 1 साल का लड़का जपमन सिंह और 3 साल की लड़की हरगुन की मौत हो गई और नवजीत सिंह, उसकी पत्नी मनप्रीत कौर और एक लड़की परनीत कौर अमृतसर में इलाज करा रहे हैं।

## रात अपने परिवार के साथ गहरी नींद में सो रहा था डॉक्टर, फिर जो हुआ दहल जाएगा दिल

भवानीगढ़ 2 सितम्बर (निस) स्थानीय शहर के सरकारी अस्पताल में तैनात डॉ. विक्रमपाल सिंह के सरकारी क्वार्टर में देर रात तीन अज्ञात लुटेरे घुस आए और तेजधार हथियारों की नोक पर डॉक्टर को घायल कर उनसे नकदी और सोने-चांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए। इस घटना की जानकारी देते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रमपाल सिंह ने बताया कि वह भवानीगढ़ के सरकारी अस्पताल में तैनात हैं और उनका आवास भी अस्पताल के अंदर बने सरकारी क्वार्टर में ही है। उन्होंने बताया कि कल देर रात जब वह अपने परिवार, पत्नी, दो बच्चों एक बेटी और एक छोटे बेटे के साथ अपने क्वार्टर में गहरी नींद में सो रहे थे, तभी रात करीब ढाई बजे तीन अज्ञात व्यक्ति अचानक उनके घर का दरवाजा खोलकर घर में घुस आए, उनके बेडरूम में गए और उनकी पत्नी की गर्दन पर तेजधार हथियार रख दिया और उनसे घर के अंदर नकदी और आभूषणों के बारे में बताने को कहा। इस बीच जब डॉ. विक्रमपाल ने उन्हें इस बारे में बताने से इनकार कर दिया, तो उक्त लुटेरों ने उनके सिर पर तेजधार हथियार से वार कर उन्हें घायल कर दिया और फिर उनकी पत्नी व बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उक्त लुटेरों ने घर के अंदर अलमारियों व अन्य सामान को खंगाला और घर में रखी नकदी व सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए।

## पंजाब के इस जिले के पावर ग्रिड में घुसा बारिश का पानी, बिजली सप्लाई ठप

खन्ना 2 सितम्बर (निस) खन्ना में भारी बारिश के कारण 66 केवी ग्रिड की दीवार टूट गई और बारिश का पानी ग्रिड में आ गया। इस कारण शहर की बिजली सप्लाई ठप हो गई। पानी निकालने के लिए बचाव कार्य जारी है। बिजली विभाग के एक्सियन अमन गुप्ता ने बताया कि जी.टी. रोड से ग्रिड में पानी आ रहा था। पहले थैले लगाकर पानी रोका गया। इसी दौरान दीवार गिर गई और पानी अंदर गया। इस कारण तुरंत बिजली सप्लाई बंद की गई। प्रशासन ने आकर मदद की और काफी हद तक बचाव किया गया। वहीं नगर परिषद के ई.ओ. गुरबख्शीश सिंह ने कहा कि बिजली विभाग की पूरी मदद की जा रही है।

# तिब्बती भाषा का विकिस्रोत शुरु करवाने के लिए दो दिवसीय वर्कशाप आयोजित



पटियाला 2 सितम्बर (निस) उर्दू विकिस्रोत शुरू करने के साथ-साथ पंजाबी विकिमीडियनज़ ने अब तिब्बती भाषा का विकिस्रोत शुरू करवाने के लिए हाथ बढ़ाया है। पंजाबी विकिमीडियनज़ यूज़र ग्रुप की ओर से आयोजित दो दिवसीय वर्कशॉप के दौरान तिब्बती विकिमीडियनज़ ने शामिल होकर इस संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि विकिस्रोत विकिमीडिया फाउंडेशन, अमेरिका का ज्ञान और शिक्षा की नि:शुल्क उपलब्धता को समर्पित ऑनलाइन लाइब्रेरी प्रोजेक्ट है, जिसे दुनिया की 80 भाषाओं में शुरू किया जा चुका है और अन्य भाषाओं में शुरू करने की प्रक्रिया लगातार जारी है। उर्दू विकिस्रोत शुरू करने के लिए भारतीय पंजाब के विकिमीडियनज़ पहले ही अपने प्रयास शुरू कर चुके हैं। इस संबंधी जानकारी देते हुए पंजाबी विकिमीडिया यूज़र ग्रुप के वालंटियर मीडिया इंचार्ज अमन अरोड़ा ने बताया कि सीनियर विकिमीडियन सतदीप गिल, आईआईआईटी हैदराबाद की प्रोग्राम आफीसर नितेश गिल और ग्रुप कोआर्डीनेटर कुलदीप सिंह बुर्ज भलाईके के नेतृत्व में पंजाबी विकिस्रोत पर काम करने वाले वालंटियर्स के लिए पटियाला में दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में %ओपन पेचा% नामक संस्था के दो वालंटियर देहरादून से तेनज़िन तेसवांग और कांगड़ा से बौद्ध भिक्षु चोडुप ने हिस्सालिया। %ओपन पेचा% इंटरनेट के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तिब्बती भाषा के प्रचार, प्रसार और विकास के लिए काम करने वाली एक संस्था है।

जून 2025 में ओपन पेचा ने सतदीप गिल के साथ तिब्बती भाषा का विकिस्रोत शुरू करने के बारे में प्रारंभिक बातचीत की थी। इसके बाद अगस्त 2025 में केन्या में हुई विकिमीडिया वर्ल्ड कांफ्रेंस के दौरान नितेश गिल ने ओपन पेचा के सदस्यों को इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने बताया कि तिब्बती भाषा का विकिस्रोत अभी शुरू नहीं हुआ है और ओपन पेचा संस्था इस संबंधी बुनियादी शर्तों को पूरा करने के लिए पंजाबी विकिमीडिया यूज़र ग्रुप की मदद ले रही है।कार्यशाला के समापन पर तिब्बती प्रतिनिधि तेनज़िन तेसवांग ने कहा कि इस वर्कशॉप ने पंजाबी और तिब्बती समुदायों के बीच एक साँझेदारी की शुरुआत की है, जो भविष्य में अंतर-भाषाई और अंतर-सांस्कृतिक संवाद के क्षेत्र में एक मिसाल साबित होगी। कार्यशाला के दौरान सतदीप गिल, नितेश गिल, कुलदीप बुर्जभलाईके, चरण गिल, जस्सू रूमी, तमनप्रीत कौर ने विकिमीडियनज़ को विकिस्रोत पर काम करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया।

# संत जगदीश मुनि जी महाराज ने बाढ़ प्रभावितों के लिए लगाया स्वास्थ्य शिविर

**10 सितम्बर तक चलने वाले शिविर में न्यूरो 108 हीलिंग सिस्टम शिविर से होगा निःशुल्क इलाज**



फाजिल्का 02 सितम्बर (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) पूरे देश में पिछले तीन दशकों से प्राकृतिक चिकित्सा सेवाएं दे रहे संत जगदीश मुनि जी महाराज ने बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों के प्रति समर्पण, श्रद्धाभाव और कर्तव्यनिष्ठा दिखाते हुए दस दिवसीय न्यूरो 108 हीलिंग सिस्टम शिविर शुरू कर दिया गया है जोकि बाढ़ प्रभावितों के लिये पूरी तरह से निशुल्क रहेगा। संत जगदीश मुनि जी महाराज ने कहा कि वो बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों की मदद से पीछे नहीं हटेंगे।जानकारी अनुसार निरोग जीवन संस्थान की तरफ से गांव बनवाला हनवंता के सामने जंडवाला खरता रोड़ पर स्थित आश्रम में न्यूरो 108 हीलिंग सिस्टम शिविर शुरू किया गया है जोकि एक सितम्बर से 10 सितम्बर तक चलेगा। इस शिविर में बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों का पूरी तरह से निशुल्क उपचार किया जायेगा।इस बारे में जानकारी देते हुए संत जगदीश मुनि जी महाराज ने बताया कि शिविर में न्यूरो हीलिंग 108 सिस्टम के तहत योग और नैचरोपैथी से बिना दवाई व इंजैक्शन के अलग अलग रोगों का इलाज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावितों के लिये यह 10 दिवसीय शिविर शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विशेष कैंप के समापन के बाद भी वो बाढ़ प्रभावितों व इलाका वासियों की सेवा व मदद से पीछे नहीं हटेंगे।संत जगदीश मुनि जी महाराज ने इलाका वासियों व बाढ़ प्रभावितों के प्रति समर्पण दिखाते हुए कहा कि वो बाढ़ प्रभावितों की मदद से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा बाढ़ प्रभावितों की यथासंभव मदद की जायेगी लेकिन दिखावा नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कुदरत के समक्ष सभी नतमस्तक हैं लेकिन सभी को बाढ़ के संकट में घिरे लोगों की मदद करनी चाहिए और परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करनी चाहिए कि यह संकट अतिशीघ्र खत्म हो जाए, जीवन सामान्य हो जाए और हर परिवार और हर व्यक्ति खुशहाल जीवन व्यतीत करे।

# रायपुररानी में बर्बाद हुई फसलें, अजय राजपूत ने किसानों को मुआवज़ा देने की मांग उठाई



**रायपुररानी, 2 सितंबर ( देवेन्द्र सिंह ) :** लगातार हो रही भारी बारिश ने रायपुर रानी क्षेत्र के किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। क्षेत्र के कई गाँवों में जलभराव के कारण धान, मक्का और अन्य फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। खेतों में पानी भरने से फसलें सड़ रही हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस स्थिति को लेकर हरिपुर के समाजसेवी एवं युवा किसान नेता अजय राजपूत ने प्रशासन और सरकार से तत्काल राहत कार्य शुरू करने की माँग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश किसान कर्ज लेकर खेती करते हैं और इस आपदा के कारण वे पूरी तरह टूट चुके हैं। राजपूत ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने समय रहते उचित कदम नहीं उठाए, तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पंचायत स्तर पर टीमें गठित कर फसल नुकसान का त्वरित सर्वेक्षण किया जाए, ताकि किसानों को जल्द से जल्द मुआवज़ा मिल सके। वहीं, स्थानीय किसानों ने भी सरकार से अपील की है कि उन्हें जल्द आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, जिससे अगली फसल की बुवाई समय पर की जा सके और उनकी आजीविका बची रह सके।

# संजय गांधी स्कूल के इशांत, यश शर्मा और शुभम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया क्वालीफाई



**लाडवा, 2 सितंबर ( रामगोपाल ) :** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल लाडवा के तीन छात्रों ने जिला स्तरीय भारोत्तोलन और निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया। कक्षा 11 के इशांत ने अंडर-19 में, लड़कों के 79 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। स्कूल के एक अन्य खिलाड़ी, कक्षा 10 के यश शर्मा ने अंडर-17 में, लड़कों के 79 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। कक्षा 11 कला के शुभम बाजवा ने ओपन साइट एयर राइफल निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। सभी खिलाड़ियों को स्कूल के प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों से भरपूर प्रोत्साहन मिला। स्कूल के प्रधान पवन गर्ग और सचिव रविंद्र बंसल ने खुशी व्यक्त की और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अन्य छात्र भी इन तीनों छात्रों की उपलब्धियों से प्रेरित होंगे और विभिन्न गतिविधियों में सकारात्मक रूप से भाग लेने के लिए आगे आएंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेन्द्र शर्मा ने तीनों विद्यार्थियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

# सफाई और स्वच्छता पर ध्यान दें, हमें सारा देश स्वच्छ बनाना है : मनोहर लाल

## अखिल भारतीय महापौर परिषद की 53वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

**जिन राज्यों की अच्छी व्यवस्थाएं हैं, उन्हें अपने राज्यों में भी लागू करवाएं महापौर**








**करनाल, 2 सितंबर ( संदीप रोहिला ):** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल मंगलवार को करनाल में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 53वीं साधारण सभा की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी सफाई और स्वच्छता पर ध्यान दें, हमें सारा देश स्वच्छ करना है। देश स्वच्छ होगा तभी हम कह पाएंगे कि भारत ने स्वच्छता में कमाल कर दिया। उन्होंने सभी महापौर से आह्वान किया कि पार्षदों के साथ मिलकर एक टीम बनाकर चलें। बिना भेदभाव के जिम्मेदारी के साथ शहरों को साफ और स्वच्छ बनाएं और आगे बढ़ाएं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे सभी महापौर को इस बैठक की बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के बाद तीसरी शहर की सरकार नगर निकाय होती है। देशभर में 5 हजार 20 शहर हैं, इनमें तेजी से शहरीकरण बढ़ रहा है। 1970 में शहरी आबादी महज 20 फीसदी थी, 50 साल बाद यह आंकड़ा 35 फीसदी था और एक अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले 15 साल में 50 फीसदी आबादी शहरी होगी। लोग रोजगार के नाते शहरों की तरफ बढ़ रहे हैं। यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि नए अवसरों, आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और बेहतर जीवनशैली की अपार संभावनाओं का प्रतीक है और हम सभी को इस दिशा में बेहतर समन्वय के साथ एक विकसित भारत की संकल्पना का निर्माण करना है। ऐसे में नगर निकाय शहरों में बेहतर सुविधाएं दें। आमजन को साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सभी सुविधाएं निरंतर मिलें और तकनीक को जोडक़र सुविधाओं को मुहैया करवाया जाए। इस मौके पर इंद्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, कालका की विधायक शक्ति रानी, एआईएमसी हरियाणा के अध्यक्ष कुलभूषण गोयल, एआईएमसी की चेयरपर्सन माधुरी पटेल, राज्यसभा सांसद एवं पूर्व चेयरमेन एआईएमसी नवीन जैन, पूर्व मंत्री एवं संगठन मंत्री उमाशंकर गुप्ता, मेयर रेनू बाला गुप्ता, करनाल नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, भाजपा नेता बृज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना व नवीन बत्रा, पार्षद संकल्प भंडारी, योगेंद्र शर्मा, सुधीर यादव, ममता सैनी, सुदेश रानी सहित देश भर से आए विभिन्न निगमों के महापौर मौजूद रहे।

**जिन राज्यों की अच्छी व्यवस्थाएं हैं, उन्हें अपने राज्यों में भी लागू करवाएं महापौर :** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिन राज्यों में बेहतर व्यवस्थाएं हैं, उन व्यवस्थाओं को महापौर अपने राज्यों में भी लागू करें। उन्होंने मेयर पद के लिए चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि यूपी में मेयर पद के लिए चुनाव होता था जबकि हरियाणा में ऐसी व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने इस व्यवस्था को बदला और मेयर के सीधे चुनाव करवाए। इस तरह की व्यवस्थाओं के लिए कानून राज्य सरकार द्वारा बनाए जाने हैं। उन्होंने हरियाणा से जुड़ा एक अन्य उदाहरण दिया, जिसमें पार्षद का 10वीं पास होना जरूरी था। हाईकोर्ट ने इस बिल पर स्टे कर दिया, सरकार सुप्रीम कोर्ट गई और 45 दिन बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला सरकार के हक में आया।

**शहरों की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य करें :** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हर शहर की अपनी व्यवस्थाएं हैं। कोई शहर धार्मिक है तो कोई औद्यगिक है। ऐसे में वहां की आवश्यकता और समस्याएं अलग-अलग हैं। ऐसे में व्यवस्थाएं भी ऐसी करनी पड़ती है। ऐसे में सभी जनप्रतिनिधियों को निरंतर शहरों की बेहतरी के लिए कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को अपनी अच्छी छवि बनाने के लिए भी जोर दिया।

**आमदनी ठीक होगी तो खर्च ठीक होंगे :** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नगर निकायों में केंद्र और राज्य सरकार फंड देती है। यदि इस संबंध में नगर निकाय सही से प्लॉनिंग करें और अपनी आमदनी ठीक करें तो खर्च भी ठीक होंगे। फिजूलखर्ची न करें। जितना आवश्यक है, उतना जरूर खर्च करें। नगर निकायों में वर्क कल्चर खड़ा करें। कर्मचारियों को तकनीक के साथ ट्रेनिंग दें। पर्यावरण संरक्षित करने के लिए भी कदम उठाएं। इसके साथ-साथ भविष्य की प्लानिंग करें। उन्होंने कहा कि अब देशभर के लिए आयोजित होने वाली स्वच्छता प्रतियोगिता के पैटर्न में भी बदलाव किया गया है। जो राज्य पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आएंगे, उन्हें अपने राज्य के सबसे निचले पायदान पर आने वाले नगर निकाय के साथ जोड़ा बनाकर अगली दफा प्रतियोगिता में हिस्सा लेना होगा। दोनों की रैंकिंग सुधरेगी तो ही स्वच्छता रैंकिंग में कोई स्थान मिल पाएगा।

# जलभराव से प्रभावित गांव कठवा ने मार्केट कमेटी शाहाबाद ने पहुंचाई सब्जियां

**शाहाबाद, 2 सितंबर ( रूबि ):** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जलभराव से प्रभावित गांव कठवा में मार्केट कमेटी शाहाबाद ने



सब्जियां पहुंचाई हैं। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की जरुरतों को देखते हुए सामग्री व अन्य वस्तुओं का प्रबंध किया जाएगा। इस व्यवस्था की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाने के लिए तीन से चार गांवों को एक-एक कलस्टर में बांटा गया है। प्रत्येक कल्स्टर पर एक-एक अधिकारी की डयूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मुखालय पर ही रहने के निर्देश दिए हुए हैं। इसके अलावा गांवों में हर स्थिति की नजर रखने के लिए ग्राम सचिव व पटवारियों को गांव में ही ग्रामीणों के बीच रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले की स्थिति अभी नियंत्रण में बने हुए हैं और प्रशासन द्वारा हर प्रकार की स्थिति से निपटने के इंतजाम किए गए हैं।

# हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत सभी जोन में चलाया जा रहा सफाई अभियान : डॉ. वैशाली शर्मा

**करनाल, 2 सितंबर ( रविन्द्र मलिक ):** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के



तहत निगम क्षेत्र के चारो जोन में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत सेक्टर 7-8 व सेक्टर 32-33 के डिवाईडर रोड तथा महाराजा अग्रसेन चौक से आई.टी.आई. चौक को जाने वाली सडक़ पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान डिवाईडर के आस-पास उगी घास को भी हटाया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक स्थानों की भी साफ-सफाई की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान, सार्वजनिक व जन शौचालयों की सफाई, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, जीरो वेस्ट कार्यालयों को लेकर, बाजारों की साफ-सफाई तथा हरा व नीला डस्टबिन को लेकर चेंकिंग, डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण व कचरा पृथक्करण करने जैसी विभिन्न गतिविधियां रोजाना चलाई जा रही हैं। गतिविधियों पर निगरानी के लिए अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार व मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्रचोपड़ा रोजाना शहर का दौरा करते हैं। इस दौरान अगर कहीं पर सफाई को लेकर खामी मिलती है, तो उसे दुरूस्त करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि निगम के मोटीवेटर डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण तथा गीला व सूखा कचरा अलग-अलग लेने को लेकर रोजाना वार्ड का दौरा कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त नागरिकों को घरेलू खाद बनाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। नागरिक सिंगल यूज प्लास्टिक व हानिकारक पॉलीथिन का प्रयोग न करें, इसकी भी अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ नागरिक खाने-पीने के बाद वेस्ट सामान को डस्टबिन में डालने के बजाए उसे इधर-उधर गिरा देते हैं। ऐसे लोगों को स्वच्छता का महत्व समझते हुए शहर की सफाई व्यवस्था में अपना सहयोग देना होगा। उन्होंने कहा कि शहर में मौजूद प्रत्येक वैंडर अपने पास हरे व नीले रंग का डस्टबिन रखे और उसमें गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करे। वेंडर्स रात्रि में स्टाल बंद करते समय आस-पास सफाई करके जाएं। उन्होंने कहा कि शहर तभी स्वच्छ होगा, जब प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी होगी।

# संकीर्तन महोत्सव में देर रात तक भक्ति रस में डूबा रहा शहर, तालियों की गड़गड़ाहट व जयकारों से गूंजा पंडाल

## श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ समापन

**विधायक कबीरपंथी समेत उद्योगपत्तियों, समाजसेवियों, गणमान्य लोगों का स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मान**





**तरावड़ी, 2 सितम्बर ( छाया शर्मा ) :** श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट तरावड़ी की ओर से रेलवे स्टेशन के पास नत्था सिंह नंगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में आयोजित संकीर्तन महोत्सव ने तरावड़ी शहर को भक्ति में सराबोर कर दिया। भव्य पंडाल में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा और देर रात तक तालियों की गड़गड़ाहट, झूमते-नाचते भक्तों और जय श्री श्याम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। भजन सम्राट कन्हैया मित्तल और सुप्रसिद्ध भजन गायिका साक्षी अग्रवाल ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम प्रेमियों को भाव-विभोर कर दिया। जैसे ही मंच से भक्ति सुर गूंजे, महिलाएं और युवा भक्त झूम उठे। भजनों पर नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने ऐसा माहौल बना दिया मानो खाटू नगरी स्वयं तरावड़ी आ गई हो। हारे के सहारे श्याम हमारे और श्याम तेरा बड़ा सहारा है जैसे भजनों ने हजारों की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं ने सिर पर चुनरियां लहराकर बाबा के दरबार में नाच-गाकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई तालियों की गूंज और जयकारों में शामिल होकर रातभर भक्ति रस में डूबा रहा। इस अवसर पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पंजाबी सभा प्रधान राजीव नारंग, नगरपालिका चेयरमैन विरेंद्र बंसल, राईस मिलर्स एसोसिएशन प्रधान नरेश बंसल, महासचिव राकेश हंस, उद्योगपत्ति रमेश गुप्ता, पंकज गोयल, आशू गोयल, बृजभूषण गोयल, गौशाला प्रधान राकेश गर्ग, समाजसेवी राजीव अरोड़ा, योगेश मिड्डा, प्रमोद बंसल, विनोद गोयल, रूशिल गुप्ता, विनित बंसल, चुनीत बंसल, अभिषेक बंसल, अशीष बंसल, सुनील गुप्ता, प्रतीक बंसल, प्रवीण गुप्ता, रमेश गर्ग, सुभाष गोयल, पवन मंगला समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट तरावड़ी के मुख्य संयोजक प्रमोद बंसल, विनित बंसल, अशोक बसंल एवं विनय गर्ग ने आए हुए उद्योगपत्तियों, समाजसेवियों, गणमान्य लोगों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। उन्होंने बताया कि यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि पूरे तरावड़ी शहर की सामाजिक और धार्मिक एकजुटता का प्रतीक है। सम्मानित किए गए लोगों ने भी कहा कि खाटू श्याम मंदिर का निर्माण और यह भव्य संकीर्तन महोत्सव तरावड़ी के लिए ऐतिहासिक क्षण है, और इसमें योगदान करना हर किसी के लिए सौभाग्य की बात है। वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ़ इंडिया के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरीश चावला ने तरावड़ी में आयोजित श्री खाटू श्याम महोत्सव में मंदिर निर्माण पर लखदातार परिवार का अभिनंदन करते हुए कहा कि भगवान श्री खाटू श्याम का आना तरावड़ी के लोगों के लिए सौभाग्य की शुरुआत है। उन्होंने श्री खाटू श्याम मंदिर के सरक्षक श्री प्रमोद बंसल, मुख्य सेवादार विनीत बंसल, अशोक बंसल, अभिषेक बंसल, चुनीत बंसल, प्रतीक, बंसल युवराज और अवि बंसल के इस महान कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस परिवार ने तरावड़ी के लोगों के लिए भाग्य के जो नए द्वार खोले हैं उससे उससे लोगों की किस्मत चमकेगी। मंदिर का पूरा श्रेय जी.वी. राईस एक्सपोर्ट के सी.एम.डी. प्रमोद बंसल, विनित बंसल के साथ-साथ श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट को जाता है। जिन्होंने कड़ी मेहनत ओर अथक प्रयास के चलते भगवान श्री खाटू श्याम के धाम के निर्माण में अहम भूमिका अदा की। उन्होंने तरावड़ी के सभी उद्योगपत्तियों का हृदय से धन्यवाद किया, जिन्होंने इस मंदिर के निर्माण में आर्थिक सहयोग दिया। इस अवसर पर चुनीत बंसल, अशोक बंसल, नंद किशोर खुराना, रजत गर्ग, नितेश मंगल, शिवांश मित्तल, अंकित गर्ग, पार्थ गोयल, बृजलाल गर्ग, अमन गर्ग, तंशुल गोयल, रोहित लामसर, विपुल गर्ग, सुमित गुप्ता, मुकेश गर्ग, शिवम बंसल, विजेंद्र सिंगला, मनोज गुप्ता, विजय रावल, संदीप गर्ग, रवि चावला, मोहन सिंगला, संजय सैन, गणेश मित्तल, मनोज पसरीचा, सुशील गर्ग, रामेश्वर जैन, राजेश पासवान, सुनील गर्ग व सुशील कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तरावड़ी में सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर नकेल, नगरपालिका ने काटे चालान

**तरावड़ी, 2 सितम्बर ( छाया शर्मा ) :** प्रदेश सरकार के स्वच्छता अभियान-2025 के तहत नगरपालिका तरावड़ी प्रशासन ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर



सख्ती दिखाई है। शहर में पॉलिथीन का प्रयोग करने वालों के चालान काटे जा रहे हैं। यह कार्रवाई करनाली गेट बाजार, पंजाबी मार्केट, शहीद भगत सिंह मार्केट समेत अन्य क्षेत्रों में की गई। इससे पहले नगरपालिका प्रशासन द्वारा दुकानदारों और नागरिकों से अपील की गई थी कि वे पॉलिथीन का प्रयोग न करें और उसकी जगह बायोडिग्रेडेबल थैलियों का इस्तेमाल करें। नगरपालिका मोटिवेटर राजवंती और परविंदर सिंह ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार लोगों को जागरूक किया था। नगरपालिका सचिव अजीत कुमार ने जानकारी दी कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पॉलीथीन का इस्तेमाल न केवल पर्यावरण को प्रदूषित करता है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वह नगर पालिका प्रशासन का सहयोग करते हुए इस मुहिम को सफल बनाएं।

# स्वच्छता संबंधित नियमों का पालन न किया तो होगी कार्रवाई : अनिल यादव

***स्पेशल ऑफिसर ने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा व मैरिज पैलेस संचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश***

**यमुनानगर, 2 सितंबर ( दिनेश कुमार ) :** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को नगर निगम के स्पेशल ऑफिसर (सेनिटेशन) अनिल कुमार यादव (एचसीएस) व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने शहर के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मैरिज पैलेस संचालकों की बैठक ली। बैठक में स्पेशल ऑफिसर ने सभी से स्वच्छता अभियान में निगम का सहयोग करने, अपने संस्थान व



आसपास के क्षेत्र को साफ रखने और स्वच्छता संबंधित सभी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमों का पालन न करने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी दी। सभी ने उन्हें स्वच्छता अभियान में निगम का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। स्पेशल ऑफिसर अनिल यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के हर शहर को स्वच्छ व साफ बनाने के लिए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 25 नवंबर तक निरंतर चलाया जाएगा। स्वच्छता अभियान को कामयाब बनाने के लिए हर शहरवासी की भागीदारी जरूरी है। इसलिए सभी होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट व मैरिज पैलेस संचालक भी इसमें अपना सहयोग दें। खाना खिलाने, शादी समारोह, जन्मदिन समारोह व अन्य आयोजनों में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। कचरे का निस्तारण करें। गीले कचरे से खाद तैयार करें। अपने संस्थान में स्वच्छता संबंधित नियमों का पालन करें। खुले में गंदगी न फैलाएं। अपने संस्थान से निकलने वाले कचरे को सड़क किनारे न डालकर निगम के वाहन में डाले। 50 किलोग्राम से अधिक कचरा निकलने पर स्वयं उसका निपटान करें। अपने संस्थान, दुकान के आगे सामान रखकर अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष सफाई अभियान, अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़कों के डिवाइडर को सुंदर बनाने व हर नाले व नाली की सफाई व अन्य व्यवस्थाएं होगी। जिससे शहर की सूरत बदलेगी। पहले लोगों व दुकानदारों को समझाया जाएगा। फिर कार्रवाई की जाएगी। खुले में गंदगी फैलाने वालों व सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त करने के साथ चालान किया जाएगा। उन्होंने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने संस्थान के शौचालयों, प्रांगण व अन्य स्थानों की सफाई कराए। पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाए। कार्यालय आने वाले सभी नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। नगर निगम के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दें। खुले में कचरा डालने वाले को टोककर सफाई कराए। सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करेंगे। यदि हम स्वयं अपने शहर को साफ रखेंगे तो जरूर हम अपने शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाएंगे।

CHARDIKLA TIME TV
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO. 1945
DD Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h Digital DTH Service CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dishtv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
in USA sling TELEVISION
dish CH. NO. 748-008
amazon fireTV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba Ent
SMART STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI FREE TV
EKOM FLIX
CHARDIKLA MEDIA NETWORK
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com